सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
27.06.2025

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 342 | * * नगर संस्करण। पेज :12



### नेत्रदान के बाद भगवान ने दिये दर्शन, आशीर्वाद लेने उमड़े भक्त
# आज रथ यात्रा, भगवान जायेंगे मौसीबाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 15 दिनों के एकांतवास के बाद गुरूवार को मंत्रोचारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान कर पूजा की शुरूआत हुई। भगवान ले दर्शन दिये और भक्त निहाल हो उठे। इसके साथ ही शुक्रवार को होवाली रथ यात्री की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे और भगवान के रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी तक ले जायेंगे। नेत्रदान अनुष्ठान एक पवित्र धार्मिक प्रक्रिया है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान के बाद नेत्र (आंखें) प्रदान की गयीं। नेत्रदान अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों की आस्था और उल्लास का दृश्य देखते ही बन रहा था। मंदिर को फूलों से सजाया गया, और 108 दीपों से भव्य मंगल आरती की गयी। 11 जून को महास्नान के बाद भगवान एकांतवास में चले गये थे। नेत्रदान पूजा के दिन भगवान अपने इस एकांत से बाहर आते हैं और आम भक्तों के समक्ष प्रकट होते हैं।

शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसकी तैयारियां महीनों पहले से शुरू हो गयी थी। मंदिर समिति के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर सवार किया जायेगा। रथारूढ़ होने से पहले भगवान का श्रृंगार, विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना, मंगल आरती और विशेष भोग का आयोजन होगा।

**भक्तों में उत्साह चरम पर :** शंख, घंटियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान की मंगल आरती की गयी। इस दौरान जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और स्तुति का आयोजन हुआ। भगवान को मालपुआ सहित विभिन्न मिष्ठानों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर समिति के अनुसार, भगवान रात 9:00 बजे तक दर्शन मंडप में विराजमान रहेंगे, इसके बाद वे मुख्य मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे।

# शुभांशु ने रचा इतिहास
### स्पेस स्टेशन पर रखा कदम, कहा-यह पूरे देशवासियों की यात्रा

### 14 दिनों बाद धरती पर लौटेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला समेत चारों अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) में प्रवेश कर चुके हैं। 28 घंटे की उड़ान के बाद पहुंचे अंतरिक्ष स्टेशन। एक्सिओम-4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का ड्रैगन कैप्सूल तय समय से 20 मिनट पहले ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ गया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला की मां ने डॉकिंग का लाइव प्रसारण देखा और भावुक हो गयीं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मेरी यह यात्रा पूरे देशवासियों की यात्रा है। इस मिशन का नेतृत्व भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कर रहे हैं। वे स्पेस सेंटर में कुल 14 दिन बितायेंगे। वहां पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने चारों नये सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एक्स-4 क्रू में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष भेजे गये हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट इस मिशन से जुड़े हैं, जबकि अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमान संभाल रही हैं। दो अन्य सदस्यों में हंगरी के टिबोर कापू और पोलिश अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नान्स्की हैं।



### भारत के लिए गर्व का पल

शुभांशु शुक्ला के पिता, शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, हमें बहुत खुशी हो रही है। डॉकिंग सफल रही, इसके लिए हम ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। यह देखकर हमें अपने बेटे पर बहुत गर्व है। यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है। यह एक बेहद महत्वपूर्ण चरण है। यह चरण जल्द ही सफलतापूर्वक पूरा हो और वे सुरक्षित लौटें, यही पूरेवासियों की कामना है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, हार्दिक बधाई हो!
एक्सिओम-4 की डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गयी है। पूरा विश्व उत्साह और उम्मीद के साथ देख रहा है। वहां जितने भी प्रयोग होने वाले हैं, उन सबकी सामग्री भारत में विकसित की गयी है, तो हो गया आत्मनिर्भर भारत।

### राष्ट्रपति ने अस्पताल जाकर हालचाल लिया, हेमंत समेत पूरा परिवार दिल्ली में
# गुरुजी की तबीयत बिगड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक सह राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन का इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। उनकी सेहत में कोई सुधार नहीं है। गुरुजी की सेहत की खबर मिलने के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनका हाल जानने खुद अस्पताल पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से उनके स्वास्थ्य को लेकर बात की। सीएम के छोटे भाई बसंत सोरेन भी वहां मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। झारखंड के पूर्व सीएम रह चुके शिबू सोरेन को किडनी की समस्या है। उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां नेफ्रोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ एके भल्ला की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। हालांकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अब तक स्वास्थ्य में विशेष सुधार नहीं हुआ है।



### सोरेन परिवार से विशेष लगाव

दरअसल, राष्ट्रपति बनने से पहले द्रौपदी मुर्मू जब झारखंड की राज्यपाल थीं, तब से उनका सोरेन परिवार से विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन उनको बुआ कहकर पुकारते हैं। बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी गुरुजी का हाल जानने अस्पताल गये थे और उनसे मुलाकात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। झारखंड के कई अन्य नेता भी गुरुजी का हालचाल जानने दिल ली पहुंचे हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञों की टीम लगातार उनके इलाज में जुटी हुई है।




### कार्टून कोना
### तीसरी आंख




# रांची समेत छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट
### झारखंड में दिखेगा लो प्रेशर का असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी और ओड़िशा एवं बंगाल से सटे तटवर्ती इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का असर झारखंड में भी दिखेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को झारखंड के दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गरज के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की भी संभावना है। रांची समेत जिन 6 जिलों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, वे हैं गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। यहां भारी बारिश की भी संभावना है। गुरुवार को भी राज्य में कई जगह गर्जन के साथ हल्के से मध्यम और कहीं-कहीं पर भारी बारिश भी दर्ज की गयी।
29 जून तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। कई इलाकों में भारी वर्षा, गर्जन और तेज हवा के झोंके चलने का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम केंद्र, रांची से के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक रामगढ़ जिले के गोला में 75 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। जामताड़ा में 71.2, रांची के नामकुम 69.2, सिमडेगा के बानो में 58, खूंटी के तोरपा में 40, लातेहार में 27, चाईबासा में 21.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुआ।

### सिल्ली से रेस्क्यू बाघ को पीटीआर में छोड़ा



**रांची।** सिल्ली से बुधवार को रेस्क्यू किये गये बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के जंगल में गुरुवार की सुबह 7 बजे छोड़ दिया गया। जंगल में छोड़े जाने के पूर्व डाक्टरों की टीम ने उसकी गहन जांच-पड़ताल भी की। वन विभाग ने बाघ का नामाकरण भी कर दिया। इसका नाम किला रखा गया। इसकी वजह यह है कि इस बाघ को पहले पलामू टाइगर रिजर्व के पलामू किला के आसपास देखा गया था। इसके बाद यह हजारीबाग, चतरा, गुमला और पुरुलिया तक गया था। वन विभाग की ओर से बाघ के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है।

### एससीओ की बैठक में भारत ने कहा, आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अनुचित
# आतंकी ठिकाने कहीं हो, निशाना बनायेंगे : राजनाथ

### बिना संयुक्त बयान के ही एससीओ की बैठक खत्म

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इससे एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किये बिना ही समाप्त हो गया। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के किंगदाओ में आयोजित रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद को लेकर भारत का स्पष्ट रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलता है। अब आतंकवाद के केंद्र भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो हम उन्हें निशाना बनाने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। बैठक में आतंकवादी गतिविधियों समेत आतंकवाद से निपटने के लिए कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के मामले में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। सदस्य देशों को एकजुटता के साथ इस खतरे की निंदा करनी चाहिए।



**आतंकवाद के पनाहगारों को दोषी करार दें :** भारत और चीन के अलावा एससीओ में पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। पाकिस्तान का परोक्ष उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमापार आतंकवाद को नीतिगत साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)

# लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के नहीं हो सकते पूरक : गिरिराज सिंह

- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करने के लिये कांग्रेस देश से माफी मांगे
- हेमंत सरकार सत्ता लोभ में आपातकाल से भी अधिक खतरनाक खेल को दे रही अंजाम




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरूवार को कांग्रेस पार्टी और हेमंत सरकार को आड़े हाथों लिया। श्री सिंह भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने देश पर इमरजेंसी थोपी। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को जानने की जरूरत है कि लोकतंत्र की जननी आखिर आपातकाल क्यों लगाया गया। क्यों लोकतंत्र को मारने की कोशिश की गयी। यह स्पष्ट है कि आपतकाल लगाने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी वंशवाद की उपज थी। लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के पूरक नहीं हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1971 में 24 अप्रैल को राज नारायण जी ने इंदिरा गांधी द्वारा चुनाव में धोखाधड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मुकदमे की सुनवाई करते हुये 12 जून 1975 को श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया। इधर, देश के अंदर कांग्रेस कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन गुजरात से शुरू होकर बिहार पहुंच गया था। न्यायालय के फैसले ने आंदोलन को बल दिया। ऐसी स्थिति में इंदिरा गांधी का तानाशाही चेहरा सामने आया। उन्होंने दोष मुक्ति तक पद से इस्तीफा देने का फैसला न कर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। लेकिन, 24 जून 75 को सुप्रीम कोर्ट ने भी इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला दिया। उन्होंने कहा कि वंशवाद की उपज इंदिरा गांधी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुये देश पर 25 जून 75 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फकरुद्दीन अली अहमद के हस्ताक्षर से आपातकाल थोप दिया। अटल, आडवाणी, राज नारायण, कड़िया मुंडा जैसे अनेक नेता गिरफ्तार किये गये। महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निरस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आज भले ही मस्जिदों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में फतवा जारी होता है। लेकिन, आपतकाल में मस्जिदों को भी नहीं बख्शा गया था।

पकड़ पकड़ कर नसबंदी की जा रही थी। आज की पीढ़ी को लोकतंत्र के काले अध्याय के विषय में जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 25 जून को देश भर में माफी सभा करके जनता से माफी मांगनी चाहिये।

## झारखंड में लड़नी पड़ेगी आजादी की तीसरी लड़ाई

श्री सिंह ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि यहां तो आपतकाल से भी भयावह स्थिति है। झारखंड जमाई टोला का राज्य बनता जा रहा है। झारखंड बारूद के ढेर पर बैठा है। उन्होंने कहा कि देश से घुसपैठियों को बाहर करने का काम किया जा रहा है। लेकिन, झारखंड में घुसपैठियों के लिये रेड कार्पेट बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अबतक पेसा कानून लागू नहीं किया है। जल जंगल जमीन पर अधिकार दिलाने का कानून है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, अजय शाह, वरूण साहू व लक्ष्मण सिंह भी उपस्थित थे।

# भाजपा के सांप्रदायिक राजनीति नहीं चलने वाली झारखंड में, देश में है अघोषित आपातकाल : विनोद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे अपनी सांप्रदायिक राजनीति को झारखंड की धरती से दूर रखें। इससे झारखंड प्रभावित नहीं होगा। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता ने पिछले चुनावों में भाजपा की साजिशों को करारा जवाब दिया है और अब तुष्टीकरण जैसे निराधार आरोप लगाने का उनका कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वहां की जनता त्रस्त है, फिर भी भाजपा नेता दूसरों पर उंगली उठाते हैं।

विनोद कुमार पांडेय ने आपातकाल को लेकर भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों को अनुचित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जेबी संस्था में तब्दील कर दिया है, जिनका उपयोग सत्ता के दुरुपयोग और विरोधियों को दबाने में हो रहा है। उन्होंने कहा, कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है, जहां कुछ लोग पूरे सिस्टम को अपने इशारों पर चला रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।

झारखंड की जनता जागरूक है और वह भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



कार्यालय-जिला आयुष समिति,चतरा
जिला संयुक्त औषधालय भवन (सदर अस्पताल परिसर) चतरा (झारखण्ड)825401
Email-chatraayush@gmail.com

—सूचना—

अभ्यर्थीयों को यह सूचित किया जाता है की विज्ञापन संख्या 1/आयुष पत्रांक सं0 155 दिनांक 30.04.2025 जिला आयुष समिति, चतरा के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर चयन हेतु दिनांक 15.05.2025 को आवेदन आमंत्रित किये गये थे सभी पात्र अभ्यर्थीयों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार Interview में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा । Interview हेतु निम्न प्रकार से तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित कि गई है।

| क्र.स. | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | समय | स्थान | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.07.2025 | 11:00 A.M | सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा के सभागार में। | Interview निर्गत टोकन नं0 के आधार पर होगा। |

अभ्यर्थीयों के लिए सामान्य जानकारी एवं निर्देश –
1 सभी मुल प्रमाण पत्र/दस्तावेज।
2 वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे वोटर कार्ड, आधार एवं इत्यादी)
3 शॉर्टलिस्ट अभ्यार्थी कि सूची जिला संयुक्त औशधालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कि जाएगी।
4 Interview हेतु चयनित अभ्यर्थीयों की सूची दिनांक 05.07.2025 को जिला संयुक्त औषधालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदशित कि जाएगी।
नोट: जो अभ्यार्थी दिनांक 09.07.2025 को Interview हेतु उपस्थित नही होगें उनकी दावेदारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृप्या सम्पर्क करें Email-chatraayush@gmail.com

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा
सिविल सर्जन, सह–अध्यक्ष योग प्रशिक्षक का चयन गठित कमिटि,चतरा

PR 356033 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



पीएम श्री स्कूल
जवाहर नवोदय विद्यालय–२
(नवोदय विद्यालय समिति की एक इकाई)
शिक्षा मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार
गाँव: लंगरकोट, पोस्ट: जपला
जिला: पलामू
राज्य: झारखण्ड पिन कोड: 822116

PM SHRI School
Jawahar Navodaya Vidyalaya-II
(A unit of Navodaya Vidyalaya Samiti)
Ministry of Education, Deptt. Of School Education & Literacy] Govt. of India
Village: Langarkot, PO. Japla
District: Palamu
State: Jharkhand Pin Code: 822116

PM SHRI

F.N. JNVST/JNVJPL/2025-26/242 Dated 25.06.2025

नामांकन सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि पी0 एम0 श्री जवाहर नवोदय विद्यालय–2,लंगर कोट, जपला पलामु (झारखण्ड) में सत्र 2026–27 के कक्षा छः में नामांकन हेतु पलामू जिले के 11 Block

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.BISHRAMPUR | 2.CHHATTARPUR | 3.HARIHARGANJ | 4.HUSSAINABAD | 5.PANDU | 6.NAUDIHA BAZAR |
| 7.UNTARI ROAD | 8.NAWA BAZAR | 9.HAIDERNAGAR | 10.MOHAMMADGANJ | 11.PIPRA | |

प्रखण्ड के किसी भी सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2025–26 में कक्षा पंचम में अध्ययनरत अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी, नवोदय विद्यालय समिति के अधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-VI चयन परीक्षा दिनांकः–13.12.2025 (शनिवार) निर्धारित है।

ऑनलाईन आवेदन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं जानकारी

- प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की जन्मतिथि दिनांक 01.05.2014. से दिनांक 31.07.2016 की बीच की होनी चाहिए।
- अध्ययनरत विद्यालय के प्रधानाध्यापक का निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण–पत्र।
- अभ्यर्थी का फोटो (10 KB-100KB in JPG format)
- ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29.07.2025
- 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।
- विस्तृत जानकारी हेतु हमारी विभागीय बेवसाईट www.navodaya.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- हेल्प डेस्क नम्बर

(1) श्री आशमुनी प्रसाद जे0 एन0 वि0 एस0 टी0 प्रभारी — 9470308911
(2) श्री सुनील कुमार कनीय सहायक —9161917856

ह0/—(अशहर रूमी)
प्रभारी प्राचार्य


# कृषि मंत्री ने किसानों को चार करोड़ की योजना का दिया लाभ

## झारखंड में दो साल बाद मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की शुरूआत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में दो साल बाद एक फिर से मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की शुरूआत की गयी है। स्थानीय खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में इस योजना के तहत 4 करोड़ रुपए का कृषि यंत्र वितरित किया गया। इसमें बड़ा ट्रैक्टर , मिनी ट्रैक्टर , सोलर पंप सेट , नॉर्मल पंप सेट सहित कृषि यंत्र का वितरण शामिल है। योजना का लाभ पाने वालों में महिला समूह की भागीदारी ने सभी को चौंकाया। विभाग के द्वारा महिलाओं को ट्रैक्टर का प्रशिक्षण दिया गया है। कृषि विभाग के भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना राज्य के किसानों को सबल बनाने और मजदूर के बजाय व्यापारी बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने मंत्री पद का कार्यभार संभाला है। गांव के किसान इसी योजना को शुरू करने की मांग कर रहे थे। आज इसकी शुरूआत कर दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को विभाग की योजना का लाभ लेने के लिए सजग और जागरूक बनने की नसीहत दी। इस योजना के तहत बड़ा ट्रैक्टर के लिए सरकार तरफ से 50 प्रतिशत की सब्सिडी तय की गई है, जबकि मिनी ट्रैक्टर के लिए विभाग ने 80 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया है। योजना का लाभ लेने के लिए योग्य लाभुक अपने एस्क्रो अकाउंट में अंशदान का भुगतान करना होगा। मंत्री ने किसानों को बिचौलिया से सावधान करते हुए कहा कि जब से योजना की शुरूआत हुई है बिचौलिया सक्रिय हो गए हैं। योजना दिलाने के नाम पर किसी भी प्रकार के फोन कॉल के झांसे में नहीं आना है। किसी भी व्यक्ति को उसके कहे गए नंबर पर ऑन लाइन भुगतान नहीं करना है। इस बात को गांव घर के लोगों को बताने की जरूरत है, ताकि राज्य का एक भी व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार न हो।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसानों के राज्य में विभाग के द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। किसान समृद्धि योजना से अब तक 21 सौ लाभुकों को आच्छादित किया जा चुका है, जबकि 8 हजार किसानों को इस योजना का लाभ देना है। इस योजना से किसानों के खेत का पटवन आसानी से हो पा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि कृषि मंत्री किसानों के हित में काम कर रही हैं। दूध उत्पादन, मछली पालन, गाय वितरण, मुर्गी पालन, बत्तख पालन के क्षेत्र विभाग अच्छा काम कर रही है। पिछले दो साल से बंद योजना की शुरूआत भी कृषि मंत्री ने कर दी है। सरकार के द्वारा सब्सिडी के आधार पर लाभुक योजना का लाभ ले सकते हैं। इस विभाग में गलत काम को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। मंच से बड़ा ट्रेक्टर के 32, मिनी ट्रेक्टर के 2 , सोलर पंप सेट के 2 , नार्मल पंप सेट के 55 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, संयुक्त सचिव रविशंकर विद्यार्थी, समेति निदेशक विकास कुमार, कार्यपालक निदेशक आरपी सिंह सहित जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी मौजूद थे।

# जेएसएससी पर दो लाख का हर्जाना, परीक्षा एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक करने के मामले में आरोपी कंपनी विंसेंट टेक्नोलॉजी को ब्लैक लिस्ट करने के झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के आदेश को खारिज कर दिया है। गुरुवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने फैसला सुनाते हुए जेएसएससी के ब्लैक लिस्ट करने के आदेश को खारिज करते हुए जेएसएससी पर दो लाख रुपये का हजार्ना भी लगाया है। अदालत ने कंपनी की बैंक गारंटी 61 लाख और 2.90 करोड़ के बिल को सात प्रतिशत ब्याज के साथ चार सप्ताह में देने का निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि सिर्फ पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर किसी कंपनी को आजीवन ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में परीक्षा लेने वाली एजेंसी विंसेंट टेक्नोलॉजी ने खंडपीठ में अपील याचिका दायर की थी। याचिका में जेएसएससी के उस आदेश को चुनौती दी गयी थी, जिसमें सीजीएल परीक्षा 2020-21 को आयोग ने पेपर लीक मामले में कंपनी को डिबार करते हुए काली सूची में डाल दिया है। कर्मचारी चयन आयोग ने अदालत को बताया था कि पुलिस की रिपोर्ट को देखते हुए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया है। पुलिस रिपोर्ट में स्पष्ट था कि कंपनी की संलिप्तता है। कंपनी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत को बताया कि वर्ष 2024 में पुलिस ने फिर से एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें यह लिखा है कि कंपनी के खिलाफ जो आरोप लगा था, उसमें सत्यता नहीं पाई गई है। जेएसएससी कंपनी के बिल का भुगतान भी नहीं कर रहा है।

इस पर आयोग की ओर से कहा गया कि कंपनी ने जो परीक्षा ली, उसे आयोग को रद्द करना पड़ा है। इस कारण बिल का भुगतान नहीं किया जा सकता। इस पर कंपनी की ओर से दिए गए बिल का सात फीसदी ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश आयोग को हाईकोर्ट ने दिया।

## खबर एक नजर में

### जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक : सीबीआई जांच मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि सीआईडी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। फिलहाल जांच जारी है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। गुरुवार को अदालत ने रिजल्ट जारी करने पर लगी रोक के पूर्व के आदेश को (स्टे) को अगली सुनवाई तक जारी रखने का आदेश दिया है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन उनके सहयोगी अधिवक्ता पीयूष चित्रेश, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

### पत्नी की मौत मामले में एसडीओ अशोक कुमार को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने रद्द की आपराधिक कार्रवाई

रांची। हजारीबाग के एसडीओ आवास में पत्नी अनिता देवी की जलकर मौत मामले में आरोपी पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। अशोक कुमार की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार और राम कुमार ने बहस की। बता दें कि अशोक कुमार ने आपराधिक कार्रवाई निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। वहीं अशोक कुमार के साले राजू गुप्ता ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

**एसडीओ आवास में झुलस गयी थी पत्नी अनिता देवी :** दरअसल पिछले वर्ष 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ आवास में अशोक कुमार की पत्नी अनिता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थी। उनको पहले इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ने पर उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी बीच एसडीओ की पत्नी के मायके वालों ने लोहसिंघना थाना में एक आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने पति पर जान से मारने का आरोप लगाया था। हालांकि बाद में इलाज के दौरान एसडीओ की पत्नी की मौच हो गई थी।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां केंद्रीय महाअधिवेशन कल

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां केंद्रीय महाअधिवेशन सीएमपीडीआई स्थित रवीन्द्र भवन में आहूत की गई है। इस महाअधिवेशन में 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं, महाअधिवेशन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। इस दौरान निजीकरण, मजदूर विरोधी चार श्रम कानून का विरोध, विस्थापितों को अधिकार, बन्दोबस्त भूमि का मुआवजा रैयतों को देने, मजदूरों और विस्थापित किसानों के अधिकार के लिए रणनीति बनाई जाएगी। मजदूर किसानों के अधिकार को लेकर 9 जुलाई को आहूत आम हड़ताल में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन भी शामिल होगा। महाअधिवेशन के दौरान अगले कार्यकाल के लिए केन्द्रीय समिति का भी पुनर्गठन भी किया जाएगा। इस आशय की जानकारी झारखंड कोलियरी मजदूर के महासचिव फागू बेसरा ने दी है ।

### गुरुजी से मिलने आज दिल्ली जायेंगे इरफान और बेला प्रसाद

**रांची।** झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी 27 जून को दिल्ली रवाना होंगे। दोनों वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात करेंगे, जो इन दिनों दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि गुरुजी की तबीयत कुछ दिनों से ठीक नहीं है और उनका इलाज जारी है।

### पूजा सिंघल की याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को बेटी का नामांकन विदेश में कराना है। दोनों ने अलग-अलग पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। सुनवाई 28 जून को जारी रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार अगस्त महीने में बेटी का नामांकन के लिए विदेश जाना है। अदालत की अनुमति के बाद ही देश छोड़ सकेंगे।

### छविरंजन समेत अन्य आरोपियों की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत अन्य आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 9 जुलाई निर्धारित की गई है। मामले में छवि रंजन, अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद और दिलीप घोष ट्रायल फेस कर रहा है।

### एसीबी कोर्ट में जमानत पर होगी पांच जुलाई को सुनवाई

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में गुरुवार को शराब घोटाले के आरोपी झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी से केस डायरी की मांग की। साथ ही, अगली सुनवाई की तारीख 5 जुलाई निर्धारित की है। एसीबी की टीम ने आरोपी को 21 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। उसने 25 जून को जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है।

# देवघर पहुंचे झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/ देवघर।** झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपनी खोई हुई जनाधार को प्राप्त करने के लिए सक्रिय प्रयास अभी से ही शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को देवघर में राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व झारखंड प्रभारी के. राजू ने जिला कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक और जिला स्तर के नेताओं को संगठन को और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**ग्रामीण स्तर पर कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य :** झारखंड प्रभारी के. राजू ने कहा कि संथाल क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति को और मजबूत करने के लिए ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि अगले दो महीनों में देवघर के सभी गांवों में जाकर नए कार्यकर्ता तैयार किए जाएं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर नए कार्यकताओं के शामिल होने के बाद वह स्वयं उनसे मुलाकात करेंगे। इस दौरान यह समझने का प्रयास किया जाएगा कि जिन लोगों का कांग्रेस के प्रति विश्वास कम हो रहा है, उसके पीछे के कारण क्या हैं।

**नियमित बैठकों से बढ़ेगा कार्यकर्ताओं का उत्साह:** के. राजू ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण स्तर पर बने कार्यकताओं के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। ऐसी बैठकों से न केवल कार्यकताओं में उत्साह बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग पार्टी के प्रति अधिक सक्रिय होंगे। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने की सलाह दी।

**नगर निकाय चुनाव की तैयारी :** बैठक में के. राजू ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी कार्यकताओं को कई सुझाव दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर कमेटियों के गठन पर जोर दिया, ताकि प्रत्येक वार्ड की समस्याओं को जिला स्तर के नेताओं तक और फिर राज्य सरकार तक पहुंचाया जा सके। इससे सरकार वार्डों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम करेगी।

बैठक में झारखंड प्रभारी के. राजू के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, मुन्नम संजय, दिनेश मंडल शहीद सहित कई स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

# चर्च और मदरसा वालों के डर से पेसा कानून लागू करने से डर रहे हैं सीएम हेमंत

**राज्य में पेसा कानून की उदासीनता पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार पर बोला हमला, पेसा कानून पर सीएम की चुप्पी पर उठाये सवाल**

**सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन आदिवासी समाज की संस्कृति और अधिकार की रक्षा सर्वोपरि, इसलिए पेसा कानून लागू करें सीएम**

**संथाल परगना में सैकड़ों एकड़ जमीन पर मदरसे और चर्च आबाद हो रहे, झारखंड में भी अब योगी बाबा के बुल्डोजर की जरूरत है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पेसा कानून को लेकर झारखंड सरकार की उदासीनता पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने गुरुवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून को लागू करने में टालमटोल कर रही है जिससे वे माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना कर रही है, जो लोकतंत्र और संविधान के लिए अत्यंत चिंताजनक है। रघुवर दास ने आरोप लगाया कि चर्च और मदरसा वालों के डर से हेमंत सोरेन आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी पेसा कानून लागू करने में डर रहे हैं। सीएम का डर है कि उनका वोट बैंक खिसक जायेगा।

रघुवर दास ने जोर देकर कहा, जिस तरह भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था, अब पेसा कानून के लिए एक बार फिर राजनीतिक उलगुलान करने की जरुरत है। रघुवर दास ने कहा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि झारखंड के आदिवासी समाज को गैर आदिवासियों से नहीं बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और धर्मान्तरण करने वाली शक्तियों से खतरा है। झारखंड में आदिवासियों को खत्म करने के लिए विदेशी शक्तियां बड़ा षडयंत्र कर रही हैं। आदिवासी समुदाय को सोचना चाहिए कि संथाल परगना में सीएम के बरहेट विधानसभा में सैकड़ों एकड़ में सरकारी जमीन पर अवैध मदरसे कैसे आबाद हो रहे हैं। सामुदायिक भवनों पर एक समुदाय विशेष ने जगह-जगह चोंगा लगा दिया है, और वहां नमाज पढ़ी जा रही है। इस लिए मेरा मानना है कि यूपी की तर्ज पर झारखंड में भी योगी बाबा के बुल्डोजर की जरुरत है ताकि सरकारी जमीन पर आबाद हो रहे मदरसों और चर्चों को जमींदोज किया जा सके।



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बताया कि 2024 में ही झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दो माह के भीतर पेसा कानून लागू करने का निर्देश दिया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। परिणामस्वरूप अब माननीय उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को अवमानना का नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता यह जानना चाहती है कि आखिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इतने कमजोर क्यों हैं। किससे डर रहे हैं। क्या आदिवासी मुख्यमंत्री होने का सिर्फ चुनावी इस्तेमाल किया गया। 2019 में आबुआ राजह्व और आदिवासी नेतृत्व के नाम पर वोट लिया गया, लेकिन अब जब पेसा कानून लागू करने का समय आया, तो सरकार चुप्पी साधे बैठी है।

संवाददाता सम्मेलन के दौरान रघुवर दास ने स्पष्ट किया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2018 में ही पेसा नियमावली को लेकर 14 विभागों के सचिवों के साथ बैठक हुई थी और सभी तैयारियां पूरी की गई थीं, लेकिन चुनाव और आचार संहिता के चलते प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान झामुमो-कांग्रेस सरकार ने 2023 में नियमावली का ड्राफ्ट तैयार कर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए थे, जिन्हें विधि विभाग और एडवोकेट जनरल ने वैध करार दिया है। अब सिर्फ इसे कैबिनेट में मंजूरी देना बाकी है। उन्होंने बताया कि अगर पेसा नियमावली लागू नहीं हुई तो 15वें वित्त आयोग की 1400 करोड़ रुपये की राशि लैप्स हो जाएगी, जिसका सीधा नुकसान राज्य के गांवों को होगा। कहा कि पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा को खनिज, वनोपज, बालू घाटों, तालाबों की नीलामी और अन्य स्थानीय संसाधनों पर कानूनी और आर्थिक अधिकार मिलेगा, जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि पेसा कानून भारत के उन राज्यों में लागू होता है जहां पाँचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्र घोषित हैं। ऐसे कुल 10 राज्य हैं। जिसमें 8 राज्यों में पेसा कानून लागू हो चुका है, जबकि केवल 2 राज्य ओडिशा और झारखंड बचे हैं। रघुवर दास ने कहा कि ओडिशा में 27 वर्षों से बीजेडी



की सरकार थी और वहां पेसा कानून लागू नहीं किया। झारखंड में 6 साल से आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, पर यहां भी पेसा कानून सिर्फ फाइलों में दबी है। श्री दास ने कहा कि पेसा कानून आर्थिक सशक्तिकरण के साथ झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और आदिवासी परंपराओं की रक्षा का एक सशक्त औजार है। कहा कि आज आदिवासी संस्कृति पर चौतरफा हमला हो रहा है।

## स्पीड न्यूज

### बाबा बर्फानी के दर्शन को आज होंगे रवाना

**जमशेदपुर।** सामाजिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्था श्री शिव शक्ति परिवार के तत्वावधान में 60 श्रद्धालुओं का एक भव्य जत्था कल शुक्रवार शाम 5 बजे टाटानगर रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होगा। इस धार्मिक यात्रा का नेतृत्व मिथिलेश शरण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का यह जत्था मार्ग में त्रिवेणी संगम स्नान, खाटू श्याम, मेहंदीपुर बालाजी, सरासर बालाजी तथा झारखंड महादेव के दर्शन करते हुए जम्मू पहुंचेगा। जत्थे में 40 पुरुष और 20 महिला भक्त शामिल हैं। यह जत्था 3 जुलाई को बालटाल बेस कैंप से पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए प्रस्थान करेगा और 6 जुलाई को टाटा लौटेगा। जत्थे में सबसे वरिष्ठ 70 वर्षीय बेचू राम गोंड हैं जबकि सबसे युवा 22 वर्षीय रंजीत हैं। महिला श्रद्धालुओं में रीता, प्रभा देवी, संगीता, रजनी सिंह, उषा देवी, गीता देवी और बबिता रानी शामिल हैं। वहीं पुरुष श्रद्धालुओं में बाबुसोना, बबलू शर्मा, पूनम चंद्र अग्रवाल, बिश्वनाथ, अनिल, कमलेश्वर, उमेश मंडल और अंकित आनंद समेत कई अन्य शामिल हैं।

### बड़ा गम्हरिया में रथ यात्रा तैयारी जोरों पर



**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया के मांझपाड़ा स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर जगन्नाथ मंदिर समिति की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है। शुक्रवार, 27 जून को आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर जगन्नाथ मंदिर में भगवान के रथ का मरम्मत व रंग-रोगन कर उसे भव्य रूप से सजाया व संवारा जा रहा है। बताया गया है कि विगत करीब सौ वर्षों से यहां रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। रथ यात्रा पूरे गम्हरिया क्षेत्र का भ्रमण कर शनिवार को मौसीबाड़ी स्थित मंदिर पहुंचेगी। उसके बाद आगामी 5 जुलाई को वापसी रथयात्रा निकाली जायेगी। इसकी सफलता में मंदिर समिति के जगन्नाथ कुंडू, सीताराम बेज, अरुण बेज, प्रेमचंद्र पाल, फटिक चंद्र कुंडू, पुजारी जगन्नाथ दास समेत सभी सदस्य जुटे हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल शिवनाथ प्रसाद की मौत

**गम्हरिया।** आदित्यपुर-कांड्रा मुख्यमार्ग पर आदित्यपुर थाना अंतर्गत लाल बिल्डिंग चौक गम्हरिया के पास बीते मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल धीराजगंज निवासी शिवनाथ प्रसाद (50) का इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह वे ऑटो से गम्हरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक ऑटो से सड़क पर गिर गये। उसी बीच पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया था।

### महिला सुरक्षा को कार्य स्थल में लागू करवायें



**गम्हरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम हेतु पोश अधिनियम 2013 को सख्ती से लागू करवाने की मांग की गयी है। बताया गया है कि सरायकेला-खरसावां जिले में आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है जहां हजारों छोटी बड़ी कंपनियां स्थित हैं।

# प्रभु जगन्नाथ का नेत्र उत्सव संपन्न आज धूमधाम से निकलेगी रथयात्रा

■ लौहनगरी समेत पूरे कोल्हान में रथयात्रा की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में रथयात्रा की तैयारियों को देर रात अंतिम रूप दे दिया गया। गुरुवार को भगवान का नेत्र श्रृंगार किया गया और इसके पश्चात भगवान ने अपने भाई-बहन के साथ भक्तों को दर्शन दिए। प्रभू जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी कल सुबह नौ बजे से मौसीबाड़ी से भक्तों को दर्शन देंगे। इसके पश्चात वे रथ पर सवार होकर दोपहर ढाई बजे नगर भ्रमण पर निकलेंगे। उनके पवित्र रथ को खींचने का सौभाग्य नगरवासियों को मिलेगा। जमशेदपुर में श्रीराममंदिरम्, बिष्टुपुर प्रांगण से इस्कॉन के नेतृत्व में रथयात्रा निकलेगी जबकि मानगो डिमना रोड, बेलडीह काली मंदिर, गांधी आश्रम बाराद्वारी समेत कई स्थानों से रथयात्रा निकलेगी। आयोजकों और प्रशासन ने सुरक्षित एवं उत्सवी माहौल में यात्रा निकालने के लिए तमाम तैयारियों को अंतिम रुम दे दिया है।

**जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी को लेकर सिटी एसपी पहुंचे आंध्र भक्त श्री राम मंदिर, बिस्टुपुर :** कल 27 जून को 2.30 बजे से आयोजित होने वाले जगन्नाथ रथ यात्रा 2025 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। आज सिटी एसपी कुमार शिवाशीष स्वयं आंध्र भक्त श्री राम मंदिर, बिष्टुपुर पहुंचे और रथ यात्रा मार्ग एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ, डीएसपी (पीसीआर) मनोज ठाकुर, ट्रैफिक डीएसपी, बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश ठाकुर, साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा, धार्मिक न्यास बोर्ड सदस्य जम्मी भास्कर, केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामनवमी समिति अध्यक्ष श्री आशुतोष सिंह, इस्कॉन के आयोजक श्री पद्नाभम प्रभु जी व चंद्रशेखर पर्वत जी तथा मंदिर समिति अध्यक्ष बी.डी. गोपाल कृष्णा, महेश राव, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मौके पर रथ यात्रा के रूट निर्धारण, भीड़ नियंत्रण, रथयात्रा के सड़क के ऊपर केबल के तारो, ट्रैफिक और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। अधिकारियों ने सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य श्री जम्मी भास्कर ने बताया कि प्रशासन की सतर्कता और समन्वय से रथ यात्रा इस वर्ष भव्य और अनुशासित ढंग से संपन्न होगी। जय जगन्नाथ! के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कल 2.30 बजे से रथयात्रा प्रारंभ होने का जमशेदपुर की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है।





उत्कल एसोसिएशन साकची में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान की आंखों में कुश की लकड़ी से काजल श्रृंगार करते पुजारी और श्रीराममंदिरम, बिष्टुपुर प्रांगण में रथयात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी के रथ को सजाते कारीगर।



## एक नजर में

### दुर्गा पूजा की धूम मचाने को तैयार आशियाना आदित्य, नयी समिति ने संभाल ली है कमान



**जमशेदपुर/ आदित्यपुर।** आशियाना आदित्य सोसाइटी में इस बार दुर्गा पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सोसाइटी के सभी निवासी भव्य आयोजन की तैयारी में जुट चुके हैं। इसी सिलसिले में एक महत्वपूर्ण बैठक क्लब हाउस में हुई, जिसमें पूजा आयोजन से जुड़ी प्राथमिक योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता अस्थायी समिति के प्रमुख मेजर सत्यनारायण ने की। सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा सांस्कृतिक रंगों से सजी और सामाजिक एकता को दशार्ने वाली होगी। नवगठित समिति में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शंकर गुरुनाथन को सौंपी गई है, जबकि उपाध्यक्ष बने हैं मोहन ठाकुर। महासचिव का पद शालिनी शर्मा को और संयुक्त सचिव का कार्यभार कुंदन कुमार को मिला है। मधुलिका कोषाध्यक्ष और सुरेश चौधरी सह-कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी के अन्य नाम : उमेश सिंह, दीपा, रानी मंडल, अर्चना अग्रवाल, प्रियांका, किरण, एसएस कुमार, विश्वास, श्राबणी पहाड़ी, बीके सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, सुजीत कुमार, एमके झा, समीक्षा तान, शर्मिता दलाल, अशिम कुंडू, अनामिका।

### सोना देवी विवि में चला नशा मुक्ति प्रतिज्ञा सत्र



**जमशेदपुर/घाटशिला।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सभागार में आज नशा मुक्ति हेतु प्रतिज्ञा सत्र आयोजित किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जेपी मिश्रा कुल सचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद तथा परीक्षा नियंत्रक कमलेश सिंह उपस्थित थे। विवि के अधिकारियों की उपस्थिति में सभी अधिकारियों शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण किया। कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी कभी भूल से भी किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वह दृढ़ संकल्प लें कि वह कभी भी नशा नहीं करेंगे तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। विवि के एनएसएस इकाई प्रमुख डॉ शिव चंद्र झा एवं एनएसएस इकाई से जुड़े सदस्य भी उपस्थित थे।

### भारत स्काउट एंड गाइड के कैडेटों ने नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली निकाली



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को पूर्वाहन 11:30 बजे से जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर के आम बागान, साकची स्थित जिला मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड (पूर्वी सिंहभूम) परिसर से जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ हुआ। इसमें जिला मुख्यालय से रैली निकाली गयी जो पुराना कोर्ट एवं उपयुक्त कार्यालय से होते हुए साक्ची गोल चक्कर पहुंचा वहां स्काउट गाइड बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक मंचन किया गया। इसके उपरांत यह रैली वापस जिला मुख्यालय लौट आया। इसे सफल बनाने में जमशेदपुर कार्मेल जूनियर कॉलेज, डी बी एस स्कूल और शासकीय विद्यालयों के लगभग 130 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला सचिव चंद्रमणि मोदी, जिला स्वास्थ्य विभाग से डॉ मौसमी चटर्जी, परामर्श कुंदन कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, कार्मल कॉलेज के स्काउट शिक्षक नीरज शुक्ला, डीबीएस स्कूल के स्कूटर धीरज कुमार ने पूर्ण सहयोग दिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नशा उन्मूलन दिवस पर वाईएमसीए में निकली रैली



**जमशेदपुर।** गुरुरवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर वाईएमसीए जमशेदपुर ने एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली वाईएमसीए परिसर, साकची से आरंभ होकर जिला उपायुक्त कार्यालय तक निकाली गई। इसकी अध्यक्षता वाईएमसीए के बोर्ड मेंबर श्री रौनक दास ने किया। मौके पर रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि सौरव तिवारी, प्रसिद्ध क्रिकेटर एवं सचिव, झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने झंडी दिखाकर किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, नशा हमारे समाज और युवाओं को खोखला कर रहा है। इससे दूर रहकर ही हम एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। रैली में वाईएमसीए के विजय जेवियर, माइकल मधु, नोरीन डेविड, अजित सर, लेनका मैडम एवं संग्राम रायका विशेष रुप से शामिल थे। इनके साथ प्रेम ज्योति प्रांगण के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। रैली का उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। रैली में रंग-बिरंगे पोस्टर, नारों और जनजागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष माइकल मधु ने किया।

### पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराता है : रणविजय सिंह

**जमशेदपुर।** हुड़लूंग स्थित जन औषधि केंद्र के संचालक लेफ्टिनेंट रणविजय सिंह ने बताया कि प्रधान मंत्री औषधि केंद्र में जनता के लिए सभी दवाइयां सस्ती उपलब्ध कराई जाती है । उन्होंने कहा कि सभी दवाइयों की कीमत एमआरपी से 50-90 प्रतिशत कम होती है। श्री सिंह ने यह भी बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय की माई भारत पहल अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है, जो युवा व्यक्तियों को व्यावहारिक कौशल और वास्तविक दुनिया के अनुभव से सशक्त बनाती है। ये कार्यक्रम सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटते हैं।

## झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति ने सभापति एवं बरही विधायक मनोज यादव की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर समिति के सदस्य विधायक सुखराम उरांव, नमन विक्सल कोंगाड़ी, अमित यादव तथा समीर मोहंती उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, डीडीसी नागेन्द्र पासवान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति ने योजनाओं की प्रगति, बजट उपयोग, पारदर्शिता एवं जनहित में क्रियान्वयन को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक धन का सदुपयोग सुनिश्चित करते हुए सभी योजनाएं तय समयसीमा के भीतर पूर्ण हों।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में मॉक यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

# पक्ष-विपक्ष से पेश की जोरदार बहस

■ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक पूर्णिमा साहू भी बनी गवाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय मे मॉक यूथ पार्लियामेंट (छात्र युवा संसद) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार की केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक श्रीमती पूर्णिमा दास साहू भी मंच पर उपस्थित थीं। इस युवा संसद में बीएड के विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संसद की कार्यवाही को यथार्थ रूप देने हेतु छात्रों को सत्तापक्ष और विपक्ष के दो दलों में विभाजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्रीमती पूर्णिमा दास साहू ने की, जो सदन की स्पीकर (अध्यक्ष) की भूमिका में थीं। युवा संसद की चर्चा का मुख्य विषय था 1975 की आपातकालीन स्थितिह्व। इस विषय पर सत्तापक्ष और विपक्ष के छात्रों के द्वारा विचार-विमर्श करते हुए तर्कपूर्ण एवं तथ्यात्मक बहस प्रस्तुत किया गया।



यूथ पार्लियामेंट का उद्घाटन करती अन्नपूर्णा देवी। साथ में विधायक पूर्णिमा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ जटाशंकर पांडेय व अन्य।

# सूर्यास्त से पहले और भूख से कम भोजन करने से इंसान रहता है स्वस्थ

■ गुजराती सनातन समाज परिसर में सप्ताहव्यापी योग शिविर का पांचवां दिन

■ स्वामी गोरखनाथ जी के मार्गदर्शन में लोगों ने अंतर्मौन का किया अभ्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर के वरिष्ठ सन्यासी स्वामी गोरखनाथ जी के मार्गदर्शन में गुजराती सनातन संघ में चल रहे, योग शिविर का आज पांचवां दिन था। आज के शिविर की शुरुआत स्वामी जी ने भजन से किया साथ ही अंतर्मौन का अभ्यास करवाया उन्होंने अंतर्मौन के अभ्यास में बताया कि मन में जो भी विचार उठ रहे हैं उसे दबाना नहीं है उसके उसके प्रति मात्र सजगता विकास करना है, जैसे-जैसे हम अपने विचार और भावनाओं के प्रति सजग होते जाते हैं, तब धीरे धीरे विचार उठना बंद हो जाता है शून्यता का अनुभव होता है। क्रोध और अन्य नकारात्मक भावों एवं विचारों को नियंत्रित करने में यह अभ्यास उपयोगी सिद्ध हो सकता है, इसके साथ ही स्वामी जी ने सांस लेते और छोड़ते हुए किसी एक मंत्र को दोहराने का अभ्यास कराया गया।



योगाभ्यास करवाते स्वामी गोरख नाथ जी।

## धूल फांक रही सैकड़ों व्हीलचेयर

## पोटका प्रखंड कार्यालय की लापरवाही पर भाजपा नेता दिनेश कुमार ने जतायी चिंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड कार्यालय परिसर में सैकड़ों व्हीलचेयर धूल फांक रही हैं, जिनमें से कई अब कबाड़ बनने की कगार पर हैं। ये दृश्य प्रशासनिक संवेदनहीनता और योजनाओं के लचर क्रियान्वयन का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। टैक्सपेयर्स की गाढ़ी कमाई से खरीदी गयी ये व्हीलचेयर उन दिव्यांगजनों तक नहीं पहुंच पायी हैं, जो वर्षों से इसके लिए जिला प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं का दरवाजा खटखटा रहे हैं। इस लापरवाही पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से तीखा हमला बोला है।

**जवाबदेही तय करने की मांग**



# एक्सएलआरआइ जमशेदपुर और एक्सेंचर के बीच हुआ एमओयू

■ इंडस्ट्री और एकेडमिक गैप को कम करने को मिलेगा नया आयाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ - जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर और वैश्विक प्रोफेशनल सेवाओं की अग्रणी कंपनी एक्सेंचर के बीच एक एमओयू किया गया। यह महत्वपूर्ण करार एक्सेंचर प्रतिनिधियों के एक्सएलआरआई परिसर दौरे के दौरान संपन्न हुआ, जो दोनों संस्थानों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ता है। दोनों के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक-शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

इस समारोह में एक्सएलआरआइ की ओर से निदेशक फादर एस. जॉर्ज, प्लेसमेंट एवं वित्त के प्रोफेसर प्रो. कनगराज ए, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो प्रो. सुनील सारंगी तथा अन्य सीनियर फैकल्टी उपस्थित थे वहीं एक्सेंचर की ओर से सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीएचआरओ लक्ष्मी चन्द्रशेखरन और स्ट्रैटेजी एंड कंसल्टिंग ग्लोबल नेटवर्क के इंडिया लीड सुरेश नंदुरु प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस साझेदारी की पहल प्रो. कनगराज ए. के नेतृत्व में की गई, जबकि इसके समन्वय और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एक्सएलआरआइ के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड-प्लेसमेंट रजनी रंजन ने निभाई।

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद टाटा ऑडिटोरियम में एक विशेष लीडरशिप टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें बीएम, एचआरएम , जीएपी प्रोग्राम के 1,000 से अधिक छात्र, फैकल्टी एवं स्टाफ ने हिस्सा लिया। इस दौरान लक्ष्मी चंद्रशेखरन और श्री सुरेश नंदुरु ने लीडरशिप इन ए डायनामिक एंड एआई-ड्रिवन वर्ल्ड विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत किया जिसमें आधुनिक नेतृत्व की व्यावहारिक चुनौतियां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापार और मानव संसाधन रणनीतियों पर प्रभाव, कंसल्टिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की भावी प्रवृत्तियाँ, करियर यात्रा, नेतृत्व मूल्यों और उद्देश्य-निर्देशित विकास की भूमिका पर अपनी बातों से सभी को अवगत कराया।



एमओयू के पश्चात दस्तावेज का आदान-प्रदान करते एक्सएलआरआई के निदेशक व एक्सेंचर की एमडी।

## स्पीड न्यूज

### मजदूर नेता की मां का निधन, शोक



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा निवासी सह मजदूर नेता सत्येंद्र पांडेय की मां कुंता कुंवर (102) का निधन गुरुवार अहले सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजहरा लब्जी नदी तट पर हुआ। निधन की सूचना मिलते ही आसपास के लोग व रिश्तेदारों ने उनके घर पहुंच श्रद्धांजलि दी। मौके पर केएन पांडेय, बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वीएन पांडेय, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बलराम तिवारी, डॉ पीएन तिवारी, रविन्द्र पांडेय, मनोहर मिश्रा ने उनके घर पहुंच शोक जताया।

### जिले के मैट्रिक पास विद्यार्थियों के लिए जेएनवी जपला में नामांकन का अवसर

**हुसैनाबाद पलामू।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2 लंगरकोट, जपला, हुसैनाबाद में सत्र 2025-26 में कक्षा 11 (विज्ञान) में रिक्त स्थानों में नामांकन को अभ्यर्थी ऑफलाइन आवेदन कार्यालय अवधि में ले सकते हैं। प्रभारी प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय कार्यालय से कार्य अवधि में फार्म लेकर 11 जुलाई तक विद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को 10 बजे है। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से 30 मिनट पहले पहुंचेंगे। परीक्षा विद्यालय में ही होगा।

### कुत्तों का शिकार होने से बचा हिरण का बच्चा



**मोहम्मदगंज।** वन क्षेत्र भौंराहा जंगल से भटक कर नीचे आ चुका हिरण का बच्चा गुरुवार को सुबह स्थानीय लोगों की तत्परता से आवारा कुत्तों के शिकार होने से बच गया। चार पांच कुत्ते उसे शिकार बनाने के उद्देश्य से दौड़ाने लगे। इसी बीच पूर्व मुखिया इंदु देवी और उनके पति कपिलदेव नारायण सिंह की नजर पड़ गयी और उन्होंने लोगों को खबर किया। इसकी सूचना वनरक्षी मिथुन रजक को दी। मिथुन-राजू रंजन ने उसे जंगल में छोड़ दिया।

### मैट्रिक के मेधावी किये गये सम्मानित



**मेदिनीनगर।** उत्क्रमित राजकीयकृत बालिका उवि चियांकी सदर मेदिनीनगर पलामू के छात्राओं को 2025 की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास करने पर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य अविनाश तिवारी और सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मुन्नी कुमारी, रश्मि कुमारी, पूजा प्रसाद, चंद्रकांती कुमारी, प्रमिला कुमारी, शिक्षक रविंद्र नाथ सिंह, संजीव तिवारी उपस्थित थे।

### दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। दोनों लंबे समय से फरार थे। गिरफ्तार अभियुक्त में अनिल डोम व लालबाबू चंद्रवंशी का नाम शामिल है। दोनों को भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि विश्रामपुर सोरडिहा के अनिल डोम व विश्रामपुर काबिलासी के लालबाबू चंद्रवंशी को जेल भेजा गया है।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में चला एंटी ड्रग स्क्वायड का जागरूकता अभियान



**बिश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में एंटी ड्रग स्क्वायड का जागरूकता अभियान संपन्न हो गया जिसके मुख्य अतिथि आईसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं कुल सचिव डॉ देवाशीष मंडल थे। एंटी-ड्रग से संबंधित विभिन्न कॉलेज के बच्चों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ चंद्रवंशी एवं डॉ मंडल ने बच्चों को मेडल व पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर डॉ जयप्रकाश, डॉ रविंद्र केसरी, डॉ आशीष राय, डॉ राजू, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ बंशीलाल, पंकज कुमार एवं कौशल किशोर नागर समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाने की अपील



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम आईएस ओमप्रकाश गुप्ता व एसडीपीओ आईपीएस एस मोहम्मद याकूब ने की। संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को लेकर चर्चा की गयी। एसडीएम आईएस ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यहां पर सभी पर्व-त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर जो मनाने की परंपरा रही है। उस परंपरा को कायम रखना आपलोगों का दायित्व है। मौके पर सीओ पंकज कुमार, एसआई मुकेश सिंह, बीरेंद्र राम, मुन्ना यादव, धर्मेंद्र सिंह, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, फायर ब्रिग्रेड के अशोक सिंह मौजूद थे।

### सीढ़ी से गिरकर गर्भवती की मौत

**हुसैनाबाद।** रामबिगहा के महावीर केशरी की पत्नी सोनी देवी (24) की घर की सीढ़ी से गिरकर मौत हो गयी। परिजन उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह वह घर की छत की सीढ़ी से नीचे उतर रही थी। इसी क्रम में उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उसकी शादी ढाई साल पहले हुई थी। एक डेढ़ साल की बच्ची भी है। घटना के बाद परिजन बेहाल हैं।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के मुंदरिया में ननिहाल आयी तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कह घटना सामने आयी है। जिसमें आरोपी अविनाश सिंह उर्फ पम्मी (27) पिता नीलेश्वर सिंह थंबवा, पोस्ट सलतुआ, थाना चैनपुर, पलामू गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पीड़ित परिवार ने लिखित आवेदन में बताया कि आरोपी मुंदरिया आया था। जिसके साथ पीड़ित के बच्ची के पिता को लेकर बाहर कमाने जाना था।

# निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान में दौड़ा पलामू

- मादक पदार्थों का सेवन गलत कार्य : उपायुक्त
- स्वास्थ्य व परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है नशा : पुलिस अधीक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन गलत है। जानकारी के बावजूद लोग इसके आगोश में आ रहे हैं। दूसरे की देखादेखी में लोग मादक पदार्थों नशा का सेवन करने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। देखते ही देखते नशे के आदी हो जाते हैं, जिससे बाहर निकलना बड़ा मुश्किल होता है। नशे की लत से खुद के स्वास्थ्य के साथ परिवार एवं समाज पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में सभी को नशे की लत से बचने की जरूरत है। उपायुक्त निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध चल रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान एवं विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस पर गुरुवार को पलामू में आयोजित मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहीं थी। समाहरणालय से पुलिस लाइन के लिए आयोजित मैराथन दौड़ को डीसी समीरा एस एवं एसपी रीष्मा रमेशन समाहरणालय भवन परिसर से संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

मैराथन दौड़ में स्वयं भी शामिल हुए। मैराथन दौड़ शहीद चौक, छह मुहान, अस्पताल चौक, भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) होते हुए पुलिस लाइन पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। सभा में नशा मुक्ति के दुष्प्रभाव से बचने हेतु सभी को मार्गदर्शन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जैसा अपने आसपास के लोग करते हैं। वैसा ही प्रभाव लोगों पर पड़ता है। ऐसे में सभी की जिम्मेवारी है कि लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मादक द्रव्यों की सेवन से कोई बड़ा व्यक्ति नहीं बनता है। उन्होंने मादक द्रव्यों का सेवन नही करने की अपील सभी से की। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ की समाप्ति पर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित सभा में मैराथन दौड़ में शामिल सभी पदाधिकारी, कर्मी, मीडिया प्रतिनिधि एवं आमलोगों को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति का अभियान हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज में यह संदेश फैलना चाहिए कि युवा एवं समाज के अन्य व्यक्ति नशा का सेवन नहीं करें। उन्होंने कहा कि नशे की सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य व परिवार पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही एक बार नशा की आदत बन जाने से निकालना बहुत ही मुश्किल होता है। उन्होंने पलामू में अवैध तरीके से अफीम की खेती होने पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि पलामू के कुछ प्रखंडों में अफीम की खेती होने की शिकायत मिलते रही है, जिसे पुलिस द्वारा नष्ट करने की लगातार कार्रवाई की जाते रही है। उन्होंने सभी से अपील किया कि अफीम की खेती नहीं करें। इससे उनके ही समाज एवं परिवार पर गलत प्रभाव पड़ता है।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं डीसी, साथ में हैं एसपी व अन्य।

### नशा मुक्ति की शपथ दिलायी

निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे जागरूकता अभियान के तहत मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व समाहरणालय भवन में उपायुक्त ने सभी उपस्थितों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी। सभी से देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए आज नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अन्तर्गत एकजुट होकर न केवल स्वयं को बल्कि समुदाय, परिवार, मित्र को भी नशा मुक्त कराने, अपने प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने की शपथ दिलायी।

### प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत

मैराथन दौड़ में शामिल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित सभा के दौरान उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शिल्ड एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। जिन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, उनमें बालक वर्ग में प्रथम रहे बाबूलाल चौधरी, द्वितीय कुंदन कुमार एवं तृतीय मुकेश कुमार शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में पूजा कुमारी प्रथम, रूपाली यादव द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे अंशु कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज 50 हजार से अधिक भक्त होंगे शामिल

- भगवान जगन्नाथ वर्ष में एक बार भक्तों के दर्शन के लिए अपना सिंहासन छोड़कर रथ पर विराजमान होते हैं : गौर धाम प्रभु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ श्रील प्रभुपाद को समर्पित इस्कॉन शाखा पलामू हरे कृष्ण निवास पुलिस लाईन रोड से भव्य जगन्नाथ रथयात्रा शुक्रवार को निकाली जायेगी। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रथयात्रा के पूर्व हरेकृष्णा निवास में बैठक की गयी। जिसमें उपस्थित लोगों को जवाबदेही दी गयी।

तत्पश्चात गौर धाम प्रभु ने प्रेस वार्ता कर बताया कि भगवान जगन्नाथ प्रधान मंदिर से अपना सिंघासन छोड़कर भक्तों के दर्शन के लिए वर्ष में एक बार रथ पर सवार होकर अपना आशीर्बाद भक्तों को देते हैं। ऐसे अवसर का लाभ तमाम मानव जाति को लेना चाहिए। कारण कि भगवान कृष्ण ही जगन्नाथ हैं। उनके रथ के रस्सी मात्र छू लेने से मनुष्य का जन्मों जन्मों का पान से मुक्ति मिलता है। उन्होंने कहा कि यह कोई पर्व नहीं है इस कलियुग में भगवान जगन्नाथ भक्तों को मुक्ति दिलाने के लिए अपने सिंघासन को छोड़कर मार्ग में आते हैं। जहां पर हजारों लाखों की संख्या में उपस्थित भक्त भगवान जगन्नाथ का दर्शन करते हैं।



जानकारी देते आयोजन समिति के पदधारी व अन्य।

रांची इस्कॉन के गोबिंद प्रभु ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त शुक्रवार को दोपहर में रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य का भागी बनें। ऐसा अवसर वर्ष में एक बार ही प्राप्त होता है इसलिए इस अवसर को लोग अपने हाथ से न जानें दें। रथ यात्रा के अध्यक्ष राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह ने कहा कि शुक्रवार को पुलिस लाईन हरेकृष्णा निवास से भगवान जगन्नाथ का महाआरती व पूजन कर रथ प्रारंभ किया जायेगा जो भारत माता चौक होते हुए छह मुहान, सदिक चौक, बेलवाटिका चौक, स्टेशन रोड, कचहरी चौक, रेड़मा चौक, बाईपास रोड होते बैरिया चौक, सुदना होते हुए डा अरूण शुक्ला रोड होते पुनः भारत माता चौक से हरेकृष्णा निवास पहुंचकर संपन्न होगा। इसके बाद संध्या में महाआरती होगी।

# कांग्रेस द्वारा देश में लगाया गया आपातकाल देश की आजादी की दूसरी लड़ाई थी : समीर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला के द्वारा सन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा देश में लगाए गए काले अध्याय आपातकाल का 50 साल होने पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की इंदिरा गांधी की सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश में आपातकाल लगाया। संविधान की मूल धारणा एवं लोकतंत्र की हत्या का वह दिन देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। देश कांग्रेस के कुकृतियों को कभी भूलेगा नहीं। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार में आकंठ डूबते हुए देश को गर्त में धकेलना का काम किया है। जिस कांग्रेस पार्टी ने और उनके तत्कालीन मुखिया श्रीमती गांधी ने देश को आपातकाल जैसा कलंक दिया आज उन्हीं की पार्टी के शहजादे संविधान की दुहाई देते फिर रहे हैं।



आपातकाल के समय मीसा बंदी के रूप में जेल गये प्रोफेसर कमलाकांत मिश्रा ने उन दोनों को याद करते हुए कहा कि आपातकाल की भीषण विभीषिका को हम लोगों ने झेला है। हम सब को उसे समय ऐसा लगा कि हम सब अभी भी गुलाम देश के वासी हैं सारे लोकतंत्र के अधिकार खत्म करते हुए देश की जनता के साथ जानवरों जैसा सुलूक किया गया। कार्यक्रम में जनसंघ काल के कार्यकर्ता एवं आपातकाल में जेल में बंद रहे प्रो कमलाकांत मिश्रा, अमलेश्वर दुबे, रविशंकर पांडेय को सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा, निवर्तमान मेयर अरुणा शंकर, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, मंगल सिंह, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अजय तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, ज्योति पांडे, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, श्वेतांक गर्ग, विपुल गुप्ता, श्रवण गुप्ता, जवाहर चंद्रवंशी, राकेश पाण्डेय, रंजीत पासवान, सुशील सिंह, विनोद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नदीपर, गोलापत्थर, झरीवा में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं, लोगों की बढ़ी हुई है परेशानी

- मसूम बच्चे पोषाहार से वंचित, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के मोहम्मदगंज टोला नदीपर, गोलापत्थर, झारीवा मे आगनबाड़ी केंद्र नही रहने से एक ओर जहां गरीब तबके के मासूम बच्चे पोषाअहार से वंचित है।वहीं दूसरी ओर जन्म प्रमाण और मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में घोर कठिनाइयों का सामना करने पर विवश है। इन दिनों जब तक आंगनबाड़ी सेविका अपने रजिस्टर में एंट्री किया हुआ जन्म, मृत्यु के तिथि मिलाकर और हस्ताक्षर मोहर करके नहीं देते हैं उस आवेदन को प्रखंड कार्यालय द्वारा हटा दिया जा रहा है। इन टोला पर आंगनबाड़ी केंद्र के लिए पंसस ममता देवी ने बीडीओ मोहम्मदगंज, सीडीपीओ हुसैनाबाद के साथ साथ स्थानीय विधायक संजय कुमार यादव के समक्ष भी मांग रख चुकी है। विधायक की पहल पर सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी सुपरवाइजर को बहुत जल्द आंगनबाड़ी सेविका चयन का करने का आदेश निर्गत किया। मगर अब तक अग्रेत्तर कार्यवाही अधूरी है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनने को लेकर पंसस ममता देवी ने आंगनबाड़ी सुपरवाइजर से तत्काल मोहम्मदगंज पंचायत के किसी आंगनबाड़ी सेविका को प्रभार देने की भी मांग की थी मगर इस पर भी कोई अमल नहीं हो सका।

## नशा समाज के लिए कोढ़ बन चुका है: थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मुख्यमंत्री एक्सीलेंस केजी स्कूल में नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान
- शहर थाना प्रभारी ने नशा उन्मूलन को लेकर छात्राओं को दिलायी शपथ

**मेदिनीनगर।** झारखंड में नशा उन्मूलन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले के सभी थाना व पिकेट स्तर पर छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान के तहत रैली, प्रभात फेरी समेत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसके तहत शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एक्सीलेंस केजी स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर थाना प्रभारी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्राओं को नशा उन्मूलन को लेकर शपथ दिलाया कि नशा न करेंगे न करने देंगे। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि नशा समाज के लिए कोढ़ बन चुका है। नशा के कारण जहां एक ओर घर परिवार बर्बाद होता है वहीं दूसरी ओर समाज भी दूषित होता है।



### बिजली मिस्त्री का ब्रेन हेमरेज, मदद की अपील



**मेदिनीनगर।** जेलहाता के बिजली मिस्त्री विश्वजीत कुमार सिंह ड्यूटी के दौरान ब्रेन हेमरेज हो गया। पल्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। ब्रेन का ऑपरेशन चिकित्सकों ने किया इसके बाद उन्हें होश नहीं आया है। अस्पताल प्रतिदिन 48 हजार का बिल दे रहा है। इसे देख परिजन ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी से मदद की गुहार लगायी है। बिजली मिस्त्री बिजली विभाग में कार्यरत हैं। परिजनों ने कहा कि विश्वजीत ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इलाज के दौरान विश्वजीत के पास जो पैसा था इलाज में खर्च हो गया। अब इनके पास पैसे नहीं बचें हैं कि इलाज करा सकें। परिजनों ने स्वास्थ्य मंत्री से इलाज कराने की मांग की है ताकि उनका जान बचाया जा सके।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान पर चार पहिया वहान एवं दोपहिया गाड़ियों की जांच की। जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक, बगैर हेलमेट, तथा बगैर लाइसेंस के और 01 ट्रिपल लोड थे जिसमें से 12 दोपहिया वाहन गाड़ियों को एवं 01 टेंपो सवारी गाड़ी को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी गाड़ियों को जिला परिवहन कार्यालय पलामू चलान फाइन हेतु भेजा गया है। 26 जून को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 12 दोपहिया वाहनों का चलान फाइन 21,300 रुपये आया एवं 06 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी का चलान फाइन राशि 8,900 रुपये आया है। टोटल 30,200 रुपये का चालान फाइन राशि का कागजात आया है।

### राजगढ़ से आज निकलेगी जगन्नाथ की रथ यात्रा



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के रथ यात्रा यश पूर्णिमा के दिन भगवान का स्नान होता है। इसके पश्चात भगवान अर्थ बीमारी अवस्था में निवास करते हैं। तत्पश्चात आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को भगवान को महाआरती के साथ 56 प्रकार के भोगों के साथ भोग लगाया जाता है एवं महाआरती की जाती है। 27 जून को रथ राज गढ़ से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा का दोपहर तीन बजे रथ यात्रा निकाली जायेगी। भगवान का छप्पन भोग एवं आरती में राज परिवार के विश्व देवनारायण सिंह, बलदेव नारायण सिंह विवेक भवानी सिंह, कुमार विक्रम, भवानी सिंह, सुनील सिंह, सूर्यांशु सिंह, चेतन सिंह, शिवनाथ प्रसाद, काशी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, दिनेश कश्यप, निर्मल प्रसाद कश्यप, आचार्य पुजारी मनोज मिश्रा, संतोष पाठक, रामजी मिश्रा, बादल मिश्रा, अजय पांडे, छोटू मिश्रा एवं अन्य श्रद्धालु आरती एवं 56 भोग में प्रसाद लेकर ग्रहण किया।

## मोहम्मदगंज में बारिश-धूप से उमस

**अनूप कुमार**

- कृषि कार्य को लेकर किसानों की व्यस्तता से बाजार की अर्थव्यवस्था लुढ़की

**मोहम्मदगंज।** आर्द्रा नक्षत्र में इस वर्ष अच्छी बारिश के संकेत से किसानों में पैदावार में बढ़ोतरी की आश जगी है। खेती के लिए शुभ नक्षत्र आद्रा में इन दिनों धान का बिचड़ा तेजी से जारी है। इन दिनों एक और झमाझम बारिश तो दूसरी ओर धूप निकलने का सिलसिला जारी रहने से उमस में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्र के 80 फीसदी भूभाग पर अब तक बिचड़ा किया जा चुका है। दलहन फसल की बोआई भी जारी है। कोयल नदी के जल स्तर बढ़ने के बाद से बड़े पैमाने मछली निकलने का सिलसिला भी अनवरत जारी है। आसानी से छोटी बड़ी हर किस्म के मछली मिलने का क्रेज सुदूरवर्ती इलाके तक तक अपनी पहचान बना चुका है।चौधरी की बड़ी जमात के कारण मछली आसानी मिल जाती है। यहां की मछली विगत सप्ताह से प्रतिदिन जपला भी पहुंच रहा है।



## दुष्कर्म के आरोप में दो अभियुक्त धराये

**छतरपुर पलामू।** छतपुर पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गयी है। पीड़िता के पति के देहांत के बाद वह अपने मायके में रह रही थी। 25 जून को अपने मौसी के घर गयी थी। लौटने में छतरपुर थाना क्षेत्र के बरडीहा के पवन साव पिता सीताराम साव व संजय माली पिता राज कुमार भगत ने जबरन उठाकर बगल वाले टूटे झोड़ी में ले जाकर पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया।

## अबुआ आवास का जियो टैग करने में लायें तेजी : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- उप विकास आयुक्त मनरेगा एवं ग्रामीण आवास की प्रगति की समीक्षा की

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन गुरुवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में मनरेगा एवं ग्रामीण आवास की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान के बाद 60 या उससे अधिक दिनों से लंबित प्लिंथ, लिंटर एवं पूर्ण आवास का जियो टैग अधिक से अधिक संख्या में करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वित्तीय वर्ष 2024 -25 अंतर्गत 1370 लंबित स्वीकृति गैप को 02 दिनों के अंदर समाप्त करने हेतु निर्देशित किया।



# ज्ञान निकेतन स्कूल की छात्राओं ने एसडीओ से की शैक्षणिक मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल के सीनियर वर्ग की छात्राओं का एक समूह सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा से उनके कार्यालय में मिला। यह एक शैक्षणिक मुलाकात थी, जिसमें छात्राओं ने सुश्री मीणा से कैरियर संबंधी प्रश्न पूछे। सुश्री मीणा ने उनके प्रश्नों के उत्तर दिये। साथ ही उन्होंने छात्राओं को यू.पी.एस.सी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आवश्यक है कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य के अनुरूप आगे की पढ़ाई में विषयों का चयन करें। चयनित विषयों का अध्ययन गंभीरता से करें तथा साथ में सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भी पढ़ें तथा वर्तमान घटनाओं को भी जानें। इन सभी कार्यों के लिए स्वाध्याय पर अधिक ध्यान दें। छात्राओं के साथ विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, उप-प्राचार्य अनीश पांडेय तथा शिक्षिका अनुराधा सिंह भी मुलाकात के समय उपस्थित थे। सुश्री मीणा ने अध्यक्ष बलिराम शर्मा के आग्रह पर छात्राओं को समय दिया था, जिसके लिए श्री शर्मा ने उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने सुश्री मीणा को विद्यालय में आने का निमंत्रण भी दिया।



एसडीओ से मिलते ज्ञान निकेतन स्कूल के शिक्षक व स्कूली बच्चे।

# हैदरनगर उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हैदरनगर पलामू।** नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय हैदारनगर छात्र -छात्रों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इनके साथ हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी तथा अवर निरीक्षक अमर सिंह ने अपने दल बल के साथ उपस्थिति रहे।

रैली का उद्देश्य नशे के प्रति समाज को जागरूक करना और युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है यह रैली शहर के भिन्न-भिन्न मार्गो से होते हुए हैदर नगर बाजार होकर भाई बिगहा होते हुए राजकीय उच्च विद्यालय मे सम्पन्न हो गयी इन प्रमुख स्थानों पर लोगों की भीड़ जुटी जो इस अभियान का हिसा बनकर नशा मुक्ति की सहमति और समर्थन व्यक्त कर रहे थे।

मौके पर छात्र छात्राओं के साथ पुलिस ने नारे बाजी करते हुए जागरूकता अभियान का संदेश दे रहे थे । हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि नशा हमारे समाज और युवाओं के भविष्य के लिए एक बड़ी चुनौती है हमे मिलकर इस बुराई को लेकर खड़ा होना होगा। राजकीय उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैजनाथ राम ने कहा कि यह जागरूकता अभियान सिर्फ एक पहल है। सामूहिक प्रयास से नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है।



जागरूकता रैली में शामिल पदाधिकारी व स्कूली बच्चे।

# डीसी के निर्देश पर सीओ के खिलाफ जांच शुरू



जांच के दौरान एसडीएम

### दुर्व्यवहार का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने मझिआंव प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ प्रमोद कुमार के खिलाफ लगाए गए घूस लेने और काम नहीं करने पर राशि मांगने के आरोप की जांच शुरू की। गौरतलब है कि सीओ पर आरोप है कि उन्होंने 50 हजार रुपये घूस के रूप में लिए थे और बाद में काम नहीं होने पर राशि की वापसी की मांग करने पर शिकायतकर्ताओं को मारने के लिए दौड़ाया। इस मामले में एसडीएम ने अंचल कार्यालय के कर्मचारियों से 20 जून को हुए हंगामे के बारे में जानकारी ली और आरोप लगाने वाले नरविंद कुमार एवं श्याम बिहारी साव से भी बात की। जांच के दौरान आरोपियों ने कहा कि उन्होंने किसी से भी दुर्व्यवहार नहीं किया, बल्कि उन्हें सीओ द्वारा दौड़ाया गया था। उन्होंने बताया कि सीओ ने राशि उनके ड्राइवर को देने को कहा था और 50 हजार रुपये देने के बावजूद जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया। आरोपियों ने यह भी बताया कि अंचल कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा सकती है, जिससे सत्यता का पता चल सकता है। एसडीएम द्वारा जब सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच करने की कोशिश की गई, तो उन्हें बताया गया कि कैमरा काफी समय से खराब है। जब उन्होंने प्रखंड कार्यालय में जाकर सीसीटीवी का जायजा लिया, तो पता चला कि कैमरे का पासवर्ड पूर्व के एक बीडीओ के पास था और वह पासवर्ड अब उपलब्ध नहीं है। इस पर एसडीएम ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इतने समय से सीसीटीवी कैमरा खराब पड़ा है और पदाधिकारियों ने इसे ठीक करने की कोई पहल नहीं की। इस मामले में एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने कहा कि जांच प्रक्रिया जारी है और जांच पूरी होने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# हत्या के नामजद आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



इश्तेहार चिपकाती पुलिस

### दी कुर्की की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र के टंडवा पंचायत निवासी नंदा पासवान, पिता पच्चू पासवान जो रमना थाना कांड संख्या 117/21 दिनांक 24/11/2021 के तहत दर्ज हत्या के मामले में नामजद आरोपी है, गिरफ्तारी के डर से लगातार फरार चल रहा है। इस गंभीर मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 506 (धमकी) एवं 34 (सामूहिक अपराध) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना को तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नंदा पासवान अब तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ है। रमना थाना के सब इंस्पेक्टर जय प्रकाश गुप्ता ने कई बार नोटिस भेज कर आरोपी को हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन आरोपी लगातार फरारी में रहा। अंततः माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस बल के साथ एसआई जय प्रकाश गुप्ता ने आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया और ढोल-नगाड़े के साथ सार्वजनिक रूप से ढिंढोरा पिटवाया गया। इस दौरान आरोपी को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने की अंतिम चेतावनी दी गई। यदि वह तय समय पर हाजिर नहीं होता है, तो कानूनन उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश के अनुसार कार्रवाई की जा रही है और यदि अभियुक्त नहीं हाजिर होता है तो उसकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# एसडीएम ने पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार दोपहर सदर एसडीएम संजय कुमार ने नवादा के मधु टोला इलाके में अवैध बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि यह ट्रैक्टर किसी पुलिसकर्मी के परिवार से जुड़ा हुआ है और बीते दो हफ्तों से लगातार अवैध बालू ढुलाई में लगा हुआ था। एसडीएम ने तुरंत सदर अंचल अधिकारी सफी आलम और थाना प्रभारी बृज कुमार को मौके पर बुलाकर ट्रैक्टर को अग्रेतर कार्रवाई के लिए उनके हवाले कर दिया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि ट्रैक्टर मालिक और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में न दोहराई जाएं।


**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या– 09/2025–26**

खूँटी जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में हरी सब्जी एवं फलों की आपूर्ति करने हेतु कार्यालय के निविदा संख्या–05/2025–26 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त आमंत्रित निविदा से हरी सब्जी एवं फलों के लिए कतिपय कारणों से पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में दिनांक 08.07.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 08.07.2025 के अपराह्न 1.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.356086 Khunti(25-26):D

जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी।


# मृतक मां ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया, मामला दर्ज

एक नजर में



रमना थाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** चुंदी गांव के विकेश कुमार की हत्या के आरोप में उसकी मां रीना कुंवर ने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए रमना थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

विकेश कुमार सोमवार शाम से लापता था और बुधवार को उसका शव गांव के एक कुंआ से बरामद किया गया। इस मामले पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि घटना की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने किया अस्पतालों का निरीक्षण

## लापरवाह डॉक्टरों पर की कार्रवाई



निरीक्षण के दौरान डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव ने गुरुवार को ओपीडी समय समाप्ति के बाद अचानक मेराल, रमना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण में अस्पतालों में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पाया कि कई चिकित्सा पदाधिकारी बिना एप्रोन के ड्यूटी पर उपस्थित थे, जो विभागीय निर्देशों का उल्लंघन है।

साथ ही किसी भी अस्पताल में ड्यूटी चार्ट या पोस्टिंग रोस्टर प्रदर्शित नहीं किया गया था, जिससे मरीजों को यह जानने में असुविधा होती है कि कौन डॉक्टर कब और किस विभाग में उपलब्ध है। मेराल, रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित डॉ पुष्कर कुमार गुप्ता बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही पर डीसी ने उनका वेतन रोकने और स्पष्टीकरण के लिए पृच्छा पत्र जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीसी ने सभी अस्पतालों में चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का ड्यूटी चार्ट अनिवार्य रूप से प्रिंट कर प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित करने, ड्रेस कोड का पालन सभी स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सुनिश्चित करने का निर्देष दिया। उन्हांने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों की सुविधा प्राथमिकता है और इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। डीसी श्री यादव ने सिविल सर्जन को पूरे जिले के अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने का निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों की साफ-सफाई, औषधि उपलब्धता एवं उपकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**

**"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 05 रा0 दिनांक 16.06.2025 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –

(क) वित्तीय वर्ष 2025–26 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित एक वर्ष का DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) पाठ्यक्रम। प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।

(ख) वित्तीय वर्ष 2025–26 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम। प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो।

(ग) राज्य के बाहर प्रशिक्षण सह परिदर्शन – प्रगतिशील पशुपालकों (जिनके पास कम से कम 05 या उससे अधिक दुधारू पशु हों)

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृषकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से समर्पित करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 356075 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा


# विधिक साक्षरता कैंप का आयोजन



जानकारी देते पीएलवी

### छात्रों को दी गई कानून संबंधी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गुरुवार को मेराल प्रखंड स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को कानून की मूलभूत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने की। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन, उद्देश्य और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की साक्षरता, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन की प्रक्रिया और राज्य सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी, जो अनाथ बच्चों के लिए संचालित है। वहीं पीएलवी रामा शंकर चौबे ने नशा उन्मूलन, विधि के प्रति जागरूकता और छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक विनोद पासवान समेत कई शिक्षक सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



जागरूक करते पदाधिकारी

**केतार।** गुरुवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय, केतार में नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाता है और समाज में अपराध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। बच्चों को डिजिटल नशे से बचने की भी सलाह दी।

# नव दिवसीय श्री रामकथा शुरू

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार स्थित शिवाला मंदिर के प्रांगण में नव दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा जो 4 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ पारसनाथ ने बताया कि यह कथा अयोध्या प्रयागराज से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित श्री दुर्गेश नंदन जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा।


**Government of Jharkhand**
**Department of Higher and Technical Education**
**(Jharkhand Council on Science, Technology and Innovation)**
Yojna Bhawan, Nepal House Campus, Doranda, Ranchi-834002 (Jharkhand)

Letter No. 244 / Ranchi, Dated 26.06.2025

**Advertisement for Engagement of Chief Mentor and Junior Mentor at Innovation Hub, Regional Science Centre, Ranchi on Contract Basis**

1. **Jharkhand Council on Science, Technology and Innovation (JCSTI)** in collaboration with **National Council of Science Museums, Ministry of Culture, Govt. of India** has established an **Innovation Hub** at the **Regional Science Center, Chiraundi, Morabadi, Ranchi**. For the effective implementation and operation of the Innovation Hub, JCSTI invites applications for the contractual engagement of **01 (One) Chief Mentor and 01 (One) Junior Mentor,** who are passionate about science, technology, and mentoring young innovators.
2. **Details of the Position:** The following shall be the positions to be filled on contract basis under this Advertisement: -

| Sl. No. | Position | Category | Maximum Age Limit (on the date of application) | Monthly Honorarium | Duration of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Chief Mentor | Unreserved | 65 Years* | Rs 42,000 | 1 Year |
| 2. | Junior Mentor | Unreserved | 30 Years | Rs 37,000 | |

*In Special cases, Maximum age limit may be enhanced to 70 Years.

3. **Mode of Application Submission**: Interested candidates are requested to submit their application through the following Google Form link: https://forms.gle/dQmEPsuYjQmAqRrc7.
4. **Important Dates:** Applicants are advised to be mindful of the key dates as mentioned below regarding application and selection of Chief Mentor and Junior Mentor.

a. **Start Date for submission of applications: 26/06/2025**
b. **Last Date for submission of applications: 14/07/2025**
c. **Publication of Shortlisted Candidates on the JCSTI Website: 21/07/2025**
d. **Personal Interview: 28/07/2025**
e. **Publication of Final Result: 31/07/2025**

5. **Eligibility**:
a. **Qualification**: 1st Class Master's in Science or Bachelor's in Engineering (Life Sciences, Physical Sciences, Computers, Electronics, Robotics, Mechanical, Mechatronics)
b. **Experience**:
i. Chief Mentor: 3 Years
ii. Junior Mentor: 1 Year

For detailed advertisement, visit jcsti.jharkhand.gov.in.

**This advertisement is published with approval from the Competent Authority.**

Sd/-
**(Dr. Raj Shekhar Prasad)**
Executive Director, JCSTI

PR.NO.356070 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(25-26):D


# जिला परिषद अध्यक्ष के समक्ष बीपीओ पर भ्रष्टाचार का आरोप



आवेदन देते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** ब्लॉक कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी के आगमन पर क्षेत्र से जुड़े कई मामलों को लेकर स्थानीय लोगों ने आवेदन दिया। इसी दौरान ग्राम दसीपुर निवासी अशोक ठाकुर ने गंभीर आरोप लगाते हुए एक लिखित शिकायत सौंपी। दिये आवेदन में बताया गया कि उनके भाई सुनील कुमार ठाकुर के खेत में एक कूप निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसमें अब तक 35 फीट खुदाई और 12 फीट कंक्रीट की ढलाई पूर्ण हो चुकी है। इसके बावजूद जब डिमांड और मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया के लिए बीपीओ नीरज कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कथित रूप से 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की।

# नि:शुल्क सत्तू बैंक ने पूरे किए एक माह



सत्तू पिलाते शौकत खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जरुरतमंदों के लिए समर्पित समाजसेवी शौकत खान द्वारा संचालित निःशुल्क सत्तू बैंक ने अपनी सेवा के एक महीने पूरे कर लिए हैं। इस एक महीने में तीन लाख से अधिक जरूरतमंदों ने इस बैंक से पेट भरने की राहत पाई है। खासकर दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक, ऑटो चालक और राहगीरों ने काफी संख्या में इस सेवा का लाभ उठाया।

इस वर्ष की भीषण गर्मी में गढ़वा के लोगों को राहत देने के उद्देश्य से शौकत खान ने सत्तू बैंक की शुरूआत सीआरपीएफ 172 बटालियन के जवानों के हाथों की थी। ये सभी सेवाएं झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी की स्मृति को समर्पित हैं।

# नशे के खिलाफ छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

## ड्रग्स फ्री इंडिया कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में गुरुवार को स्तनोत्तर उच्च विद्यालय, कल्याणपुर में ड्रग्स फ्री इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से नालसा और झालसा द्वारा तैयार शैक्षिक वीडियो, गीत और फिल्में दिखाई गईं। इनमें ड्रग्स, तंबाकू और शराब के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर और मानसिक रोगों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधिक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। रैली का नेतृत्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव निभा रंजन लकड़ा ने किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा पान छोड़ो, ड्रग्स को ना, जिंदगी को हां जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। सचिव निभा रंजन लकड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को गांजा, चरस, अफीम, शराब, गुटखा जैसे नशीले पदार्थों से दूर रखें और समय रहते सतर्कता बरतें। इस दौरान सदर एसडीओ संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा, प्राचार्य कृष्ण मुरारी पांडेय, पीएलवी मुरली श्याम तिवारी और कृष्णानंद दुबे सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। सभी ने नशे से बचने और अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in | Ph. No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD, RANCHI**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 816 | Date:26.06.2025

**FORM A**
**BALANCE SHEET AS ON 31ST MARCH' 2025**

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **CAPITAL & LIABILITIES** | | | |
| Capital & Grants | 1 | 1,63,09,07,222.51 | 1,62,94,98,572.51 |
| Reserves & Surplus | 2 | 75,19,40,086.00 | 61,28,00,886.35 |
| Deposits | 3 | 26,24,61,26,034.44 | 23,62,40,65,450.38 |
| Borrowings | 4 | 8,78,97,42,249.57 | 8,70,07,89,894.57 |
| Other Liabilties & Provisions | 5 | 3,89,00,52,468.27 | 3,65,90,95,107.70 |
| | TOTAL | 41,30,87,68,060.79 | 38,22,62,49,911.51 |
| **ASSETS** | | | |
| Cash & Balances with RBI | 6 | 16,74,53,167.06 | 14,65,09,711.69 |
| Balance with Banks & Money at call & short notice | 7 | 16,18,20,41,069.13 | 13,26,67,54,437.89 |
| Investments | 8 | 10,62,57,03,762.35 | 10,95,49,18,395.35 |
| Advances | 9 | 11,41,38,99,428.15 | 11,11,12,49,878.37 |
| Fixed Assets | 10 | 43,58,78,701.48 | 42,59,10,771.82 |
| Other Assets | 11 | 2,48,37,91,932.62 | 2,32,09,06,716.39 |
| | TOTAL | 41,30,87,68,060.79 | 38,22,62,49,911.51 |
| Contingent Liabilities | 12 | 13,83,61,112.13 | 10,28,13,471.39 |
| Off Balance Sheet Item | 17 | 43,14,12,718.11 | 43,14,12,718.11 |

**FORM-B**
**FORM OF PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH' 2025**

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **INCOME** | | | |
| Interest Earned | 13 | 2,72,37,75,163.97 | 2,43,37,12,970.11 |
| Other Income | 14 | 9,87,22,336.76 | 9,52,19,589.31 |
| | TOTAL | 2,82,24,97,500.73 | 2,52,89,32,559.42 |
| **EXPENDITURE** | | | |
| Interest Expended | 15 | 1,57,98,00,120.81 | 1,31,70,14,745.74 |
| Operating Expenses | 16 | 54,50,08,672.31 | 48,62,31,531.15 |
| Provisions & Contingencies | | 5,58,99,835.05 | 5,88,22,179.46 |
| | TOTAL | 2,18,07,08,628.17 | 1,86,20,68,456.35 |
| **PROFIT/LOSS ( I -II )** | | | |
| **Net Profit /Loss for the year** | | 64,17,88,872.56 | 66,68,64,103.07 |
| **PROVISION FOR TAXATION** | | | |
| **Provision for Current Year Taxation** | | 28,24,58,071.96 | - |
| **PROFIT /LOSS AFTER TAXATION (III - IV)** | | 35,93,30,800.60 | 66,68,64,103.07 |
| **PROFIT/LOSS BROUGHT FORWARD OF THE PREVIOUS YEAR** | | (22,09,11,400.95) | (88,77,75,504.02) |
| **PROFIT AFTER TAXATION (V-VI)** | | 13,84,19,399.65 | (22,09,11,400.95) |

In terms of our even date attached to the balance sheet for D. N. Dokania & Associates

Sd/- **Anup Tigga** (A.M. Accounts) | Sd/- **S.K.Dhiraj** (Manager Accounts & Audit) | Sd/- **Dilip Kumar** (Manager Credit) | Sd/- **Sanjay Kumar Singh** (C.E.O.) | Sd/- **Smt Bibha Singh** (Chairperson) | Sd/- **CA.Mantosh Kumar Singh** MN: 429420 FRN: 050042C

## अंतरिक्ष में उड़ान

भारतीय शुभांशु शुक्ला का रवाना होना, निश्चय ही भारत के लिए अंतरिक्ष में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह गर्व की बात है कि स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में कदम रखने के 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में पहुंचा है। दरअसल, ह्यूस्टन स्थित एक्सियम स्पेस नामक अमेरिकी कंपनी ने यह मिशन नासा व स्पेस एक्स के साथ मिलकर शुरू किया है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ पौलेंड, हंगरी व अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री भी हैं। यूं तो अंतरिक्ष यात्रियों में कल्पना चावला व सुनीता विलियम्स का नाम लिया जाता है, लेकिन वे भारतीय मूल की थीं, भारतीय नहीं। दरअसल, एक्सियम-4 का सफल प्रक्षेपण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे भारत के महत्वाकांक्षी मानव मिशन गगनयान की पहली सीढ़ी माना जा रहा है। इस मिशन के अनुभवों से गगनयान अभियान की सफलता में मदद मिलेगी। दरअसल, गगनयान भारत का पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2027 में अंतरिक्ष मिशन पर भेजा जाना है। एक्सियम-4 मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए समझौते ने गति दी थी। जिसके चलते हम चार दशक बाद किसी दूसरे भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने में सफल हो सके। कई तकनीकी कारणों से इस उड़ान में विलंब हुआ, लेकिन अंततः अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण संभव हुआ। दरअसल, गगनयान के अलावा इसरो भारत के कई महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों पर तेजी से काम कर रहा है। इसमें वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और किसी भारतीय को चांद पर भेजना शामिल है। एक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को जो अनुभव मिलेंगे, उसका लाभ हमारे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को कामयाब बनाने में मिलेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8


**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रेअर अर्थ पर आत्मनिर्भरता जरूरी





**- हरीश शिवनानी**

**रेयर अर्थ** पर आज चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेअर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं।

रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है।

स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्नेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये ह्यअनिवार्य तत्वह्न हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है।

यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं।

दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेअर माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं।

> इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी की उम्मीद है।

भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है-करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है।

ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसदी चीन से ही आयात हुआ।

इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की जरूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा।

इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है।

बालोतरा में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड मिलने की संभावना है। भारत का लक्ष्य है कि 2026 तक वह 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम का उत्पादन करे और 2030 तक इसे दोगुना कर दे। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए यह अब अनिवार्य हो गया है कि दुर्लभ तत्वों की तकनीक में अपने धुर प्रतिद्वंद्वी देश पर निर्भरता को घटाते हुए आत्मनिर्भरता के प्रयास किए जाएं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**अमित शाह** ने आगे कहा अभी अभी फैशन है संविधान लहराने की। यह संविधान के हिसाब से सरकार का या सरकार का या किसी भी निजी संस्था का कोई पर कोई भी फैसला मान्यवर कायदे की कोर्ट से बाहर कैसे हो सकता है ? कोई भी फैसला हो, यह देश की अदालत वह फैसले तक रुचि नहीं रखेगी। नागरिक जीवन से लेकर कहां जाएंगे, जिसकी भूमि हड़प कर ली गई, वह कहां जाएगा? ऐसा नहीं चलेगा. आपकी वोट बैंक के लिए आपने क्या किया था?

**- अमित शाह, गृह मंत्री**

# पेड़ काटना मानव हत्या के समान

**पर्यावरण**

**- राकेश दुबे**

अब यह समझ लेना जरूरी है कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुमार्ना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया।

इसके जरिये कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।



उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जतायी कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं, जुमार्ना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया जाए।

कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुमार्ना कम करके राहत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है।

ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है। ऐसे में नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि कैसे किसी व्यक्ति को संवेदनशील इलाके में पेड़ काटने की अनुमति दी गई। निरंतर बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता शासन-प्रशासन के साथ समाज में भी होनी चाहिए। उत्तराखंड में चिपको आंदोलन और राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिये लोगों के त्याग व संघर्ष को हमें याद रखना चाहिए। जनता का कड़ा प्रतिरोध भी वृक्षों की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा : मोक्ष की राह पर श्रद्धा का विराट उत्सव

**धर्म**

**जीवीएस शास्त्री**

**भारत** की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं अनादि काल से मानवता को आध्यात्मिकता, समरसता और भक्ति की राह पर चलने की प्रेरणा देती आई हैं। इन्हीं पवित्र परंपराओं में एक है उड़ीसा के पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा, जो केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि करोड़ों आस्थाओं, परंपराओं और लोक मान्यताओं का प्रतीक है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह यात्रा अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ 27 जून को प्रारंभ हो रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होने वाली यह यात्रा नौ दिनों तक चलेगी और 5 जुलाई को समाप्त होगी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ भव्य रथों पर सवार होकर पुरी के मुख्य मंदिर से निकलकर मौसी के घर गुंडिचा मंदिर तक की यात्रा करते हैं। यह आयोजन न केवल भारत के सबसे प्राचीन धार्मिक उत्सवों में से एक है बल्कि विश्व के सबसे बड़े वार्षिक सार्वजनिक आयोजनों में भी इसकी गिनती होती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से भाग लेने आते हैं।

पुरी का जगन्नाथ मंदिर भारत के चार प्रमुख धामों (बद्रीनाथ, द्वारका, रामेश्वरम और पुरी) में से एक है। यह मंदिर न केवल वास्तुकला की दृष्टि से विशिष्ट है बल्कि इसकी महत्ता धार्मिक ही नहीं, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत विशिष्ट है। भगवान जगन्नाथ को विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है और यह मंदिर उनके भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा के साथ विराजने वाले एकमात्र मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है। रथ यात्रा के माध्यम से यह ह्यत्रिदेवह्न जब मंदिर की सीमाओं से बाहर निकलते हैं तो भक्तों के लिए यह अवसर होता है प्रभु को निकट से देखने, उनके रथ को खींचने और मोक्ष की दिशा में एक कदम बढ़ाने का। इस रथ यात्रा की परंपरा का उल्लेख स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण और अन्य पुरातन ग्रंथों में मिलता है। मान्यता है कि रथ यात्रा में भाग लेने और विशेषकर रथ खींचने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलती है। यह यात्रा मानवीय समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा का जीवंत प्रदर्शन है, जहां हर कोई, चाहे वह राजा हो या आमजन, एक ही पंक्ति में खड़ा होकर भगवान की सेवा करता है।


रथ यात्रा की सबसे अनूठी परंपरा है ह्यछेराह्न की रस्म। यह रस्म रथ यात्रा के पहले दिन पुरी के राजा द्वारा निभाई जाती है, जिसमें वे सोने की झाड़ू से तीनों रथों की सफाई करते हैं। इस परंपरा का आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश अत्यंत गहन है। एक राजा, जो स्वयं राज्य का सर्वोच्च होता है, भगवान के समक्ष स्वयं को एक सेवक मानकर झाड़ू लगाता है। यह प्रतीक है भगवान के समक्ष सभी के समान होने का, जहां न कोई ऊंचा है, न कोई नीचा। यह सामाजिक समरसता का वह आदर्श उदाहरण है, जो आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है। जब लाखों की भीड़ ह्यजय जगन्नाथह्न के उद्घोष के साथ इन रथों को खींचती है, तब वह केवल रथ नहीं खींच रही होती, वह अपनी भक्ति, आस्था, सेवा और आत्मशुद्धि की भावना को आगे बढ़ा रही होती है।

भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के रथों को नंदीघोष, तालध्वज और दर्पदलन कहा जाता है, जिन्हें हर वर्ष नए सिरे से विशेष प्रकार की नीम की लकड़ी से निर्मित किया जाता है। इन रथों का निर्माण विशेष रीति-रिवाज और शास्त्र सम्मत विधियों से होता है, जिसमें सैंकड़ों शिल्पकार और सेवक कई महीनों तक जुटे रहते हैं। हर रथ की अपनी आकृति, रंग, ध्वज और प्रतीक होते हैं, जो देवताओं के स्वरूप और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**जय जगन्नाथ। आज भगवान जगन्नाथ इसी रथ से अपने स्थान को प्रस्थान करेंगे। तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल में खुला इंटरैक्ट क्लब



भुरकुंडा (रामगढ़)। युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में इंटरैक्ट क्लब का उद्घाटन रोटरी रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया। बागरॉय ने कहा कि आज आप सब जिम्मेवारियों से बंध गए हैं। आपको नेतृत्व का अवसर मिल रहा है। लेकिन जीवन में हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि नेतृत्व का मतलब सत्ता नहीं होता है। बल्कि इसका मतलब होता है दूसरों को सशक्त बनाना, ताकि एक बेहतर दुनिया बनाई जा सके। सदैव स्वयं से ऊपर सेवा के मूल्य को याद रखें। मौके पर रोटरी रांची के पूर्व अध्यक्ष सह विद्यालय सचिव प्रवीण राजगढ़िया, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, मुख्तार सिंह आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में लड़कियों को मिला लहंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को गुरुवार को भदानीनगर में चार स्थानों पर लहंगा वितरण किया गया। चिकोर निवासी तिलानाथ महतो की पुत्री संजना कुमारी, बरघुटवा निवासी बाबूलाल करमाली की पुत्री रानी कुमारी, हरिहरपुर निवासी श्रीराम मुंडा की पुत्री अनुप्रिया कुमारी तथा पाली निवासी नरेश उरांव की पुत्री मीना कुमारी को यह सौगात प्रदान की गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, अनूप ठाकुर, मुखिया गीता देवी,मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, अनिल सिंह खरवार, सोनू कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, चैता करमाली, भरत महतो, नारायण करमाली, गणेश करमाली, भूलेंद्र महतो, आनंद कुमार सहित लाभान्वित परिवारों के माता-पिता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### आनंद साईं दरबार में भंडारा संपन्न



रामगढ़। राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। पुजारी राजेश पांडे ने यजमान अमित सिन्हा एवं नंदकिशोर गुप्ता के हाथों विधि पूर्वक पूजन संपन्न करवाया। पूजा के क्रम में यजमानों ने साईं बाबा से रामगढ़ जिले की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत 12:00 बजे से भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, मल्लिका दत्ता, शीतल सिंह, दिव्या कुमारी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी, सोनी कुमारी, अनिता पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र संयुक्त मोर्चा ने गुरुवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर लोकल सेल में विस्थापितों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हक-अधिकार को लेकर जोरदार नारेबाजी की और प्रबंधन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। धरना को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि भुरकुंडा परियोजना प्रबंधन द्वारा विस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, जिससे स्थानीय बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है।

### सेवटा हनुमान मंदिर में हरि कीर्तन



कुजू। सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 14 वीं वर्षगांठ गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य विकास पांडेय, अयोध्या पांडेय एवं सुबोध पांडेय द्वारा यजमान बने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी (पार्षद) के हाथों पूजा अर्चना कराया गया। 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का उद्घाटन नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। इस बीच श्रीकृष्णा युवा क्लब पोचरा कीर्तन मंडली संरक्षक दामोदर यादव के नेतृत्व में आए पुरुष कलाकार एवं झालदा पुरुलिया की महिला कीर्तन मंडली की टीम के द्वारा हरे राम, हरे कृष्णा का जाप प्रारंभ की गई।

### सांढ़ पंचायत में नशा मुक्ति अभियान



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत में नशा के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने के लिए गुरुवार को एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई मुखिया सुलेखा कुमारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सांढ़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय से शिवाडीह पीएम श्री उच्च विद्यालय तक निकाली गई प्रभात फेरी से हुई। फेरी के माध्यम से ग्रामीणों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य पंचायत को पूरी तरह नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा कि समाज को नशा से मुक्त करने की शुरुआत घर से होती है। जब प्रत्येक व्यक्ति खुद नशा से दूर रहेगा, तभी उसका परिवार और समाज स्वस्थ बन पाएगा। प्रभात फेरी के दौरान सभी उपस्थित महिला और पुरुषों ने शपथ ली कि वे न तो खुद नशा करेंगे, न ही किसी को करने देंगे। साथ ही समाज में नशा के खिलाफ निरंतर अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, उपमुखिया हिमंती देवी, गिन्नी वर्मा, गुरुदयाल कुमार, जिज्ञासु राम, प्रकाश कुमार, जलसहिया नेहा कुमारी, रेखा कुमारी, विकास कुमार, शिक्षिका उचिता सिंह, शिक्षक विष्णु दयाल कुशवाहा, कृष्णा कुमार, दशरथ महतो, उमेश दांगी, प्रमोद कुमार, और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। सांढ़ पंचायत की यह पहल समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाला कदम मानी जा रही है।

# अस्पताल में नहीं होगी अफरातफरी

## मे आई हेल्प यू टीम बनी मरीजों की मसीहा

**हजारीबाग के डीसी शशि प्रकाश सिंह की कार्यशैली बन रही है मिसाल**





खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिला प्रशासन इन दिनों तेजी से बदलता नजर आ रहा है, और इस बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह। एक सामान्य पदस्थापना की तरह नहीं, बल्कि मिशन मोड में जिले की जिम्मेदारी संभालने वाले इस तेजतर्रार अफसर ने अपने पहले ही महीने में यह जता दिया है कि वे सिर्फ कुर्सी की गरिमा निभाने नहीं, बल्कि जमीन पर असर छोड़ने आए हैं। चाहे वह स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त करना हो, जन वितरण प्रणाली में अनुशासन लाना हो, या फिर भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सीधे कार्रवाई, शशि प्रकाश सिंह की कार्यशैली बिलकुल स्पष्ट है कि सिस्टम को दुरुस्त करो, लोगों को राहत दो और जवाबदेही तय करो। उनके द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुरू की गई मे आई हेल्प यू टीम इस सोच की एक झलक भर है। एक ऐसा अस्पताल जो अब तक अव्यवस्था, भीड़ और गुटबाजी का अड्डा बनता जा रहा था, वहां आज मरीजों की मदद के लिए, प्रशिक्षित कर्मियों की टीम तैनात कर दी गई है। यह निर्णय सिर्फ प्रशासनिक नहीं, एक मानवीय सोच से उपजा हुआ कदम है, जो सीधे आम जनता को राहत पहुंचा रहा है। सफेद टी-शर्ट में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की एक समर्पित टीम ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक हर मरीज को हाथों-हाथ ले रही है, रास्ता दिखा रही है, फॉर्म भरवा रही है, जांच की लाइन समझा रही है और दवा वितरण तक में साथ दे रही है। खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनपढ़ मरीजों को अब भटकना नहीं पड़ता। यह पहल सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, एक संवेदनशील सोच है। जो मरीज को अस्पताल की भीड़ नहीं, बल्कि सम्मानित अतिथि की तरह देखती है। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में इस टीम को हर विभाग में और अधिक मजबूती से फैलाया जाए, ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। ज्ञात हो कि हजारीबाग को ऐसे ही नेतृत्व की दरकार थी जो केवल फाइलें न देखे, बल्कि फील्ड में जाकर हकीकत परखने की हिम्मत रखता हो। अगर यही रफ्तार रही, तो आने वाले दिनों में हजारीबाग सिर्फ झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए सुशासन का उदाहरण बन सकता है। चंद दिनों में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, अब सिर्फ एक अफसर नहीं, एक उम्मीद का नाम बन चुके हैं।

# छह अपराधी गिरफ्तार

## भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर फायरिंग मामले में रामगढ़ पुलिस को मिली कामयाबी

**दो पिस्टल, सात गोली, बाइक और पांच मोबाइल बरामद**



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। जिले के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर फायरिंग मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो पिस्टल, सात गोली, घटना में प्रयुक्त की गई बाइक और पांच मोबाइल जब्त किया गया है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी ने बताया कि 13 जून को भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे थे। नकाबपोश अपराधियों में से एक बाइक से उतरा और वहां पांच राउंड गोली चलाकर फरार हो गया। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में बनी एसआईटी ने अपराधियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान घटना में शामिल शूटर सुजीत डोम को उसके घर रिवर साइड, बुध बाजार, भुरकुंडा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान सुजीत ने घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों के नाम भी बताया। उसने बताया कि गोलीबारी रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से की गई थी। इस कांड के पीछे इनामुल अंसारी, मजहर अंसारी, आजाद अंसारी, कुणाल कुमार उर्फ बादल सिंह और बसंत मुंडा उर्फ गुल्टू की संलिप्तता रही है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अन्य सभी पांच अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गोलीकांड में बाइक चलाने वाला व्यक्ति इनामुल अंसारी था। वह हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकाबेड़ा का रहने वाला है। वारदात के दिन इनामुल बाइक चलाते हुए सुजीत डोम को लेकर रेलवे साइडिंग पहुंचा था। इस दौरान वहां सद्दाम अंसारी, मजहर अंसारी और आजाद अंसारी मतकमा चौक और अन्य स्थानों पर पुलिस की गतिविधि की रेकी कर रहे थे। वे लोग पल-पल की रिपोर्ट सुजीत और इनामुल को दे रहे थे। एसपी ने बताया कि शूटर सुजीत डोम के खिलाफ पतरातु, रामगढ़ सहित अन्य थानों में छह मामले पहले से दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है। छापेमारी में पतरातु एसडीपीओ के अलावा इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मदत्त कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, सहित अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

### बीएसएनएल ने उपभोक्ता को दो बार बकाया बिल का नोटिस भेजा

चौपारण। बीएसएनएल की लापरवाही का एक हैरान कर देने वाला मामला हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड से सामने आया है। यहां बनाऊ गांव निवासी सुदामा कुमार सिंह को विभाग ने दो-दो बार बकाया बिल का नोटिस भेजा है, जबकि उनके मुताबिक उनका टेलीफोन कनेक्शन साल 2013 में ही बंद हो चुका है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि विभाग के रिकॉर्ड में सुदामा को जो टेलीफोन कनेक्शन दिया गया, उसकी शुरुआत 1980 में बताई गई है। जबकि सुदामा की जन्म तिथि 1984 है। यानी विभाग के हिसाब से उन्होंने जन्म से चार साल पहले ही टेलीफोन कनेक्शन ले लिया था। सुदामा बीते कई महीनों से बीएसएनएल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। बार-बार आग्रह के बावजूद विभागीय अधिकारी न तो बिल सुधारने को तैयार हैं और न ही गलत डेटा सुधारने में कोई रुचि दिखा रहे हैं। फाइलें इधर से उधर भेजी जा रही हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सांसद तीर्थ दर्शन के लिए आमंत्रण पत्र वितरण शुरू



भुरकुंडा। सांसद तीर्थ दर्शन कार्यक्रम के तहत 29 जून को हजारीबाग के नरसिंह मंदिर प्रांगण से पहले जत्थे की पावन तीर्थ यात्रा प्रारंभ होगी। यह जत्था काशी (वाराणसी), विंध्याचल, प्रयागराज संगम और अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में सांसद की ओर से 200 आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय प्रमुख नागरिकों को आमंत्रण पत्र भेंट किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा में सम्मिलित हो सकें और पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। गुरुवार को भाजपा भदानीनगर मंडल द्वारा दर्जनों श्रद्धालुओं के बीच आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, हरिहरपुर पंचायत की मुखिया गीता देवी, मंडल महामंत्री मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, मंडल मंत्री अनिल सिंह खरवार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, चैता करमाली, भरत महतो, नारायण करमाली, गणेश करमाली, भूलेंद्र महतो, आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

### पंचायत को नशा मुक्त बनायेंगे : मुखिया



बरही । बरही प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत में सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति को लेकर आज बसरिया में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने किया। उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है। इससे कई घर तबाह हो जाते हैं हमें संकल्प लेकर खुद व लोगों के बीच जागरुक कर नशा मुक्त समाज बनानी है। मौके पर सुमिया देवी, प्रियंका प्रकाश, नजमा खातून, देवंती देवी, पूनम देवी, रेणु देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, कामेश्वर रविदास, विनोद रविदास, सेवक कोलेश्वर प्रजापति, सिकंदर कुमार, खुशबू कुमारी, नागेश्वर कुमार, शिक्षक मनोज घोष, सरफराज आलम, दामोदर गुप्ता, बिंदिया देवी, छोटन गोप, भुनेश्वर यादव,रीना देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनाया संविधान हत्या दिवस





खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। भाजपा ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार को संविधान हत्या दिवस के रूप में काला दिवस मनाया कार्यक्रम का आयोजन पैराडाइज रिसॉर्ट में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। संचालन हरीश श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुणाल किशोर दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय, सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. रविंद्र राय ने आपातकाल को कांग्रेस की सत्ता की भूख का प्रतीक बताते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, जब प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों का गला घोंटा गया। मनीष जायसवाल ने कहा कि जो देश अपने इतिहास को भूल जाता है, वह प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी शासनकाल में अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग नहीं हुआ, जबकि कांग्रेस काल में यह आम बात थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नीरा यादव ने की। 1975 के आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया, जिनमें कृष्ण मोहन केसरी, गंगाधर दुबे, प्रो. अरविंद सहाय सहित कई लोग शामिल थे।

# ओपी जिंदल स्कूल में नशा के खिलाफ निकली प्रभातफेरी



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातु में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने पूरे जोश, अनुशासन और सामाजिक चेतना के साथ प्रभात फेरी निकाली। रैली में शामिल विद्यार्थी अपने हाथों से बनाए स्लोगन-पोस्टर व बैनर के जरिए समाज को नशे के खिलाफ संदेश दिया। नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, मैं अपने कल को बचाऊंगा, नशे के रास्ते पर न जाऊंगा जैसे नारे बच्चों की आवाज बनकर गूंजे और हर राहगीर के मन में सोच छोड़ गए। इस अवसर पर आयोजित विशेष वंदना सभा में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों ने रंगीन और प्रभावशाली प्लेकार्ड, पोस्टर और संवाद के माध्यम से मंच पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने अपने संदेश में कहा कि बचपन में बोए गए नैतिक मूल्यों के बीज जीवनभर फलते हैं। नशा सिर्फ शरीर को नहीं, पूरे भविष्य को खत्म कर देता है। हमारे बच्चे जागरूक हैं, यही भारत का उज्ज्वल भविष्य है। उन्होंने जेएसपी प्रबंधन के सहयोग की भी सराहना की और कहा कि विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि को सकारात्मक दिशा देने में प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकगण सक्रिय रूप से शामिल रहे और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। उनका मानना था कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आवश्यक सामाजिक हस्तक्षेप है। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि ओपी जिंदल स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, जीवन मूल्यों और सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र है। द्वमेरा भविष्य, मेरी जिम्मेदारीद्व के संदेश के साथ बच्चों ने एक सकारात्मक, सशक्त और संवेदनशील भारत के निर्माण की नींव रखी।

## एक नजर में

### हजारीबाग : कुएं में मिला युवक का शव



हजारीबाग। एनएच-522 किनारे झुमरा डिपो चौक के पास गुरुवार सुबह एक कुएं से 25 वर्षीय युवक की लाश बरामद होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हजारीबाग कॉर्पोरेट कॉलोनी निवासी चंदन कुमार (पिता: स्व. राजू यादव) के रूप में हुई है, जो बुधवार शाम अपने चचेरे भाई मुकेश यादव के साथ सोन पहरी पूजा कर लौट रहा था। रास्ते में जोनिहया मोड़ के पास अचानक दो अज्ञात स्कूटी सवारों से बकझक शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। मुकेश के मुताबिक, स्मै अपनी जान बचाकर झुमरा की ओर भाग गया, चंदन दूसरी दिशा में दौड़ा। जब फोन लगाया तो उसका मोबाइल बंद था। पूरी रात परिजन उसे खोजते रहे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, तो कुएं में तैरती दो चप्पलों ने मां का दिल दहला दिया। दारू थाना प्रभारी शफीक खान मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला गया। चश्मदीदों ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे के करीब झगड़े की तेज आवाजें आ रही थीं और सभी युवक नशे में थे। फिलहाल शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है और पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। यह हादसा हत्या है या दुर्घटना—सच सामने आना बाकी है।

### जेएसएलपीएस ने निकाला नशामुक्ति अभियान



टाटीझरिया । जेएसएलपीएस के ओर से झारखंड सरकार के निर्देशानुसार नशामुक्ति जागरूकता अभियान बीपीएम शेखर पांडेय , सीसी अनुराग कुमार ,मनोज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया । जिसमें बैंक सखी ,सीआरपी ,सक्रिय महिला समूह के कई सदस्यों जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू, एएसआई पवन कुमार ने किया । यह जागरूकता अभियान प्रखंड कार्यालय से टाटीझरिया थाना चौक एवं थाना परिसर तक चलाया गया। मौजूद लोगों ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो के तहत शपथ लिया और कहा की हम सब नशा करने वालों को नशीले पदार्थों के सेवन करने से स्वास्थ में होने वाले नुकसान एवं परिवार में नशा से हो रहे वाद विवाद के बारे में जागरूक करवाएंगे । नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशा छोड़ो ,जीवन जोड़ो । ना घृणा ना तिरस्कार ,नशे की लत छोड़ने के लिए चाहिए सही देख भाल और प्यार । नारे लगाते हुए रंग रंग चौक चौराहे में किया गया।

### तापीन पिपरा में चला नशा मुक्ति अभियान



चरही। ग्राम पंचायत तापीन पिपरा में गुरुवार को एक विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान में थाना प्रभारी कुंदन कुमार विमल ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल कार्यक्रम का नेतृत्व किया, बल्कि ग्रामीणों को एकजुट कर नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। अभियान के दौरान गांव के पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, और इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशे को अपने जीवन से हमेशा के लिए बाहर करें और अपने बच्चों को भी इससे दूर रखें। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में स्नशा मुक्त ग्रामस्र बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की। यह अभियान समाज को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### एसबीआइ के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



हजारीबाग। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा हजारीबाग में बुधवार को 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर लगा रक्तदान शिविर। यह शिविर वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का शुभारंभ एसबीआई के चीफ मैनेजर सुमित कुमार ने किया। रक्तदाताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र, उपहार और नाश्ता देकर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रहित यूनिट में से 65 यूनिट शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक और शेष 37 यूनिट अन्य रक्तकोषों को प्रदान किए गए। शविर में भाजपा नेता विनोद झुनझुनवाला, हरीश केशरी, सोनी कुमारी सहित 102 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम में रिजनल मैनेजर राजीव कुमार सिंह, मनोज सिन्हा समेत कई संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### बादम कोल ब्लॉक के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

बड़कागांव। बादम कोल ब्लॉक को लेकर विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश गहराता जा रहा है। गुरुवार को सुबह 9 बजे साहू विवाह भवन, बादम में एक अहम बैठक हुई, जिसमें दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी कंपनी चोरी-छुपे अपने दलालों के माध्यम से कार्य करा रही है और प्रभावित ग्रामीणों से किसी प्रकार की संवाद प्रक्रिया नहीं अपना रही है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि कंपनी ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली तो अधिकारियों को क्षेत्र से खदेड़ने की रणनीति अपनाई जाएगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में बादम कोल ब्लॉक के खिलाफ बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी तय की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी ने कुछ चहेते दलालों के माध्यम से व्हीलचेयर जैसे संसाधनों का बंटवारा कर केवल दिखावा किया है, जबकि यदि वाकई कंपनी कल्याण चाहती तो बादम क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण करती।

### डीएवी स्कूल बरही में जागरूकता कार्यक्रम



बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के प्रांगण में गुरुवार को नशा मुक्ति विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरही एसडीपीओ जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी आभाष कुमार, विद्यालय प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ सहित कई अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे। विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषणों के माध्यम से नशे के खिलाफ प्रभावी संदेश दिया। पलक कुमारी का नृत्य प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। डीएसपी अजीत विमल ने नशे को एक धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने छात्रों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## मैराथन दौड़ के साथ कोडरमा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का समापन, उपायुक्त ने कहा

# नशा व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य व भविष्य को करता है नष्ट

- मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, सरकारी कर्मियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार 10 जून से 26 जून तक चलाए गए राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतिम दिन जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में मादक पदार्थ निषेध विषय पर आधारित थीम मैराथन दौड़, शपथ ग्रहण समारोह एवं अन्य जागरूकता गतिविधियां संपन्न हुईं। मैराथन दौड़ का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौक से हुआ जो जे.जे. कॉलेज परिसर में जाकर संपन्न हुआ। इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, सरकारी कर्मियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं मुख्य कार्यक्रम स्थल जे.जे कॉलेज परिसर में उपायुक्त ऋतुराज एवं एसपी अनुदीप सिंह द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट करता है। यह अभियान समाज को जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। युवा वर्ग को चाहिए कि वे नशे से दूरी बनाकर अपने ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। जिला प्रशासन का यह दृढ़ संकल्प है कि कोडरमा को नशा मुक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने एकमत होकर नशामुक्ति की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि नशे के विरुद्ध कोडरमा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। आज का मैराथन दौड़ में युवाओं की भागीदारी इस अभियान की सफलता का प्रतीक है। यदि किसी को नशा संबंधित कोई जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर समेत कई अधिकारी व नागरिक मौजूद थे।

## बासोडीह में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ प्रारंभ

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह स्थित सुप्रसिद्ध गणेश मंदिर परिसर में गुरुवार को गुप्त नवरात्र को लेकर 24 घंटा तक अखंड रामायणपाठ 11 ब्राह्मणों से कराया जा रहा है। जिसका समापन शुक्रवार को 11 बजे दिन में होगा तथा संध्या में प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस मौके पर मंदिर के चारों ओर श्रीराम नाम की ध्वजा सजाई गई है। वहीं मंदिर के मुख्य यजमान भोला प्रसाद बर्णवाल की अगुवाई में अखंड रामायण के साथ-साथ रामायण पाठ भी शुरू कर दी है, जो प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होगा। इस अखंड रामायण के मुख्य पुजारी भोला नाथ पाण्डेय ने कहा कि मंदिर परिसर में अखंड रामायण की जो पाठ हो रहा है, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होता है। मौके पर अखंड रामायणपाठ करने वाले वैदिक ब्राह्मण भोलानाथ पाण्डेय लखीसराय, संदीप पाण्डेय वृन्दावन, पिंटू पाण्डेय, सुबोध पाण्डेय, बाल्मीकि मिश्रा, सुबोध पाण्डेय, उदय पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का स्वागत समारोह आयोजित

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय में जिला स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य कर्मचारी के अध्यक्ष विपुल कुमार ने किया। वहीं उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार एवं डीएमओ डॉ. मनोज कुमार द्वारा झारखंड राज्य महामंत्री शैलेन्द्र तिवारी, झारखंड राज्य उपाध्यक्ष विनीत अग्निहोत्री, संयुक्त मंत्री इंद्रदेव यादव का स्वागत किया। वहीं डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि हम सभी मिलकर काम करेंगे, जिससे जिले के हर एक व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। वहीं डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपलोग के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे। वहीं सभी कर्मचारियों ने संगठन कार्यालय के लिए एक कमरा का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद उपाधीक्षक ने आश्वासन दिया कि एक कमरा जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर जिला कर्मचारी संघ कोषाध्यक्ष कुमार गौरव, प्रवक्ता चंदन किशोरी पांडेय, प्रवीण कुमार, सुनील यादव आदि मौजूद थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी को लेकर गुरुवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत सचिव, मुखिया, जलसाहिया आदि भाग लिया। वहीं कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक एवं अन्य अधिकारियों ने किया। मौके पर अमित कुमार, राम कुमार, प्रसादी यादव, मनोरमा देवी, सदानंद कुमार, मंटू चैधरी, सुष्मिता कुमारी, पिंकी कुमारी, रेखा कुमारी, सीमा कुमारी, मीरा कुमारी, बेबी कुमारी, सोनी कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## दो दिनों से लापता युवक बेहोशी की हालत में कुएं से बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिनों से लापता बेहराडीह निवासी 43 वर्षीय मुकुन मेहता को रायडीह के एक ढ़िबरा फैक्ट्री के पास स्थित एक सूखे कुएं से बेहोशी की हालत में बरामद किया गया। बता दें कि मुकुन मेहता के लापता होने की सूचना सोशल मीडिया पर भी दी गई थी। वह 24 जून की रात लगभग 10 बजे से लापता था, जिसकी खोज-बीन परिजनों द्वारा किया जा रहा था। काफी खोज-बीन के बाद कुछ नहीं पता चला तो मुकुन मेहता की पत्नी सोनी देवी द्वारा नवलशाही थाना में गुमसुदगी का आवेदन दिया गया था। वहीं 26 जून की सुबह उनकी पत्नी के मोबाइल पर कॉल आया कि उनके पति रायडीह स्थित ढिबरा फैक्ट्री के बगल में बने एक कुएं में पड़े हुए हैं। जिसके पश्चात सभी लोग वहां पहुंचे और उन्हें कुएं से निकाल कर सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद उसे होश आया। फिलहाल मुकुन मेहता का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए मुकुन के साला अनुज कुमार ने बताया कि उसके जीजा जो नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह के एक ढिबरा फैक्ट्री में गार्ड का काम करते हैं, 24 जून को वे फैक्ट्री के मुंशी आकाश कुमार को 10 मिनट में फैक्ट्री वापस आने की बात कहकर वहां से निकल गये, मगर वापस फैक्ट्री नहीं पहुंचे, जिसके पश्चात अगले दिन परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। वहीं सदर अस्पताल में इलाजरत मुकुन मेहता के होश आने पर उन्होंने बताया कि वह फैक्ट्री से निकलकर शौच के लिए फैक्ट्री के बगल में गए हुए थे। इसी दौरान उनके शर्ट के पैकेट में रखा मोबाइल वहां स्थित कुएं में गिर गया। जिसे पकड़ने के दौरान वे अनियंत्रित हो गए और कुएं में जा गिरे।

## जेजे कॉलेज मैदान में आयोजित 64वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज मैदान में 25 और 26 जून को आयोजित 64वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से बालक और बालिका टीमें शामिल हुई, प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने किया। इस दौरान खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए डीईओ श्री राम ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल बहुत जरूरी है, इससे शरीर निरोग और जीवन में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होता है। वहीं उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीमें कोडरमा जिला का प्रतिनिधित्व गिरिडीह में आयोजित होने वाले प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में करेंगे। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि खेल में भी बेहतर कैरियर की असीम संभावनाएं होती है, उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उम्दा खेल कर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अंडर 17 बालक वर्ग में चंदवारा बनाम कोडरमा के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा की टीम 1-0 से विजयी रही। वहीं बालिका वर्ग में चंदवारा बनाम मरकच्चो के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा की टीम 3-0 से विजेता बना। इसके अलावे अंडर 15 बालक वर्ग में फाइनल मैच चंदवारा बनाम जयनगर के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा की टीम 3-0 से मैच जीत कर ओवरऑल चैंपियन बना। मौके पर संजय कुमार यादव, सुजीत कुमार सिन्हा, अजित कुमार, गुंजन कुमार, प्रशांत सिंह, दिनेश कुमार, सत्यानन्द कुमार, अर्चना सिन्हा, नूतन पांडेय, स्मृति पाल, गगन कुमार दास, डॉ. सुनील कुमार दास, हरीश कुमार, संजय कुमार, बालगोविंद, सोनू कुमार, छोटेलाल, विक्रम परमार, तापेश्वर राणा आदि मौजूद थे।

## मादक पदार्थ निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- परिवार, समाज व देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी को प्रयास करने की जरूरत : डीएलएसए सचिव

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में गुरुवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा एवं आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएलएसए सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एलएडीसीएस के अधिवक्ता, डिप्टी चीफ एलएडीसी किरण कुमारी एवं अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। वहीं डीएलएसए सचिव गौतम कुमार ने नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि आज लोगों में खासकर युवाओं में दारू, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका, खैनी की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। विभिन्न प्रकार के नशे के बढ़ते उपयोग की वजह से युवा पीढ़ी खतरे में है। नशा का सेवन कर लोग कैंसर, टीबी, दमा, हृदय, लीवर की बीमारी जैसे खतरनाक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। वहीं किरण कुमारी एवं अरुण कुमार ओझा ने कहा कि नशा पान करने वाले परिवार की स्थिति अच्छी नहीं होती, आए दिन परिवारों में दंपति के बीच झगड़ा होते रहता है, जिसके कारण परिवार बिखर जाता है। परिवार को बचाने के लिए नशा से छुटकारा जरूरी है। वहीं स्कूल की छात्राओं ने भी नाटक के माध्यम से नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को खूबसूरत रूप से बताया। वहीं गौतम कुमार ने लोगों को शपथ दिलाई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत सभी छात्राएं मौजूद थे।

## अवैध ढिबरा लदा पिकअप वैन जब्त, चालक फरार

**कोडरमा।** वन विभाग ने बुधवार की रात करीब 10 बजे ढोढाकोला से पीछा कर चाराडीह के समीप अवैध ढिबरा लदे एक पिकअप वैन को जप्त किया। वहीं पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रेंजर राम बाबू कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप पर अवैध ढिबरा लेकर कोडरमा की ओर जा रहा है। जिसके बाद एक टीम गठित कर उक्त वाहन को पीछा किया गया। चाराडीह के समीप अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया। सपही निवासी सूरज साव पर वन वाद दर्ज किया गया है। गश्ती दल टीम में प्रभारी वनपाल उस्मान अंसारी, कुंदन कुमार, क्षत्रपति शिवाजी, दुर्गा प्रसाद महतो, गोपाल यादव शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग के कानिकेन्द जंगल में बीते 28 मई को हुए सड़क हादसे में घायल हुए चार युवकों में से एक 30 वर्षीय पूरण मेहता पिता लल्लू मेहता ग्राम फुलवरिया निवासी एक युवक की लगभग एक महीने बीत जाने के पश्चात बुधवार की देर रात वेल्लोर (कर्नाटक) के एक अस्पताल में ईलाज के पश्चात रांची लौटने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। बताते चलें कि बीते 28 मई को एक टेम्पो डोमचांच के फुलवरिया से सब्जी लोड कर घोडथम्भा (गिरिडीह) जा रहा था, जिसमें 5 लोग भी सवार थे। घोडथम्भा जाने के क्रम में नवलशाही थाना क्षेत्र के कानिकेंद जंगल के समीप टेम्पो को पीछे से आ रही एक हाईवा ने टक्कर मार दी थी, जिससे टेम्पो में सवार एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए थे। जिसमें पूरण कुमार मेहता भी शामिल था। पूरण मेहता को ईलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया था, जिसके पश्चात उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, उसे रांची के रिम्स में भर्ती किया गया था। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखकर उसके परिजन उसे वेल्लोर (कर्नाटक) ले गए थे। जहां लगभग एक महीने तक इलाज के पश्चात 25 जून को चिकित्सकों ने उसके न बचने की उम्मीद जताते हुए उसे वापस घर जाने की सलाह दे दी। जिसके पश्चात गुरुवार को वे लोग पूरण को लेकर रांची लौट रहे थे कि इसी बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर उसके मौत की खबर ग्रामीणों को मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। इधर परिजनों का कहना है कि पूरण के इतने लंबे समय तक चले ईलाज के कारण उनका काफी ज्यादा पैसा खर्च हो गया है। उन्होंने पूरण के ईलाज के लिए जमीन तक बेच डाली है, अब उन्हें प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है। उनका कहना है कि जिस हाईवा से दुर्घटना होने के कारण पूरण की जान गई है, पुलिस उस वाहन मालिक से मुआवजा दिलाये, इधर सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं घटना की सूचना पाकर नवलशाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को हटाने का प्रयास कर रही है।

## जिप सदस्य ने उपायुक्त को आवेदन देकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला परिषद सदस्य, भाग 1, सतगावां कोडरमा नीतु कुमारी ने उपायुक्त को आवेदन के माध्यम से अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके समाधान करने की मांग की है। जिन समस्याओं से अवगत कराया गया, उनमें वितिय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटाय सतगावां को मिले पांच लाख रुपए का गबन करने का आरोप, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशिष चैधरी पर लागाया है। वहीं इसके अलावा सतगावां प्रखंड के राज्य सम्पोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय जाने हेतू बासोडीह चैक से हाट बाजार तक नाली एवं बासोडीह चैक से $ 2 उच्च विद्यालय तक सड़क निर्माण कराने की बात रखी है। वहीं इसके अलावा उन्होंने बताया कि सतगावां प्रखंड के ग्राम खुट्टा में एलटी तार के महज एक फीट उपर 11 हजार 6/23 वोल्ट का तार गुजरा हुआ है, जिसके कारण दोनों तार एक दूसरे से सट गया था, परिणाम स्वरूप सभी के घरों में 11 हजार वोल्ट प्रवाहीत हो गया था, जिससे वहां के घरों में बिजली से चलने वाला सभी यंत्र, मीटर सहीत जल गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना बिजली विभाग को टेलीफोन के माध्यम से तथा लिखित भी दिया गया है, लेकिन अभी तक ग्रामीणों का समस्या का समाधान नहीं किया गया है, जिससे यहां कभी भी अप्रिय बडा घटना घट सकता है। वहीं सतगावां प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में निर्माण हो रहे पैक्स गोदामों में अनियमितता की बात कही। इसके अलावा बासोडीह से राजाबर सडक में ग्राम मोहनपुर के पास नाली निर्माण के कराने की बात कही।

## करंट लगने से चचेरे भाई-बहन की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन पंचायत में गुरुवार को करंट लगने से चचेरे भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तीन वर्षीय लड्डू कुमार पिता सूरज सिंह व 10 वर्षीय सरस्वती कुमारी पिता मैनेजर सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एक बच्चा लड्डू कुमार घर के आंगन में खेल रहा था, तभी वह खेलते खेलते घर के गेट के पास चला गया, जहां गेट के ऊपर बिजली तार गया हुआ था, गेट के पास खेलने के दौरान तार कट कर गेट में सट गया, जिससे गेट में करंट आ गई और बच्चा करंट की चपेट में आ गया। जिसे देख चचेरी बहन सरस्वती कुमारी जो आटा गूथ रही थी, दौड़कर बचाने गई तभी करंट ने सरस्वती कुमारी को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं आसपास में मातम छा गया।

## छापामारी में बालू घाट से छह ट्रैक्टर जब्त

**जयनगर (कोडरमा)।** अंचलाधिकारी गौतम कुमार एवं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध बालू के खिलाफ गुरुवार को छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान थाना क्षेत्र के बदुलिया बालू घाट से परिवहन करते हुए 6 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वहीं सीओ ने बताया कि आगे भी अवैध रूप से बालू के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा है कि बालू माफिया अवैध बालू का कारोबार छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का काम करें नहीं तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जब्त ट्रैक्टरों को परसाबाद पुलिस पिकेट में सुरक्षित रखा गया है। बता दें की जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से प्रत्येक दिन लगभग 300 से 400 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू परिवहन एवं उत्खनन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बालू माफिया द्वारा रात में डंप कर बड़े-बड़े वाहनों से बिहार भेजा जाता है और मोटी रकम कमाया जाता है। मौके पर परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी अरविंद हसदा सहित कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

# चतरा : मादक पदार्थों के खिलाफ मैराथन दौड़ का आयोजन

- जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार राज्यभर में 10 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति जागरूकता अभियान' के अंतिम दिन चतरा जिला प्रशासन द्वारा भव्य थीम आधारित मैराथन दौड़, हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण, सेल्फी प्वाइंट एवं विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समाहरणालय परिसर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक 'मादक पदार्थ निषेध' विषय पर आधारित मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, सरकारी कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने 'नशा नहीं, नव निर्माण चाहिए' जैसे नारों के साथ जनजागरूकता का संदेश दिया।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने स्वयं उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक कर उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना है। युवा वर्ग से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें, नशे की लत से दूर रहें और अपनी ऊर्जा को किसी अच्छे कार्य के लिए प्रयोग करें। जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है कि चतरा को नशा मुक्त बनाया जाए। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए अपना संकल्प व्यक्त किया कि वे स्वयं नशा से दूर रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा आज चतरा जिला में नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए आज के कार्यक्रम में यह देखने को मिला कि काफी संख्या में युवाओं एवं स्कूल के बच्चों ने भाग लिया और इसे सफल बनाया है। नशे के विरुद्ध चतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। मैं आमजन से अपील करता हूं कि नशे से दूर रहें, और यदि नशे से संबंधित कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो अविलंब प्रशासन को सूचित करें। स्टेडियम परिसर में लगाए गए सेल्फी प्वाइंट, स्लोगन बैनर/कट आउट एवं थीम आधारित चित्र प्रदर्शनियों ने युवाओं और छात्रों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कई प्रतिभागियों ने 'मैं हूं नशा मुक्त- क्या आप हैं?' जैसे स्लोगन के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दिया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला जनसमर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय, पुलिस विभाग, स्कूली शिक्षकगण, खेल प्रशिक्षक, स्वयंसेवक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### हंटरगंज थाना पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, छह चोरी की बाइक बरामद



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह, पनारी और जबड़ा के विभिन्न जगहों से बाइक की चोरी की घटनाओं को लेकर चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर हंटरगंज थाना पुलिस के गठित छापेमारी टीम ने एक बाइक चोरी के आरोपी के साथ छह बाइकों को जब्त किया है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना एवं चोरी की बाइकों का अवैध कार्यों में इस्तेमाल किए जाने की सूचना लगातार मिल रही थी। उक्त सूचना के आलोक में तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के नावाडीह, जबड़ा और पनारी के विभिन्न जगहों में छापेमारी कर छह चोरी की बाइक जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पनारी गांव निवासी लखन यादव का 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। वहीं छह जब्त बाइक में हीरो स्प्लेंडर प्लस पांच और एक होंडा के शाइन बाइक है। सूत्रों की मानें तो बाइक चोरी कर उन्हें शराब माफियाओं के द्वारा बिहार के सीमावर्ती इलाका होने के कारण इन बाइकों का इस्तेमाल शराब की डिलीवरी में करते थे। छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सब इंस्पेक्टर भोला शाह, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर कृष्णा कुजूर, स्थानीय चौकीदार सहित सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

### पत्थलगड़ा पुलिस-प्रशासन ने विद्यालय में चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत नावाडीह प्लस टू विद्यालय में मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस प्रशासन ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदल राम ने संयुक्त रूप से किया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष नशा से संबंधित विशेष जानकारियां देते हुए बताया कि मादक पदार्थ का सेवन करने से न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में भी बुरा प्रभाव पड़ता है। मादक पदार्थ का सेवन करने से कई घर परिवार उजड़ जाते हैं। जिसकी रोकथाम को लेकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए कहा कि अपने गांव या परिवार में अगर कोई मादक पदार्थ का सेवन कर रहा है तो उसे हम लोग समझाते हुए रोकने का प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदल राम ने नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने की अपील की। इस मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, नावाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मेघन दांगी, रामचंद्र दांगी के अलावे विद्यालय परिवार के कई शिक्षकों एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से किसान की मौत, गांव में पसरा मातम

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत के नयखाप गांव में एक किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। बताते चलें कि किसान सुबह अपने घर से धान का बिहन बुवाई करने को लेकर खेत जुताई करने के लिए जा रहा था कि अचानक से बैल तालाब में दौड़ गया, जिसे घूमाने में किसान का पैर फिसल गया और तालाब में डूब गया। जब कुछ देर बाद किसान का भाई उसको नहीं देखा तो तालाब के किनारे से खोजते हुए गुजरा और किसान के गमछा एवं खेत में देने वाला चौकी तालाब में डूबा दिखा और शक होने पर गांव में हल्ला किया। गांव के लोग जूटे तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लगभग दो घंटे बाद किसान को आहर से बाहर निकाला गया, तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने गिद्धौर थाना को दी। गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। उसके बाद शव परिजनों को सौंपा गया। किसान का नाम भेखलाल यादव का पुत्र बालेश्वर यादव 51 वर्ष बताया गया है। मौत की खबर सुनते ही गांव में सन्नाटा छा गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। किसान के कुल पांच बच्चे एवं बच्चियां हैं। जिसमें दो बच्चियों की शादी हो चुकी है। इसके अलावा दो लड़की एवं एक लड़का है। इस तरह से किसान का पूरा परिवार बिखर गया है।

### कारोबारी सह संवेदक की जमशेदपुर में संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के ढोलिया गांव के एक बड़े कारोबारी सह संवेदक सुबोध कुमार सिंह (42 वर्ष) की जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के डिमना चौक के पास स्थित एक इंटरनेशनल होटल के एक कमरे में संदेहास्पद स्थिति में बुधवार को मौत हो गयी थी। जिसके बाद परिजनों और स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान के प्रयास से ढोलिया गांव लाया गया। इस दौरान चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित आस-पास के लोग गुरुवार को उनके पैतृक गांव पहुंचे। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दौरान विधायक, सांसद और पूर्व मंत्री अंतिम दाह संस्कार में शामिल हुए। उनके इस आकस्मिक निधन को संवेदक समाज में अपूरणीय क्षति बताया गया है। श्री सिंह मृदुभाषी, सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना अपना कर्तव्य समझते थे। उनके पैतृक गांव ढोलिया स्थित शमशान घाट पहुंच कर लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई है।

### नशामुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार कानूनी सहायता केन्द्र गिद्धौर के विधिक कार्यकर्ता के द्वारा गिद्धौर प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को नशीली दवाओं के उपयोग न करने साथ ही नशामुक्त भारत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशीली दवा के सेवन से शारिरिक नुकसान की जानकारी दी गई। साथ ही मानव व्यापार पर भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कानूनी सहायता केंद्र के विधिक कार्यकर्ता कुमारी शारदा भारती, प्रेरणा दास, पवन कुमार, शंभु कुमार राणा, सुरेश प्रसाद राणा, जितेंद्र दास इत्यादि का मुख्य रूप से योगदान रहा।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**हंटरगंज (चतरा)।** रामनारायण टेन प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में राज्य सरकार के निर्देशानुसार 10 से 26 जून तक संचालित होने वाले निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं जागरूकता हेतु विद्यालय स्तरीय विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन कर विविध प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुप कुमार ने कहा कि हमें किसी भी तरह का नशा करने से बचना चाहिए। अगर हम खुद को नशा से दूर रख पाएंगे तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है। वहीं विद्यालय के कई शिक्षकों ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। नशा एक ऐसी बुराई है जो युवा वर्ग की क्षमता, उनके उज्ज्वल भविष्य को निगल रही है। इसलिए हमलोगों को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य और जिम्मेदारियों को समझने की आवश्यकता है। नशा युवा पीढ़ी को गर्त की ओर ले जा रही है। नशा शरीर के लिए तो खतरनाक है ही, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। इस अभिशाप को एकजुट होकर के ही जड़ से खत्म कर सकते हैं। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार, शिक्षक उमेश कुमार, विनयसिंह, पुरषोत्तम सिंह, तिलेश्वर कुमार व सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने वृद्धा आश्रम का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश




**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत पकड़िया स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रम परिसर की साफ-सफाई, भवन की संरचना, रहवास योग्य स्थिति एवं वृद्धजनों के लिए मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पाया कि वृद्धा आश्रम फिलहाल बंद है और उसकी भौतिक स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस पर उन्होंने भवन की मरम्मत, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि यह वृद्धा आश्रम मई 2024 तक एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था, किंतु संस्था द्वारा वर्तमान में कोई रुचि नहीं ली जा रही है, जिसके चलते यह संचालन विहीन हो गया है। इस पर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए निर्देश दिया कि वृद्धा आश्रम को पुनः क्रियाशील करने के लिए समुचित योजना बनाई जाए। वृद्धजनों के लिए सम्मानजनक, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि वृद्धजनों की देखभाल हमारी सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। यह आश्रम केवल भवन नहीं, बल्कि उन लोगों की शरणस्थली है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज को समर्पित किया है। इसका संचालन हर हाल में नियमित और गरिमामय ढंग से होना चाहिए। उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के आलोक में समाज कल्याण विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को

## स्पीड न्यूज

### नशा मुक्ति पर डुमरी के कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



डुमरी। डुमरी प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्लस टू हाई स्कूल टांगरडीह एवं कन्या उच्च विद्यालय डुमरी सहित अन्य विद्यालयों में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और जनजागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से की गई। जिसमें हाथों में बैनर, पोस्टर एवं नशा विरोधी नारों के साथ छात्रों ने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने, समाज में इसके खिलाफ आवाज उठाने एवं अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने नशा से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने की प्रतिज्ञा ली।

### जारी के सीकरी स्कूल में नशा निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



जारी। जारी प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीकरी में गुरुवार को विश्व मादक द्रव्य निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों एवं समाज को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य विषय नशा मुक्त समाज की ओर था। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर और पोषक क्षेत्र में एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें छात्र नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे। प्रधानाचार्य बिलेश्वर उरांव ने छात्रों को बताया कि नशे से केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। मौके पर दिनेश्वर इंदवार, देवेंद्र भारती, मैरीरोज कुजूर, प्रभुदास तिग्गा, अनुपा कुजूर सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस ने संगठनात्मक चुनाव को लेकर घाघरा में किया पोस्टर लांच



घाघरा। गुमला जिले में यूथ कांग्रेस के चुनावी प्रक्रिया हेतु नियुक्त जिला समन्वयक जय प्रकाश चौबे, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने घाघरा में प्रखंड के बिशुनपुर विधानसभा में नेता चुनो, नेता बनो का पोस्टर लांच किया। मौके पर जय प्रकाश चौबे ने कहा कि यूथ कांग्रेस देश का ऐसा पहला राजनीतिक संगठन है, जो आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए योग्य नेतृत्व को सामने लाने का कार्य करता है। चुनाव पारदर्शित, निष्पक्षता पूर्वक होंगे। जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने क्षेत्र से निर्वाचित होकर नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। यह प्रक्रिया भारत की राजनीति में एक ऐतिहासिक और सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष पल्लव कुजूर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सौरव भगत, महासचिव अमित साहू, आदित भगत, दिलबहार अंसारी, निलेश उरांव, साबिर अली, नितेश कच्छप, स्वरूप खान, बबलू उरांव, रामधनी उरांव, रंथू उरांव, राहुल उरांव, विशाल बड़ाइक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चैनपुर में मोटरयान निरीक्षक व सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया वाहन जांच अभियान



चैनपुर। डीसी एवं एसपी के निर्देश पर मोटरयान निरीक्षक रौबिन अजय सिंह एवं सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा चैनपुर प्रखंड चौक में बाइक जांच अभियान गुरुवार को चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गये लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। चालकों को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई ताकि उनका जीवन सुरक्षित हो सके। वहीं जांच के दौरान हेलमेट, इंसुरेंस पेपर, ड्राइविंग, लाइसेंस, पोलूशन नहीं लेकर यात्रा करने वाले चालकों से जुर्माना वसूला गया। जांच में 39,000 रुपये की दंड राशि वसूला गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, मंटू रवानी, प्रिंस कुमार एवं पुलिस बल शामिल थे।

### चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बकरी और बत्तख चूजों का किया गया वितरण

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बकरा विकास योजना के तहत छह बकरी पालकों और दो बत्तख चूजा पालकों के बीच पशुधन का वितरण किया गया। इस पहल से स्थानीय किसानों और पशुपालकों की आजीविका में सुधार होने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2023-24 के एक चयनित लाभार्थी और वित्तीय वर्ष 2024-25 के पांच चयनित लाभार्थियों के लिए किया गया। योजना के तहत प्रत्येक बकरी लाभार्थी को चार बकरियां और एक बकरा प्रदान किया गया। वहीं बत्तख चूजा लाभार्थियों को 15 दिनों के 15-15 बत्तख चूजे प्रति इकाई की दर से दिए गए। पशुधन के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। यह कार्यक्रम प्रखंड परिसर स्थित प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय चैनपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। वितरण संयुक्त रूप से जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ धर्म रक्षित विद्यार्थी, चैनपुर डॉ रितु टोप्पो, ग्राम पंचायत समिति सदस्य चैनपुर आशा लकड़ा आदि ने किया।

## गुमला डीएवी स्कूल में डालसा ने नशा विरोध दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

# किसी चीज के प्रति एडिक्शन व्यवहार को प्रभावित करता है: पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अन्य।

गुमला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध दिवस के अवसर पर गुरुवार को डीएवी स्कूल गुमला में विद्यार्थियों के बीच नशीली दवाओं के दुरूपयोग, तस्करी व रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुवचंद्र मिश्र ने कहा कि किसी चीज के प्रति एडिक्शन हमारे व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित करता है। बातों को ध्यान से सुनने के साथ अमल करें। जिंदगी में क्या करना है यह जानने के साथ क्या नहीं करना है यह जानना भी जरूरी है। नशे से दूर रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि विश्व में नशे की रोकथाम की कड़ी में ड्रग एवेयरनेस एंड वैलनेस नेवीगेशन के द्वारा जागरूकता के साथ नशे की लत छुड़ाने के लिए प्रयासरत है। नशे की ओर प्रेरित करने वाले दोस्तों के ग्रुप से दूर रहें। न्यायिक पदाधिकारी प्रतीक राज ने कहा कि झूठ बोलने से व्यक्तित्व कमजोर होता है। नशा से दूर रहें और सकारात्मक कार्य करें। शंभु सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति के बिना अच्छे समाज एवं देश की कल्पना नहीं की जा सकती। हर अपराध के पीछे नशे का हाथ है।

पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि छोटी बातों से घबराकर नशे की लत लगाने से उस समस्या का समाधान नहीं होता। इस अवसर पर डालसा सहायक प्रकाश कुमार पांडे, पीएलवी राजेश सिंह, एवं प्रेम कुमार शाह समेत शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गुमला : थाना दिवस पर भूमि विवाद से जुड़े 76 मामलों में से 32 का हुआ त्वरित निष्पादन

## जिले के सभी थानों में हुआ थाना दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुरुवार को गुमला जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मासिक थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संबंधित सीओ, थाना प्रभारी तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि से जुड़े विवादों और थाना स्तर की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना था। थाना दिवस के दौरान जिलेभर में नागरिकों द्वारा भूमि से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं दर्ज कराई गई। जिनमें प्रमुख रूप से अवैध कब्जा, अवैध दाखिल खारिज, कानूनी वारिस प्रमाण पत्र की मांग, अवैध आपसी बंटवारा, भूमि विवाद के कारण उत्पन्न आपसी तनाव आदि से संबंधित विवाद शामिल थे। जिले भर से कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 32 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। जबकि शेष 44 मामलों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा इन लंबित मामलों के भी शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया है। आज प्राप्त शिकायतों में गुमला थाना क्षेत्र से 7 मामले, रायडीह से 4, चैनपुर से 3, डुमरी से 8, जारी से 2, घाघरा से 7, विशुनपुर से 6, सिसई से 9, भरनो से 16, पालकोट से 6, बसिया से 5 तथा कामडारा से 3 आवेदन प्राप्त हुए।

# बुरी संगत लोगों को गलत आदत का शिकार बना देती है : हरीश बिन जमां

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला को संबोधित करते एसपी हरीश बिन जमां।

गुमला। राज्य सरकार द्वारा 10 से 26 जून तक आयोजित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के समापन पर गुरुवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी महाविद्यालयों, विद्यालयों तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक तथा स्कूली बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने स्कूली बच्चों से अपील करते हुए कहा कि स्कूल के आसपास किसी भी तरह के मादक पदार्थ की बिक्री होने की सूचना शिक्षक, माता पिता तथा पुलिस प्रशासन को दें। यह आपकी जिम्मेवारी बनती है कि ना नशा करें ना किसी को करने दें। साथ ही साथ अच्छी संगति में रहें। बुरी संगति आपको गलत आदतों का शिकार बना देगी। मादक पदार्थों के बढ़ते मामलों को रोकने हेतु पुलिस प्रशासन सतत प्रयासरत है। अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने कहा कि अभियान को और आगे बढ़ाना है। डॉ शारिब अहमद ने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान का इस वर्ष वर्ष का थीम है ब्रेक द साइकिल। कार्यक्रम को वंदना स्मिता, मनोज कुमार, नीलम केरकेट्टा ने भी संबोधित किया।

## लोहरदगा गुदरी बाजार ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान सम्पन्न

# तीन स्थलों से निकलेगी भव्य रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। शहर के गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर समेत अन्य ठाकुरबाड़ी मंदिरों में गुरुवार को परंपरागत आस्था और विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों का नेत्रदान अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन अयोध्या लाल साहब दरबार के महंत राम नरेश शरण, श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओम प्रकाश शरण, लोहरदगा ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी मोहन दास और पुरोहित रमेश पोरनिक के सान्निध्य में विधिपूर्वक किया गया। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान के नवीन नेत्रों के दर्शन किए और आरती में भाग लिया। इस अवसर पर अयोध्या लाल साहब दरबार महंत राम नरेश शरण ने बताया कि परंपरा अनुसार भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक दर्शन नहीं देते, क्योंकि इस अवधि में उन्हें अस्वस्थता प्रतीत होती है। उन्हें तेज ज्वर हो जाता है, जिसके कारण एकांतवास आवश्यक हो जाता है। इस उपचारकाल के पश्चात प्रतिपदा तिथि को भगवान का नेत्रदान, विशेष पूजन एवं महा स्नान का आयोजन किया जाता है। इसके उपरांत भगवान की आरती, महाआरती और भव्य भंडारे का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि लोहरदगा में रथ यात्रा की परंपरा लगभग 300 वर्षों से चली आ रही है, जो क्षेत्र की गहरी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। श्री जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओम प्रकाश शरण ने कहा कि भगवान जगन्नाथ कलयुग के साक्षात देवता हैं। वे श्रीकृष्ण के ही स्वरूप हैं और वर्तमान युग में समस्त रामावतारों की दिव्यता को भी वहन करते हैं। रथ यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र और भंडरा प्रखंड में भक्ति-भाव से रथ यात्रा निकाली जाएगी। नगर क्षेत्र के तीन प्रमुख स्थानों-गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी टोला स्थित जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर और तेतरटर स्थित मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस को सफल बनाने में मनोज दास, अयोध्या दास, सर्वेश पाठक, पीयूष शरण, आदित्य गोस्वामी सहित अनेक श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

## सखी मंडल की बैठक में भेलवाडीह को नशामुक्त गांव बनाने का लिया गया संकल्प

घाघरा। घाघरा प्रखंड के बिमरला पंचायत के भेलवाडीह गांव में पीएम जनमन योजना के तहत बने नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन में सखी मंडल सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में बहुउद्देशीय भवन के रखरखाव पर चर्चा किया गया। भवन का संचालन संकुल स्तरीय संघ आदर के द्वारा किये जाने का निर्णय हुआ। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नशा पान करने से होने वाले परेशानी,समस्या और जीवन पर होने वाले असर संबंधित कई जानकारी दी गई। नशापान से परिवार उजड़ता है। आज के परिवेश में नशापान जीवन की सबसे बड़ी समस्या बन कर आई है। वहीं सभी सदस्यों ने नशा मुक्त गांव बनाने का शपथ लिया। बैठक में महिला विकास मंडल के अमरिंदर कुमार, जेएसएलपीएस से नागेंद्र कुमार, नमुन अंसारी सखी मंडल की सदस्या सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन जिला खेल विभाग द्वारा किया गया। दौड़ प्रातः 6:00 बजे सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय से प्रारंभ होकर फुलवारीटोली बांसडीह तक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उदघाटन डीडीसी दिलेश्वर महतो व पुलिस उपाधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से धावकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर एसडीओ, सीओ, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन गुमला द्वारा आयोजित इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में अनिता उरांव, सौवलीना डांग, उर्मिला उरांव, सेलिना, सुमन उरांव, उषा, खुशबू, सितारा, राखी व जौनिका कुमारी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं बालक वर्ग में आकाशदीप किंडो, मुन्नू सोरेंग, सुदर्शन उरांव, रामबिलास पासवान, रवि उरांव, इंजिन कांडुलना, अस्वीन टेटे, सतीश, आकाश उरांव व मुकेश उरांव ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस आयोजन के माध्यम से सभी अधिकारियों ने आमजन, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए एक स्वस्थ, सक्रिय एवं नशामुक्त समाज की दिशा में जागरूकता का संदेश दिया।

## सीओ बीडीओ ने खाद-बीज दुकानों का किया निरीक्षण



भंडरा। भंडरा सीओ दुर्गा कुमार व बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को अंचल क्षेत्र के भंडरा में संचालित खाद बीज दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें एमआरपी से अधिक राशि पर खरीफ फसल के बीज और खाद की खरीद बिक्री की जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि किसानों की शिकायत पर बुधवार को कई बीज भंडारों का निरीक्षण किया गया। किसानों ने आरोप लगाया था कि दुकानदार खरीफ फसल के बीज और खाद एमआरपी से ज्यादा दाम पर बेच रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सीओ व बीडीओ ने सभी दुकानदारों को बीज और खाद तय दर पर बिक्री करने का निर्देश दिया। अधिक दर पर बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी गई है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पदाधिकारियों ने सभी खाद बीज दुकानदार के संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, मूल्य सूची एवं विक्रय रसीदें प्रदर्शित करें और नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। अनियमितता पाए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण व कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सोलर पैनल में लगे 70 प्रतिशत मशीन है खराब, ठीक कराये अन्यथा करवाई के लिए रहे तैयार: संदीप कुमार



लोहरदगा। जिला के किस्को प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किस्को प्रखंड के सभागार के रखा गया। मौके पर मुख्य अतिथि किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार, किस्को प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, बीडीओ, पीएचईडी के जिला कोऑर्डिनेटर, किस्को जेई, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, जल सहिया, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा पंचायत में हर घर नल योजना के तहत किस्को प्रखंड के लिए 23 करोड़ रूपया आवंटन किया गया है, जिसमें 13 करोड़ रूपया का कार्य हो चुका है, बीडीओ के द्वारा जानकारी मिली जिस भी पंचायत में सोलर पैनल के माध्यम से जितने भी मशीन लगे हुए हैं उनमें 70 खराब पाया गया। जिला कोऑर्डिनेटर के द्वारा आश्वासन दिया गया है की जो भी खराब पड़ा है त्वरित गति से कार्य को कराया जाएगा और इस स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण क्षेत्र में हर घर नल योजना के तहत सभी के घरों में स्वच्छ जल पहुंचाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत जो भी संवेदक है यदि उन्होंने समय पर काम नहीं किया, तो उन पर कार्रवाई होगी।

## चैनपुर में थाना दिवस का हुआ आयोजन

चैनपुर। चैनपुर थाना परिसर में गुरुवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कई लंबित मामलों का त्वरित निपटारा किया गया। सीओ दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी की अगुवाई में भूमि विवादों, पारिवारिक कलह और जमीन बंटवारे जैसे कई प्रकरणों को मौके पर ही सुलझाया गया। जिससे आम जनता को कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिली है। सीओ ने बताया कि डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर यह थाना दिवस आयोजित किया गया। थाना प्रभारी ने इस पहल की सराहना करते हुए आम जनता से अपील की कि वे किसी भी विवाद या समस्या को लेकर बेझिझक थाना परिसर में आकर आवेदन दें।

# सिकल सेल एनीमिया अनुवांशिक रोग, लोगों में जागरूकता जरूरी : डीसी डॉ ताराचंद

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। डीसी डॉ ताराचंद ने कहा कि सिकल सेल अनीमिया एक अनुवांशिक रोग है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता है। इस रोग के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक है। अस्पतालों में बच्चे के जन्म के समय ही उस बच्चे के स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो जिससे सिकल सेल एनीमिया की जांच उसी समय हो जाए। उक्त बातें डीसी सदर अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य समिति लोहरदगा द्वारा आयोजित सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर में कहीं। डीसी ने कहा कि लोहरदगा जिला में सिकल सेल एनीमिया के रोगियों की जांच व ईलाज में जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग करेगी। कार्यक्रम डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शिविर में आये लोगों से अपनी जांच कराने की अपील की। शिविर में डीसी और डीडीसी ने अपने ब्लड सैम्पल सिकल सेल एनीमिया जांच के लिए दिए और शिविर में जांच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, बनयान रूफ के कुलदीप, व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के नाजिर 4 हजार घूस लेते गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जिले में एक बार फिर एसीबी की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। गुरुवार को ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल का नाजिर (क्लर्क) वरुण कुमार को एसीबी की टीम ने चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जिसके बाद हड़कंप मच गया है। बताया जाता है की एसीबी की टीम को शिकायत करते हुए संवेदक सफीजुल अंसारी ने बताया था कि आंगनबाड़ी मरम्मती कार्य के पैसे की निकासी को लेकर वरुण कुमार ने पैसे की मांग की थी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर नाजिर वरुण को चार हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम वरुण को अपने साथ रांची ले गई है। इधर इस करवाई से समाहरणालय में हड़कंप मच गया है।

# मोदी सरकार से जनता ऊब गयी है : चैतु उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी की आवश्यक बैठक परिसदन भवन के सभागार में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष के द्वारा सभी प्रखंडों के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र समर्पित किया गया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कर रही है। देश हित में राहुल गांधी के संघर्ष को देखते हुए, लोगो का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग केंद्र की मोदी सरकार से ऊब चुके है और परिवर्तन चाहते है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन का रीढ़ उनके कार्यकर्ता होते है। नव नियुक्त अध्यक्ष पार्टी द्वारा दिए जाने वाले जिम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन करें। जिसमें बसिया प्रखंड के दक्षिणी भाग से ज्योति कुल्लू, उत्तरी भाग से घूरन साहू, सिसई प्रखंड के दक्षिणी भाग से बिहारी भगत, उत्तरी भाग से जितेंद्र लोहरा, जारी से रिजवान अंसारी, डुमरी प्रखंड के दक्षिणी भाग से वॉल्टर बाखला, उत्तरी भाग से थॉमस टोप्पो, चैनपुर प्रखंड के दक्षिणी भाग से विमल एक्का, उत्तरी भाग से अमित बराला, गुमला प्रखंड के पूर्वी भाग से राजा खड़िया, पश्चिमी से नारायण एक्का, मध्य से ब्रजकिशोर उरांव, कामडारा प्रखंड से दक्षिणी भाग से वॉल्टर टोपनो, उत्तरी से अमित टोपनो, भरनो प्रखंड के उत्तरी भाग से उमाकांत शाही, दक्षिणी भाग से बसंत उरांव, रायडीह प्रखंड के उत्तरी भाग से शशिकांत बेक, दक्षिणी भाग से एडमंड इंदवार, बिशनपुर प्रखंड के पूर्वी भाग से अर्पण तिर्की, पश्चिमी भाग से चंद्रर लोहरा, घाघरा प्रखंड के उत्तरी भाग से शहजाद खान, दक्षिणी भाग अमर उरांव, पालकोट प्रखंड उत्तरी भाग से माठा खड़िया,दक्षिणी भाग से सुशील लकड़ा को प्रखंड का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत गुड़िया, सचिव तरुण गोप, जयप्रकाश चौबे, जिला चैयरमैन आरिफ हुसैन अख्तर, पवन केवट, गंगा उरांव, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, बैबुल अंसारी, निरंजन एक्का, राजेश टोप्पो व कार्यकर्ता थे।

## गोदामों व पीडीएस दुकानों का नियमित अंतराल पर करें निरीक्षण : डॉ ताराचंद



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। डीसी डॉ ताराचंद ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की। डीसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को प्राप्त खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण ससमय कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी गोदामों का निरीक्षण निर्धारित मानक के अनुरूप किये जाने का भी निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी और सभी विपणन पदाधिकारियों को दिया। डीसी ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और दुकानों का औचक निरीक्षण करें। डीसी ने गोदामों में खाद्यान्नों का उचित रख-रखाव और उसे नमी से बचाने के निर्देश दिए गए। सभी विपणन पदाधिकारियों को जनवितरण प्रणाली की दुकानों में सूचना पट्ट, सूचना पट्ट में आवश्यक विवरणी प्रदर्शित किए जाने, लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण, खाद्यान्न को फंगस से बचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल आदि मौजूद थे।

# पुग्गु करमडीपा से चंदाली तक सड़क चौड़ीकरण का चेंबर करेगा मांग

## चेंबर ऑफ कामर्स की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल चेंबर के पदाधिकारी।

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक बुधवार की रात चेंबर कार्यालय में अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सचिव बबलू वर्मा ने पूर्व बैठक की संपुष्टि की और पिछले बैठक से अभी तक किए गए कार्यो से अवगत कराया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और कई एजेंडा को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डीसी से मिलकर पुग्गु करमडीपा से चंदाली तक के सड़क की चौड़ीकरण की मांग और नगर में गली मुहल्ले में जो गड्ढे हैं, उन्हें भरवाने की मांग की जाएगी। वहीं नगर परिषद पदाधिकारी से मिलकर जिन-जिन नालियों में स्लैब लगना बाकी है उन्हें लगवाने के लिए और नालियों के साफ सफाई की मांग की जाएगी। साथ ही बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर मीटर संबंधी जो भी समस्याएं चल रही हैं उसमें सुधार करने की मांग की जाएगी। उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पदम साबू, दीपक गुप्ता, अमित माहेश्वरी, दिनेश अग्रवाल, मुन्नीलाल साहू, संजीव शर्मा, शंकर लाल साहू, रितेश कुमार, दिलीप गुप्ता, नीरज कुमार, ज्योति कुमारी, शेखर अग्रवाल, पंकज, योगेश शर्मा, राजीव रंजन, बृज फोगला, रूपक, शिवम, पंकज सोनी, दिनेश आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## योगेंद्र बनाये गये विधायक प्रतिनिधि


योगेंद्र गंझु।

**बारियातू।** लातेहार विधानसभा 74 क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने क्षेत्र के विकास विकास के लिए योगेंद्र गंझु पिता हरदेव गंझु ग्राम करमा बारियातू को अनुसूचित जनजाति वर्ग कल्याण विभाग के पत्रांक 156 दिनांक 25 जून को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किए गए है। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति, जतन प्रजापति, अखिलेश भोक्ता, मुकेश गंझु, अशोक गंझु, देवनन्दन प्रसाद, अनिल प्रसाद, किशोर प्रसाद, बजरंग प्रसाद, आनंद प्रजापति, राजेश प्रजापति, अजीत प्रजापति, बलदेव यादव, सोमनाथ गंझु सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## नेत्रदान पूजन के पश्चात भगवान जगरनाथ का दर्शन आरंभ, रथयात्रा आज

**चंदवा।** चंदवा के कामता गढ़ परिसर में गुरुवार को विधि विधान से भगवान जगरनाथ के नेत्रदान पूजन किया गया। भगवान जगन्नाथ के दस दिन की अनुपस्थिति के बाद वापस मंदिर में स्वागत करने के लिए नेत्रदान पूजा आयोजित की गयी। यह परंपरा 1870 से चली आ रही है। टोरी स्टेट के राजा कुंवर जगतमोहन जगधात्रीनाथ शाहदेव के द्वारा प्रारंभ किया गया था। लगभग 144 वर्षों से निष्ठापूर्वक इसका पालन शाहदेव परिवार के द्वारा किया जा रहा है। पांचवीं पीढ़ी के संरक्षक प्रेरित नाथ शाहदेव के देखरेख में मंदिर प्रबंधन और रथयात्रा जुलूस की तैयारी कर रहे हैं। शुक्रवार को मंदिर के पट सुबह 7 बजे दर्शन के लिए खुलेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे मौसीबाड़ी के लिए रथयात्रा निकाली जाएगी। प्रेरित लाल शाहदेव ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को रथयात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त, पति पत्नी घायल


घायल युवक।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के लुकुईया आंगनबाड़ी के समीप अनियंत्रित बाइक एक घर से जा टकराई इस दुर्घटना में बाइक सवार कलेश तुरी व बसंती देवी (भदई टांड, बोदा) पति पत्नी घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना के बाद विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे के द्वारा घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ तरुण जोश लकड़ा ने गंभीर रूप से घायल कलेश तुरी का प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया वहीं उसकी पत्नी बसंती देवी का इलाज अस्पताल में चल रहा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पति पत्नी बाइक पर लुकुईया से अपने घर भदईटांड बोदा जा रहे थे इसी क्रम में लुकुईया आंगनबाड़ी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक एक घर से जा टकराई।

## वज्रपात से दो मवेशी की मौत



**लातेहार।** प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत के कड़िमा गांव में गुरुवार की सुबह 4 बजे तेज हवा पानी के साथ आसमानी बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत हो गयी। ये दोनों मवेशी कड़िमा गांव निवासी गोपी उरांव के थे। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 4 बजे अचानक बारिश के साथ बिजली कड़की, जिससे गोपी उरांव के घर के बाहर बंधे दो मवेशी वज्रपात की चपेट में आ गये, और दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। बताया जाता है कि गोपी उरांव गरीब परिवार से आता है। जानवरों से ही उसका जीविकोपार्जन होता था। एक साथ दोनों मवेशियों के मर जाने से उसे भारी नुकसान हुआ है। अभी खेती का समय चल रहा है दोनों मवेशी के मौत हो जाने से कृषि के कार्य नहीं हो पा रहा है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये विश्वम्भर दुबे



**चंदवा।** थाना टोली स्थित लक्ष्मी निवास परिसर में पंडित विश्वम्भर दुबे की 14 वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। समाजसेवी रामयश पाठक व निर्मल कुमार शर्मा व अन्य ने दीप जलाकर व श्री दूबे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। श्री पाठक ने कहा कि पंडित विश्वम्भर दुबे एक ईमानदार व नेक विचार के व्यक्ति थे। वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके गांधीवादी विचारधारा,सादगी भरा जीवन व गरीबो के प्रति उनका समर्पण समाज में एक छाप है। मौके पर हरिनंदन दुबे, राजेश चन्द्र पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद वैध, रामनाथ गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, सुधीर प्रसाद, अजय बैध,मनोज दुबे, प्रवीण दुबे, पंकज दुबे, अनिल कुमार,गणेश पासवान समेत अन्य लोगो ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए नमन किया। पुण्यतिथि के मौके पर उपस्थित लोगो के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पुत्र प्रमोद दुबे, प्रियम दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हाथी भगाओ, हाथी बचाओ अभियान के तहत ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण

चंदवा। लातेहार डीएफओ के साथ आरएफओ एनके महतो के निर्देश पर बंगाल से आए एक्सपर्ट भरत महतो ने ग्रामीणों को हाथी भगाओ व हाथी से बचाव को लेकर प्रशिक्षण दिया। प्रखंड के हाथी प्रभावित महुआमिलान, अरधे, तुपी, जमुआरी, चकला आदि गांवो का दौरा कर ग्रामीणो को जंगली हाथी से बचाव व गांव से हाथी भगाओ को लेकर प्रशिक्षण देते बताया कि कि हाथियों के आवागमन पथ में न तो घर का निर्माण करें और न ही वहां निवास करें। उनके सामने जाकर सेल्फी लेने से बचें। जंगल में शौच जाने से परहेज करें। जो घर वन क्षेत्र से सटा हो उसकी दीवार को काले पेंट अथवा गोबर से पोताई करें। भडकाउ वस्त्र पहनकर हाथियों के पास न जाएं। महुआ फल या शराब न बनाएं न ही पिएं। हाथियो को लगातार खदेड़ने से बचें। जंगल में उनका पीछा न करें। खेत-खलिहानो मे अनाज का संग्रहण न करें। हाथियों द्वारा अनाज खाते समय उन्हें खदेड़ने का प्रयास न करें। बंगाल से आए प्रशिक्षक भरत महतो के साथ वनपाल आलोक तिग्गा, सुमित कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, उमेश कुमार, राजु भगत, सतीश पांडेय, लव कुमार झा आदि ने भी ग्रामीणों को जागरूक करते देसी जुगाड़ के तहत हाथियो को भगाने के लिए मिर्च और मोबिल के घुआं बनाने की विधि बताई।

### कोयल नदी से अवैध पत्थर खनन करते ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

# बिना नंबर वाले ट्रैक्टर से कोयल नदी से हो रही थी पत्थर की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता


जप्त कर थाना में लगा पत्थर लदा ट्रैक्टर।

**बरवाडीह।** प्रखंड के चपरी गांव के समीप कोयल नदी की तलहटी में बुधवार की शाम अवैध पत्थर खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी राजन अधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाले एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जिसमें अवैध रूप से पत्थर लदा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। इस कारण वाहन स्वामी और चालक की पहचान तत्काल नहीं हो सकी। जब्त किए गए ट्रैक्टर का चेचिस नंबर लातेहार आरटीओ कार्यालय को भेजा गया है, ताकि वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त की जा सके। समाचार लिखे जाने तक आरटीओ कार्यालय से कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में अज्ञात चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध बरवाडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजन कुमार अधिकारी ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि जब्त वाहन अवैध खनन में प्रयुक्त था। चालक फरार हो गया है, वाहन का चेचिस नंबर भेजा गया है, और मालिक की जानकारी मिलते ही उसका नाम केस डायरी में जोड़ा जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की अवैध लूट किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन और बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार चलाया जाएगा। आम लोगो से भी अपील की गई है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें।

## सरयू : जागरूकता अभियान चलाया गया


नशापान के विरूद्ध छात्रों को शपथ दिलाया गया।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के नेता जी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय और प्लस टू उच्च विद्यालय सरयू में नशापान के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू और चिपरू पीकेट प्रभारी राजेंद्र महतो ने किया।

**जागरूकता अभियान का उद्देश्य :** इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को नशापान के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने छात्र-छात्राओं को नशापान के खतरों के बारे में बताया और उन्हें इसके प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

**छात्रों ने लिया शपथ :** इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने नशापान न करने का शपथ लिया और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस जागरूकता अभियान से छात्रों में नशापान के प्रति जागरूकता बढ़ी और वे इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित हुए। मौके पर प्रधान अध्यापक चंद्रशेखर सिंह, दिलीप कुजूर, दीपक एक्का, सतीश कुमार, विकास भुइयां, आशीष चंद्रवंशी, मधुरेस यादव , हरी किशोर उरांव, दिलीप सिंह, शिक्षिका सुनिला कुजूर ,अनिशा कुमारी, रोमा मिंज, इंदु कुजूर, म्रीजुला कुजूर समेत आवासीय विद्यालय और उच्च विद्यालय के सैंकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण करना हमारा परम और प्रथम कर्तव्य है : डॉ. फादर एम. के. जोश

खबर मन्त्र संवाददाता



कॉलेज के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।

**महुआडांड।** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ के एन एस एस सेल ने इको क्लब, आइकफ के सहयोग व समन्वय से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा 2025 के तहत मादक व नशीले पदार्थों के विरुद्ध गुरुवार को कॉलेज परिसर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने पोस्टर्स, बैनर्स और नारों इत्यादि के माध्यम से इसके नकारात्मक और दूरगामी परिणाम से अवगत कराने का प्रयास किए। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि नशा मुक्त समाज व राष्ट्र का का निर्माण करना हमारा परम और प्रथम कर्तव्य है। आज के युग में न सिर्फ. बुजुर्ग बल्कि विशेषकर बच्चे और युवा सभी व्यापक तौर पर नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिससे उनका शारीरिक मानसिक और आर्थिक क्षति हो रही है। साथ ही उनका भविष्य रसातल की ओर प्रवेश कर रहा है। बच्चे और युवा किसी भी राष्ट्र का आधारस्तम्भ और भविष्य माने जाते हैं लेकिन युवाओं के इस हरकत से भारत का भविष्य भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है। इसलिए नशा करने वाले युवाओं और विद्यार्थियों और युवाओं पर विशेष नजर बनाए रखने की आवश्यकता है। एन एस एस सेल के कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर ने कहा कि नशा मुक्त समाज व समुदाय का निर्माण करने में समाज के सभी तपके के लोगों की हिस्सेदारी अनिवार्य है। इसके लिए सभी को मिल कर सकारात्मक पहल करना होगा। इस अवसर पर यहां के विद्यार्थियों और प्रोफेसर्स ने कॉलेज परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर किसी भी नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने और न करने देने का दृढ़ संकल्प लिया। महाविद्यालय में इतिहास और राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर्स के नेतृत्व में नशा मुक्ति से मन्बंधित नारा लेखन प्रतियोगिता तथा भौतिकी और गणित विभाग के प्रोफेसर्स के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## बारियातू प्रखंड कार्यालय मे दिया एक दिवसीय धरना, सौंपा मांग पत्र


एक दिवसीय धारणा देते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर गाड़ी ग्राम के लोदमदाग टोला निवासी सह आम बागवानी लाभूक शंकर उरांव ने गुरूवार को अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए पीड़ित शंकर उरांव ने बताया कि मै मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी 112 पेड़ लगाए थे। बीते 22 मई कि रात्रि अज्ञात लोगों ने आम के सभी पेड़ों को काट कर नष्ट कर दिया था। जिसके पश्चात 23 जून को बीडीओ व स्थानीय थाना को आवेदन देकर दोषीयो को चिन्हीत कर कार्रवाई करने मांग की थी। परन्तु 34 दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय थाना व प्रखंड प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुआ। जिसको लेकर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप एक दिवसीय धरना दिया हूँ। धारना प्रदर्शन मे पीड़ित परिवार व सहयोगी ग्रामीणों ने हाथ मे लिखित तख्तीयां लिए हुए थे। जिसमे आम बागवानी काटने वाले को पुलिस चिन्हित कर कार्रवाई करें, आम बागवनी से परिवार को कई सपने जुड़े थे काटने वाले को पुलिस अविलम्ब गिरफ्तार करो, एक माह बित जाने के बाद भी नहीं हुआ गिरफ्तारी, हम पीड़ित को न्याय दो न्याय दो का नारे लिखा हुआ था। पीड़ित किसान व परिजनों ने धरना के माध्यम से बीडीओ अमीत कुमार पासवान के नाम पर अंचल प्रधान सहायक कपील देव सिंह को आवेदन देकर आम बागवानी को नष्ट करने वाले व्यक्ति को उचित जांच पड़ताल कर प्राथमिकि दर्ज करने, मनरेगा योजना से पुनः आम बागवानी योजना का लाभ देने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। वहीं प्रधान सहायक कपिलदेव सिंह ने अश्वासन दिया की आपकी मांगों को वरिय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। आश्वासन के साथ धरना पर बैठे पीड़ित किसान परिजनों व सहयोगी ग्रामीणों ने धरना को समाप्त किया। मांग पत्र सौपने के मौके पर अमीन संजय यादव भी मौजूद थे।

## मोहर्रम कमेटी का गठन: इस्तियाक अंसारी बने सदर, खजांची बनाये गये आमिर खान


कार्यक्रम में उपस्थित कमेटी के पदाधिकारी व गणमान्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** नवजवान इंतजामिया कमेटी की ओर से मोहर्रम कमेटी का गठन व सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही समाजसेवा व सामाजिक सद्भाव में योगदान देने वाले लोगों को पगड़ी पोशी और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह में इस्तियाक अंसारी को कमेटी का सदर, सरफराज सिद्दीकी को नाइफ सदर, सैफ हाशमी को सेकेट्री, शहजाद हुसैन को नाइफ सेकेट्री, डॉ. आमिर खान को खजांची, तथा दीपक राज और मयंक विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही निगरानी समिति में कलीम बैठा, कलाउद्दीन हवारी, सेराजुद्दीन हवारी, मोबिन खान, शनि हवारी, तौसीफ खान व रवि हवारी

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, कमेटी व अतिथियों को किया गया सम्मानित

समेत कई लोगों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह त्याग, बलिदान और इंसानियत का प्रतीक है। उन्होंने नई कमेटी से आशा जताई कि वह अनुशासन और सौहार्द के साथ कार्य करेगी।

सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि तरुण कुमार, व्यवसायिक समिति के सलाहकार कृष्णा कुमार कसेरा, मयंक विश्वकर्मा, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे, जिन्हें फूल-मालाओं और पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया गया।

## क्या पलामू टाइगर रिजर्व में सुरक्षित रह पाएगा बाघ?

### बाघ का पुनर्वास हुआ सफल, लेकिन सुरक्षा पर सवाल कायम


पीटीआर में छोड़ा गया बाघ।

**बरवाडीह।** झारखंड के सिल्ली प्रखंड के मारदू गांव से रेस्क्यू किए गए बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के एक सुरक्षित वन क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 7:00 बजे सफलतापूर्वक छोड़ा गया। रांची से बुधवार देर रात रवाना हुई वन विभाग की टीम ने इस पूरे अभियान को विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की निगरानी में अंजाम दिया। बाघ को कहां छोड़ा गया, यह लोकेशन गोपनीय रखी गई है ताकि उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बावजूद सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि क्या यह बाघ पीटीआर में सुरक्षित रह पाएगा? पीटीआर वर्षों से वन्यजीवों के लिए संरक्षित क्षेत्र माना जाता है, लेकिन हकीकत इससे उलट है। हर साल यहां अवैध रूप से बीड़ी पत्ता तुड़ाई का खेल चलता है, जिसमें माफिया जंगल की सीमाएं पार कर प्रतिबंधित क्षेत्रों में भी घुसपैठ करते हैं। विभागीय तंत्र मूकदर्शक बना रहता है। यही नहीं, कीमती इमारती वृक्षों की अवैध कटाई पर भी रोक लगाने में विभाग असफल रहा है। ऐसे में जब जंगल खुद सुरक्षित नहीं हैं, तो उसमें बसाए गए बाघ की सुरक्षा कैसे संभव होगी? वन्यजीवों के लिए बनाए गए अभयारण्यों में जब इंसानी दखल और माफिया राज हावी हो, तो यह चिंता और भी गहरी हो जाती है। बाघों के लिए सिर्फ जंगल नहीं, एक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, ईमानदार निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है। वरना यह पुनर्वास एक दिखावटी प्रयास बनकर रह जाएगा।

## चंदवा प्रखंड की बेटी की कर्नाटक से सकुशल वापसी पुलिस की सराहनीय पहल: प्रतुल नाथ



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बयान जारी कर चंदवा के एक सुदूर गांव में रहने वाली बेटी की कर्नाटक से सकुशल वापसी के लिए लातेहार के पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि चंदवा प्रखंड के सुदूर गांव में रहने वाली एक बेटी जो कि लोहरदगा में रहकर पढ़ाई करती थी,उसे एक अधेड़ व्यक्ति फंसा कर कर्नाटक ले गया था।वह दावा करता था कि इस लड़की से उसने शादी कर ली है।प्रतुल के पास ग्रामीण इस मामले को लेकर पहुंचे तो उन्होंने लातेहार के आरक्षी अधीक्षक से मुलाकात करके इस मामले में पहल करने का आग्रह किया।आरक्षी अधीक्षक के निर्देश के बाद एक स्पेशल टीम,जिसमें महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल थी, वह कर्नाटक के लिए रवाना हुई।वहां से इस लड़की को लातेहार लाकर मेडिकल कराया गया और मजिस्ट्रेट के सामने गवाही भी हुई जहां लड़की ने अपने माता-पिता के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की। प्रतुल ने कहा कि लातेहार पुलिस अधीक्षक की पहल से एक भोली भाली युवती एक कुत्सित मानसिकता वाले अधेड़ के चंगुल से बच निकली। प्रतुल ने इस बड़े कार्य के लिए लातेहार के पुलिस अधीक्षक का साधुवाद किया।

## भाजपा नेता का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में मनिका पंचायत के ग्राम प्रधान सह भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय भरत प्रसाद का उनके पैतृक आवास पर प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय भरत प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया एवं दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। मौके पर उपस्थित भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि भरत प्रसाद भाजपा के एक सच्चे सिपाही थे और उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया था, वे शुरू से ही संघर्ष शील व्यक्ति थे। इस अवसर पर स्व.भरत प्रसाद के पुत्र रजत कुमार के द्वारा क्षेत्र वासियों के बीच 100 फलदार पौधा का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान, राजधानी प्रसाद यादव, रघुपाल सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अमलेश सिंह, बली प्रसाद यादव, बबन पासवान, छोटू राजा, मनदीप कुमार, महेश सिंह, अवधेश सिंह, अशोक प्रसाद, जयराम राय, प्रतिमा देवी, दिनेश प्रसाद, शिव प्रसाद, सुषमा देवी, ऊषा देवी, गायत्री देवी, मुकेश कुमार, घनश्याम प्रसाद, संदीप उरांव, डॉ.चन्दन गुप्ता, अमन कुमार, अमर कुमार, समेत कई राजनीतिक दल के लोग उपस्थित थे।

## होरिलौंग विद्यालय भवन निर्माण में गड़बड़ी पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने जताई नाराजगी, जांच की मांग


निरीक्षण करते शशि भूषण तिवारी।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के होरिलौंग विद्यालय परिसर में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बन रहे अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला सामने आया है। गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने स्वयं कार्यस्थल का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री और कार्य की स्थिति को देखा, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। प्रखंड अध्यक्ष तिवारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भवन निर्माण में घटिया क्वालिटी की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांगर सीमेंट, तीन नंबर की चिमनी ईंट यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो सरासर छात्रों के भविष्य और सुरक्षा से खिलवाड़ है। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान गुरुवार को संवेदक और कोई भी विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था, जो कार्य की पारदर्शिता और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रखंड अध्यक्ष ने इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रखंड अध्यक्ष के निरीक्षण के बाद उम्मीद जताई है कि अब प्रशासन इस मुद्दे पर संज्ञान लेगा।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री राम दरबार मंदिर का 21वां वार्षिकोत्सव, भंडारा आज

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर मुहल्ला स्थित श्री राम दरबार मंदिर का 21 वा वार्षिकोत्सव धूमधाम से गुरुवार को आरंभ हुआ। गुरुवार की सुबह मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जो मेन रोड से गुजरता हुआ देवनद तट पहुंचा। जहां विधि विधान से पूजन के बाद नदी का जल कलश में भर कर वापस मंदिर परिसर पहुंचे। पंडित प्रयाग पाठक एवं आदित्य पाठक ने विधि विधान से कलश स्थापित कर पूजन संपन्न कराया। इसके बाद महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन की शुरूआत की गई है। समिति के लोगों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर अखंड कीर्तन की पूणार्हुति होगी। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से मंदिर परिसर में ही महा भंडारा का आयोजन किया गया है। सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

# गैरमजूरआ भूमि को चिन्हित कर अंचल कर्मियों ने लगाया बोर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता


बोर्ड लगाते अंचल कर्मी।

**बारियातू।** अंचल अंतर्गत जबरा, करमा, गाड़ी व बारिखाप मे सीओ नन्द कुमार राम के निर्देश पर गैरमजूरआ भूमि पर सीमांकन कर प्रधान लिपिक कपिलदेव सिंह अंचल अमीन संजय यादव ने बोर्ड लगा दिया। उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नन्द कुमार ने बताया की गैरमजुरआ भूमि को चिन्हित कर बोर्ड लगाना है। ताकि भूमि को खरीद बिक्री दखल कब्जा, अतिक्रमण, निर्माण कार्य, व दखल कब्जा नहीं किया जा सके। लगाए गए बोर्ड मे गाड़ी गांव की खाता संख्या 310 के प्लॉट 1136 मे रकबा 1.23 एकड़, प्लॉट 1139 मे 1.21एकड़, प्लॉट 1124 मे 1.07एकड़, प्लॉट 1120 मे 11.76 एकड़, करमा ग्राम के खाता संख्या 159 मे प्लॉट 988 मे रकबा 4.18, प्लॉट 1357 मे 1.01 एकड़, 8.77 मे 10.80, 1388 मे 15.25 एकड़, जबरा ग्राम मे खाता संख्या 123 प्लॉट संख्या 1081 के 2.05एकड़ 1082 मे 7.28, 1093 मे 10.26 एकड़, बारिखाप मे खाता संख्या 220 के प्लॉट संख्या 2381 मे रकबा 45.42, 194 मे 14.07, 455 मे 0.60 डिसमिल व 568 मे 0.22 डिसमिल सीमांकन कर बोर्ड लगा दिया गया है। लगाए गए बोर्ड मे गैरमजूरआ भूमि का संकेत किया गया है और उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की भी बात लिखी गई है। गैर-मजुरआ भूमि का सीमांकन कर लगाए गए बोर्ड पर स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यह सरकारी भूमि है, जिस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण, दखल या निर्माण कार्य करना प्रतिबंधित है। प्रशासन का यह कदम उन लोगों को चेतावनी देने के लिए है जो वर्षों से इस भूमि पर अवैध कब्जा करने या निर्माण कार्य करने की फिराक में थे। सीमांकन के दौरान राजस्व विभाग की टीम और अन्य लोग भी मौजूद थे। सीओ नन्द कुमार राम ने बताया कि ह्गैर-मजुरआ भूमि पर किसी भी प्रकार की निजी गतिविधि, कब्जा या निर्माण कार्य अवैध है। सीमांकन कर बोर्ड लगाए जाने से अब यह भूमि चिन्हित हो चुकी है, और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि वे इस प्रकार की भूमि पर कब्जा न करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैंसी समेत अन्य संगठनों ने निकाली पदयात्रा

# 30 जून को हूल पदयात्री पहुंचेंगे शहीद स्थली भोगनाडीह





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** हर साल की भांति 170 वां हूल दिवस के अवसर पर गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी, जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र, प्रेम संस्था, अनूसूचित जाति जनजाति रक्षा समिति, होली फेथ चंदरपुरा के संयुक्त में निकाला गया। हूल दिवस पदयात्रा का शुभारंभ सिदो कान्हू चौक (पोखरा चौक) से गुरूवार को सुबह 9 बजे मुख्य आतिथि जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी, विशिष्ट अतिथि एसकेएमयू कुलपति प्रो कुनूल कादरी,पुलिस कप्तान दुमका पीतांबर सिंह खेरवार, पश्चिम बंगाल से आए मार्शल हेम्ब्रम के द्वारा पदयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो झानो समेत हजार संतालों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि देना है। साथ ही सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना उनके आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए जागरूकता पैदा करना है। यह पदयात्रा वर्ष 2005 से लगातार अयोजन किया जाता रहा है। मौके पर सुजुर्डीह फूलो झानो कोचिंग सेंटर के किशोर हांसदा ने हूल गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी को अमर शहिदों के बलिदानों को याद दिलाया। कार्यक्रम का संचालन बैसी के पूर्व सचिव सुलेमान मराण्डी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैसी के कार्यकारी अध्यक्ष गमालिएल हांसदा, संयुक्त सचिव नायकी सोरेन, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य डॉ सुशील मरांडी, डॉ अमरेंद्र यादव, सनातन मुर्मू, एलिजाबेथ हेम्ब्रम, वीना रानी मरांडी, प्रदीप मुर्मू, डा लुसू हेम्ब्रम, फा सोलोमन, फा जॉन फेलिक्स, मेरीला मुर्मू, इजे सोरेन, मखोदी सोरेन, मनीष किस्कू उपस्थित थे।

## गोड्डा : विश्व नशा निरोधक दिवस पर जागरुकता अभियान का आयोजन

# नशा पान अपराध की जननी : डालसा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर स्थानीय मध्य विद्यालय बालक, कन्हवारा पंचायत सचिवालय व सदर अस्पताल परिसर में विश्व नशा निरोधक दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम ने जगह-जगह नशा के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सकारात्मक भूमिका अदा करने की शपथ ली। शपथ के दौरान कहा कि हम अपने जीवन में किसी प्रकार की नशा का सेवन नहीं करुंगा और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सदा तत्पर रहूंगा। इसके उपरांत डालसा की टीम ने छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को कानून का पाठ पढ़ाया। कहा कि नशीले पदार्थ के सेवन से जीवन बर्वाद हो जाती है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में बच्चों में भी नशा का लत बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से ईमानदार पहल करने की जरुरत है। इस अवसर पर प्रभारी राजेन्द्र कुमार झा, शिक्षक मौसम ठाकुर, इनामुल हक, मुनीता कुमारी, अमृता कुमारी, कुमारी नूतन, अधिकार मित्र नवीन कुमार, अविनाश कुमार सिंहा, इंतेखाब आलम, बासुदेव मणी नंदन कुमार,मो हसीब आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इधर सदर अस्पताल में मो जुनैद ने नशा से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया। जबकि कन्हवारा पंचायत भवन में एलएडीसी ऋषि राज, नवीन कुमार व अविनाश कुमार सिंहा ने ग्रामीणों को कानूनछ का पाठ पढ़ाया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों में भी डालसा की ओर से विश्व नशा निरोधक दिवस पर शिविर आयोजित किया गया।

## एक नजर में

### नशा का सेवन करने से शरीर से परिवार की आर्थिक स्थिति भी खोखला हो जाता है : डीइओ दुमका

दुमका। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारियों एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स दुमका के गाइड्स एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली। जिला शिक्षा पदाधिकारी भुतनाथ रजवार एवं जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को डीसी चौक से रवाना किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भुतनाथ रजवार ने कहा कि नशा सेवन करने से शरीर के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति भी खोखला हो जाता है।श्री रजवार ने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास एवं जन जन की खुशहाली के लिए राष्ट्र को पूर्ण नशा मुक्त कराना होगा। उन्होंने कहा कि जिस परिवार के लोगों को नशा का लत लग जाता है वह पूरा परिवार बिखर जाता है। कहा कि नशा करने से जन धन दोनों की क्षति होती है। जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसको नशा पान करके मत गवाईये। खेल पदाधिकारी श्री पोद्दार ने कहा कि नशा का सेवन करने से हम कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। नशा करने से शारीरिक क्षमता भी कम हो जाती है। जागरूकता रैली के समापन के बाद सभी लोगों ने स्वंय नशा नही करने एवं आस-पड़ोस के लोगो को नशा नही करने के लिए जागरूक करने के लिए शपथ ली। मौके पर मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, प्रभारी प्राचार्या सुनीता टुडु, पूर्व प्रभारी प्राचार्या विभा कुमारी, शिक्षिका डोली सुमन कश्यप, पिंकी टुडु, शिक्षक तरुण कुमार पंडित, गणेश पासवान, शम्भुनाथ मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार, अनुराग नन्दन, सीनियर स्काउट हरिमोहन एवं सीनियर गाइड अनुप्रिया मरांडी के अलावे 100 गाइड्स उपस्थित थीं।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन



गोड्डा। जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और जनजागरुकता के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत वाकोथन/मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ सरकंडा चौक से शुरू होकर कारगिल चौक पर संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों बालक–बालिका धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में एक स्वस्थ एवं जागरूक वातावरण का निर्माण करना है। दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवक युवतियों को डीसी अंजली यादव, एसपी मुकेश कुमार व अन्य जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बारी से अपने हाथों से सम्मानित किया साथ ही, इस अभियान में सहयोग करने वाले विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं जिला जनसंपर्क के कर्मी दिलीप कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार व अन्य को भी उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के अलावा पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश नारायण चौधरी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारीगण व सभी कर्मी, सदर अंतर्गत सभी थाने के थाना प्रभारी, पुलिस कर्मी एवं जिले के सभी खेलों के अधिकारीगण देवाशीष कुमार, मोनालिसा, पवन सिंह एवं अन्य और खिलाड़ी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

### पिछरी काली मंदिर में आषाढी पूजा मनाया गया



बेरमो/पेटरवार। प्रखंड अंतर्गत पिछरी पंचायत स्थित काली मंदिर में बुधवार को आषाढी पूजा पुरे भक्तिभाव से मनाया गया। यहां मंदिर के मुख्य पुजारी पवन पाठक ने विधिवत पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। वहीं मुख्य पुजारी पवन पाठक ने कहा की आषाढ़ माह के अमावस्या को गांव की सुख समृद्धि और शांति की कामना को लेकर आषाढी पूजा किया गया। इस मौके पर गांव के कई महिला पुरुष ने मां काली की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में अधिक वर्षा व अच्छी फसल की उपज की कामना और गांव ग्राम में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर आषाढी पूजा किया जाता है। वहीं कई बकरों की बलि दी गई। इस दौरान पूजा के बाद उपस्थित ग्रामीण और श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर चंद्रदेव मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, गणेश ठाकुर, तपन मिश्रा, धीरज मिश्रा, गोलक पाल, करन मिश्रा, नितेश ठाकुर, छोटू मिश्रा,लव मिश्रा सहित महिला पुरुष उपस्थित हुए।

### गोमिया डिग्री कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

बेरमो। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डिग्री कॉलेज गोमिया मे मादक पदार्थो एवं नशीले पदार्थो से मुक्ति अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सरिता श्रीवास्तव ने की। महाविद्यालय के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार दास ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी के विषय मे इसतिहास विभागाध्यक्ष मनोहर मांझी ने मादक पदार्थो के अर्थ, प्रकार, मादक पदार्थो लेने के विभिन्न कारण एवं उनके पड़ने वाले प्रभावों और मादक पदार्थ से बचाव के अनेक उपायों के बारे मे विस्तृत विचार प्रस्तुत किये। इस विषय पर श्री राम यादव, बिमल कुमार छात्रा मुस्कान कुमारी आदि ने भी अपनी अपनी विचार रखें। महाविद्यालय के सदस्सो ने पोस्टर का निर्माण एवं शपथ ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रोफेसर नितिन चेतन तिग्गा, डॉ गीता कुमारी, डॉ शुलभा कुमारी, स्नेहा मेंगाण्डी, डॉ विजय कुमार मण्डल, डॉ रमा संकर पटेल, अमित करमाली, पंकज सिंह शिक्षकेतर कर्मी अभिषेक कुमार, राहुल कुमार के अलावा नरेश कुमार, अर्जुन यादव, मुकेश कुमार, अजय कुमार रविदास, महेंन्द्र राम और 200 छात्र/छात्राएं मौजूद थे।

### फुसरो रेलवे गेट के श्री श्री हनुमान मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का हुआ आयोजन

फुसरो। फुसरो रेलवे गेट के श्री श्री हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर परिसर में गुरूवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का अनुष्ठान किया गया। इस दौरान हरे रामा– हरे रामा, हरे कृष्णा–हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पंडित अविनाश पांडेय, रजनीकांत पांडेय, सुर्यकांत पांडेय, पंचम पांडेय, मुरारी पांडेय व लखन पांडेय ने मुख्य यजमान संतोष साव एवं उनकी धर्मपत्नी बृंदा देवी, बजरंगी साव एवं उनकी धर्मपत्नी पुजा देवी, बिनोद साव एवं उनकी धर्मपत्नी सोनी देवी, अजय सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी किरण देवी को विधिवत पूजन कराया। इसके पश्चात कीर्तन मंडली के चॉदी पाठक, बिनोद तिवारी, इंद्रमोहन दुबे, तुलसी दास, धमेंद्र, दुरोस, मिंकु पांडेय, कुश सिंह, अवधेश सिंह, अरूण, सुनिल, मुन, रामध्यान ठाकुर, रामानुज सिंह, रामेश्वर निषाद, जितेंद्र निषाद आदि कई मंडली के मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा से अजमेर तक सीधी साप्ताहिक रेल को मिली मंजूरी

गोड्डा। जिलेवासियों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित खुशखबरी सामने आई है। जहां गोड्डा से अजमेर के लिए एक साप्ताहिक सीधी रेलगाड़ी की स्वीकृति मिल गई है। यह संभव हो पाया है गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की लगातार की गई पहल और प्रयासों के चलते, जिन्हें अब रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दिखा दी है। इस नए रेल सेवा के शुरू होने से झारखंड, बिहार और राजस्थान के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए वरदान साबित होगी जो धार्मिक स्थलों की यात्रा करना चाहते हैं या व्यापारिक कारणों से इन राज्यों के बीच यात्रा करते हैं। डॉ निशिकांत दुबे ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह रेलगाड़ी गोड्डा की जनता की वर्षों पुरानी मांग रही है, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे न केवल लोगों को यात्रा में सुविधा मिलेगी बल्कि गोड्डा के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। रेल मंत्रालय जल्द ही इस ट्रेन के प्रारंभ होने की तारीख, समय–सारणी और ठहराव वाले स्टेशनों की आधिकारिक घोषणा करेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस नई रेल सेवा से गोड्डा और आस–पास के क्षेत्रों में पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह कदम गोड्डा को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के सांसद के वादे को पूरा करने की दिशा में एक और मजबूत पहल मानी जा रही है।

### बीडीओ के खिलाफ पंचायत सचिव ने निकाला आक्रोश रैली



बेरमो। डुमरी के पुराना प्रखंड मुख्यालय से झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ ने अनुमंडल कार्यालय तक आक्रोश रैली निकली। जहां लोगों ने डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। आपको बताते चले की बीते 13 जून को डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना सहित तीन अन्य लोगों पर बलथरिया के पंचायत सचिव सुखलाल महतो ने प्रताड़ित करने आरोप लगाते हुए जहर खा लिए था। जहां रांची रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वही डुमरी बीडीओ सहित तीन अन्य लोगों पर डुमरी थाने में मामला दर्ज किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसके खिलाफ गिरिडीह जिले के पंचायत सचिव ने आक्रोश रैली निकालकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। साथ ही मृतक के परिजनों को मिलने वाली लाभों को भी जल्द दिलाने की मांग कर रहे हैं। आपको बता दे कि घटना के बाद से बीडीओ अनवेषा ओना छुट्टी पर चली गई हैं। इस दौरान झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो 1 जुलाई से राज्य के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी है।

### गोड्डा : निरंजन सिन्हा भाजपा से निष्कासित

गोड्डा। विगत झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से गोड्डा भाजपा में चला आ रहा अंतर्कलह का पटाक्षेप गुरुवार को हो गया जब भारतीय जनता पार्टी के गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पत्र और अपना वीडियो जारी करते हुए जी लिट्रा इंटरनेशनल स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थान चलाने वाले महागामा विधानसभा अंतर्गत अमौर निवासी होटल व्यवसायी निरंजन कुमार सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। साथ ही पार्टी के लोंगो का अब से प्रयोग नहीं करने की हिदायत दिया है।

## एसकेएमयू में हूल दिवस समारोह की भव्य शुरूआत, शहीद ग्राम भोगनाडीह जा रहे पदयात्रियों का किया स्वागत

# हूल क्रांति हमें आज भी प्रेरणा देती है : लुईस मरांडी



शहीदों को माल्यार्पण करते जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संथाल हूल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहीद ग्राम भोगनाडीह की ओर पदयात्रा कर रहे पदयात्रियों का गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पारंपरिक स्वागत किया गया। विवि परिवार की ओर से उनका स्वागत पारंपरिक लोटा-पानी की रस्म से किया गया।

जो सम्मान और पवित्रता का प्रतीक है। इस आयोजन का नेतृत्व कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने की। इसी कार्यक्रम के साथ विवि में तीन दिवसीय हूल दिवस समारोह की औपचारिक शुरूआत भी हो गई। इसके बाद परिसर में स्थापित वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए धूपबत्ती लगाई गई। पदयात्रियों को सम्मानपूर्वक मंचस्थ किया गया एवं उन्हें संथाल गौरव और बलिदान के प्रतीक पगड़ी, टोपी और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विवि कुलगीत और कुलसचिव डॉ राजीव कुमार के स्वागत भाषण से हुआ।

जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने हूल आंदोलन के शहीदों को स्मरण करते हुए विवि को प्रतिवर्ष पदयात्रियों का स्वागत करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि गोटा भारत सिदो कान्हू हूल बैसी संगठन लगातार समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति हमें आज भी प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजन हमें अपने इतिहास से जोड़ते हैं और युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि मैं इस क्षेत्र की बेटी रही हूं और इसका विकास मेरी सदैव प्राथमिकता रही है। गोटा भारत संगठन के प्रतिनिधि गमालियाल हसदा ने विवि परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 105 किलोमीटर की यह पदयात्रा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से की जाती है। यह यात्रा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने का माध्यम है। विवि के वितीय सलाहकार ब्रजनंदन ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन 1855 के ऐतिहासिक हूल विद्रोह की स्मृति में किया गया है। कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने पदयात्रियों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके आगमन से विश्वविद्यालय की गरिमा और संकल्प दोनों में वृद्धि हुई है। संथाल हूल केवल एक विद्रोह नहीं था, बल्कि यह ब्रिटिश शासकों और महाजनों के अत्याचार के खिलाफ एक संगठित क्रांति थी। उन्होंने कहा कि आज हमारी जमीन, जंगल और जल अगर सुरक्षित हैं, तो वह हमारे पूर्वजों के बलिदान का ही परिणाम है। 28 जून को विचि स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें अंगीभूत कॉलेजों से चयनित छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। हूल दिवस का मुख्य कार्यक्रम 30 जून को विचि के प्रशासनिक भवन-2 के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ सुजीत सोरेन, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ सुशील टुडू, डॉ बिनोद मुर्मू, डॉ अमित मुर्मू, मनीष जे. सोरेन, डॉ चंपावती सोरेन, स्वेता मरांडी, सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं संथाल अकादमी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर गोटा भारत सिदो कान्हू हूल संगठन के सैकड़ों पदयात्री, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बोकारो : बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में-बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक्स विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी के सपोर्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे सीजीएम जेवी शेखर नीता बा जीएम देवश्री रानी टोप्पो तथा संकाय के रूप में सीआ एम-थ्री के वरीय प्रबंधक विशांत कुमार उपस्थित थे। प्रबंधक जय नारायण यादव ने सभी का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सीजीएम जेवी शेखर ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। नीता बा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल नियंत्रण और कनेक्टिविटी व दूरस्थ निदान एवं स्थिति निगरानी और प्रक्रिया अंतदृष्टि के साथ उद्योग 4.0 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है। जीएम देवश्री रानी टोप्पो ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा हाइड्रोलिक ट्रेनिंग किट और सिम्युलेटर के माध्यम से प्रयोगात्मक अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। संचालन जय नारायण यादव ने किया।

# बोकारो : इस्पात संयंत्र के विद्युत प्रणाली के बारे में एलईओ कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सेल की विभिन्न इकाईयों तथा इस्पात उत्पादन से जुड़ी निजी संगठन के द्वारा विद्युत प्रणाली के बारे में अपनी जानकारी को एक दूसरे के साथ साझाकरने के उद्देश्य से इस्पात संयंत्र के विद्युत प्रणाली के निमित्त दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बीएस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ ईडी राजश्री बनर्जी पीके बैसाखिया सीजीएम शरद गुप्ता डी सरकार बीके सरतापे डीके भांजा लक्ष्मी दास तथा नीता बा उपस्थित थी। कार्यशाला के प्रारम्भ में सभी ने निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ सुरक्षा शपथ ली। तत्पश्चात जीएम डीआर टोप्पो ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सीजीएम डीके भांजा ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यशाला में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों सहित भिलाई स्टील प्लांट दुगार्पुर स्टील प्लांट राउरकेला स्टील प्लांट इस्को मेकॉन टाटा मैटालिक एबीबी इंडिया लिमिटेड सीमेंस एमएन दस्तूर लिमिटेड स्नाइडर लिमिटेड के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विद्युत प्रणाली के बारे में जानकारी साझा की। ईडी बनर्जी ने कहा कि यह आवश्यक है कि कार्यशाला से निकले परिणाम को हम अपने संयंत्र में आवश्यकतानुसार अमल में लायें। निदेशक प्रभारी तिवारी ने इस कार्यशाला की उपयोगिता और महत्व के बारे में कहा कि स्टील उत्पादन एक ऊर्जा गहन प्रक्रिया है और विद्युत ऊर्जा प्रणाली के बिना ब्लास्ट फर्नेस से लेकर रोलिंग मिल व क्रेन और अन्य सभी यूनिट्स अर्थात इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया संभव नहीं है। कार्यशाला के सुचारु संचालन में जीएम संजय कुमार डीआर टोप्पो एजीएम मंजरी श्रीवास्तव प्रबंधक जय नारायण यादव एवं कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक राकेश कुमार सिंह अर्जुन बाउरी कौशल प्रताप सिंह नवनीत कुमार सिंह तथा भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम संजय कुमार के द्वारा किया गया।

# बेरमो : अस्पताल पर लगा मनमानी करने का आरोप

### आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा, मुआवजा देकर परिजनों का किया मुंह बंद




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** डुमरी के बस स्टैंड के समीप दयाल नर्सिंग होम में चीनो निवासी अशोक पंडित व परिजनों ने जोरदार हंगामा किया। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि अशोक पंडित अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव अस्पताल में भर्ती करवाया था। भर्ती के दौरान उपस्थित कर्मी ने अशोक पंडित को नोर्मल प्रसुव करवाने का अश्वासन दिया। रात बीत जाने के बाद भी पत्नी का प्रसव नहीं होने पर वह चिंतित हो कर वहां उपस्थित कर्मी को पुछा तो अश्वासन दिया की नोर्मल प्रसव हो जाएगा।आप चिंता मत कीजिए। वहीं कुछ देर बाद उपस्थित कर्मी ने बताया की आपकी पत्नी का प्रसव में समस्या है ऑपरेशन करके किसी एक को बचाया जा सकता है बच्चे को या मां को। फिर कुछ देर बाद में कर्मी ने बताया कि बच्चे को तो नहीं बचा पाया पर अभी की स्थिति में मां को बचाने के लिए बच्चेदानी को निकालना जरूरी है। इसके बाद पीडित परिवार कुछ समझ में नहीं आया और तुरंत बोला की मां को बचाइए। पिडीत कुछ समझ पाता तबतक सारा खेल हो चुका था। उसकी पत्नी का बच्चेदानी निकाल दिया गया। पीडित ने दयाल नर्सिंग होम के संचालक और व्यवस्था पर उंगली उठाते हुए कहा कि पांच छः घंटे का समय बर्बाद करने के बाद आधा घंटा के अंदर एक से एक समस्या को बताकर अपनी चौपट व्यवस्था को छिपाना चाह रहा था। जो की बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चौपट व्यवस्था को लेकर अशोक पंडित ने नर्सिंग होम में अपनी पत्नी के सही इलाज ना होने एवं चौपट व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। वहीं बाद में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देर रात मृतक के परिजनों एवं अस्पताल प्रबंधन के बीच हुई। वार्ता में दो लाख रुपये बतौर मुआवजा देने पर सहमति बनी है।

# बेरमो को नशा मुक्त करने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** प्रखंड परिसर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें खाद्यान्न उठाव एवं वितरण आदि की पंजी मिलान किया गया। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न उठाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ, बेरमो के साथ प्रदीप कु यादव, एजीएम नित्यानन्द महतो, गोदाम कम्प्यूटर ऑपरेटर रंजीत कुमार, पीडीएस विक्रेता नारायण शर्मा एवं गोदाम के मजदूर आदि उपरिथित थें। इसके अतिरिक्त प्रखण्ड कार्यालय से नशामुक्ति अभियान हेतु कैण्डल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च के दौरान सभी लोगों से आग्रह किया कि नशा मुक्ति अभियान में आप लोग सहयोग करें। ताकि प्रखंड को नशा मुक्त घोषित किया जा सके। जिसमें मिथिलेश कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक पुनय विक्रम खलको, महेश नायक, महमदूल हसन उत्तम दास सभी कर्मी ने कैंडल मार्च में भाग लिया।

## पेज एक का शेष

### आतंकी ठिकान कहीं ...

**आतंक के मददगारों पर हमला :** राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को फैलाने वाले देशों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक उपकरण की तरह इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। उन्होंने एससीओ से अपील की कि ऐसे दोहरे मापदंड रखने वाले देशों की आलोचना करने से परहेज नहीं किया जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने एससीओ के रिजनल एंटी-टेररिस्ट स्ट्रक्क (आरएटीएस) की सराहना करते हुए कहा कि यह कट्टरपंथ को रोकने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, भारत की अध्यक्षता में एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद ने एक संयुक्त बयान जारी किया था, जो आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ के खिलाफ हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**शांति, सुरक्षा, विस्वास का संकट :** रक्षा मंत्री ने क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में शांति, सुरक्षा और आपसी विश्वास की कमी को बताया। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में अस्थिरता का मुख्य कारण कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद का बढ़ना है। शांति और समृद्धि उन परिस्थितियों में मुमकिन नहीं, जहां आतंकवाद और सामूहिक विनाश के हथियार गैर-राज्य तत्वों या आतंकी संगठनों के पास हों। राजनाथ सिंह ने सभी सदस्य देशों से इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक और एकजुट कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सुरक्षा और भविष्य की रक्षा के लिए हमें एक साथ खड़े होना होगा और कट्टरपंथ, आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी।

# लोकतंत्र की रक्षा में संघ की बड़ी भूमिका

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर गडकरी बोले, युवाओं को जानना चाहिए इससे जुड़ा इतिहास

▸▸ इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए संविधान के मूल भाव को बदला, प्रेस, संसद और न्यायपालिका पर भी दबाव डाला था : गडकरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास हुआ था और उसकी रक्षा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं उससे प्रेरित संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को आपातकाल और इससे जुड़ा भयावह इतिहास जरूर जानना-समझना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री गडकरी आपातकाल की 50वीं बरसी पर डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान के मूल भाव को बदला, प्रेस, संसद और न्यायपालिका पर दबाव डाला था। उन्होंने बताया कि उस दौर में ऐसा भय का माहौल था कि लोग अपने अधिकारों के लिए भी आवाज नहीं उठा सकते थे। गडकरी ने बताया कि 1975 में वह मैट्रिक के छात्र थे और आपातकाल की सुबह अखबार नहीं छपे थे। उस दौर में हजारों निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। पुलिस की गोली से मारे गए व्यक्ति को भी न्याय मांगने का हक नहीं था।




उन्होंने जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार आंदोलन के केंद्र में था, जिसमें अनेक छात्र संगठनों और संघ से प्रेरित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय और सामाजिक कार्यकर्ता केएन गोविंदाचार्य जैसे नेताओं के योगदान को भी याद किया। गडकरी ने कहा कि रायबरेली चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया, तब उन्होंने इस्तीफा देने की बजाय देश पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारों के जरिए चाटुकारिता की पराकाष्ठा देखी गई। इस दौरान कांग्रेस ने भारतीय संविधान की जमकर धज्जियां उड़ाईं, जबकि आज उसी पार्टी के नेता दूसरों पर संविधान बदलने का आरोप लगाते हैं। गडकरी ने कहा कि आपातकाल का विरोध करने वालों में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस जैसे नेता थे, जिन्हें जेल में डाल दिया गया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं ने भूमिगत रहकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष हमें यह याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि लोगों की आस्था, संघर्ष और बलिदान से होती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस इतिहास को जानें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहें।

## स्पीड न्यूज

### प्रख्यात हास्य कवि पदमश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन



**रायपुर।** प्रख्यात हास्य कवि व पदमश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन गुरुवार को हो गया। डॉ. दुबे का उपचार एसीआई रायपुर में लंबे समय से इलाज चल रहा था। यह जानकारी उनके परिवार के करीबियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन की खबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित देशभर में शोक की लहर है। डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपने तीखे व्यंग्य के लिए देशभर में प्रसिद्ध थे। वे अपनी कविताओं से न केवल गुदगुदाते थे, बल्कि समाज की गहरी सच्चाइयों को भी उजागर करते थे। दुबे का जन्म 8 जनवरी, 1953 को छत्तीसगढ़ में दुर्ग के बेमेतरा में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं।

### सिंधु संधि पर रोक पर भारत अडिग : पाटिल

**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के भारत के रुख को दोहराते हुए गुरुवार को कहा कि यह निर्णय हमारे राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है और इससे लेकर जो फैसला भारत सरकार ने लिया है वो सही है। श्री पाटिल ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान के नेताओं की तरफ से जो धमकियां आ रही हैं वे निराधार हैं और उनसे कोई फर्क भारत को नहीं पड़ता है। उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है।

### इटावा में बस पलटी, दो की मौत, 25 घायल

**इटावा।** बिहार से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस गुरुवार को इटावा के सैफई क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक नेपाली महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले यात्रियों की शिनाख्त सईदा खातून निवासी नेपाल और मनोज कुमार निवासी दरभंगा, बिहार के रूप में हुई है।

### अलकनंदा में गिरा टेंपो ट्रैवलर, दो मरे

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गई। इस हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आठ घायलों को रेस्क्यू के बाद जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। दुर्घटना में 10 यात्री लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू कार्य जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि युद्ध स्तर पर राहत कार्य किया जा रहा है।

# सेना ही संभालती है पाकिस्तान में सरकार

शहबाज शरीफ के लिए एकमात्र विकल्प सेना से समझौता करना : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में शासन का हाइब्रिड मॉडल है, जिसमें सैन्य को काफी ताकत है। शुक्रवार को अरब न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में रक्षा मंत्री ने कहा कि शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को पाकिस्तान की सेना का समर्थन है। आसिफ ने कहा कि यह हाइब्रिड मॉडल है। आदर्श लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। मुझे लगता है कि हाइब्रिड व्यवस्था चमत्कार कर रही है। यह प्रणाली तब तक व्यावहारिक आवश्यकता है जब तक पाकिस्तान आर्थिक और शासन संबंधी समस्याओं से बाहर नहीं निकल जाता। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का हाइब्रिड मॉडल पिछली सदी के अंतिम दशक में अपना लिया गया होता जब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री थे, तो चीजें बेहतर होतीं। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि पीएमएल-एन और शहबाज के लिए, एकमात्र यथार्थवादी विकल्प सेना के साथ समझौता करना है। अब खुलकर सामने आ गया है कि पाकिस्तान में सत्ता का केंद्र कहां है और वास्तविक शक्तियों पर किसका नियंत्रण है।





**योगी से मिला अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का परिवार**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला, पिता शंभू दयाल शुक्ला एवं बहन शुचि मिश्रा और भतीजे वैश्विक मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की।

# अगले हफ्ते ईरान से बात करेंगे ट्रंप

ईरान परमाणु महत्वाकांक्षा को त्यागने को तैयार है : अमेरिका

एजेंसी

**हेग।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अगले हफ्ते ईरान से बातचीत करेंगे। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत का प्रारूप क्या होगा। उन्होंने कहा कि ईरान-इजराइल में युद्ध विराम के बाद स्थितियां अनुकूल बन रही हैं। ट्रंप ने बुधवार को हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान अपनी परमाणु महत्वाकांक्षा को त्यागने को तैयार है। इसलिए अब बातचीत करने में कोई हर्जा नहीं है। और यह भी ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है। अब दोनों देशों से बुरी खबरें नहीं आ रहीं। ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका ने ईरान के परमाणु सुविधा केंद्रों पर आक्रमण नहीं किया होता तो शायद वह समझौते के लिए तैयार नहीं होता। ट्रंप ने दोहराया कि हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस कर दिया है।



# मां जानकी के भव्य मंदिर निर्माण को बिहार सरकार ने बनाया ट्रस्ट

▸▸ मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष व विकास आयुक्त उपाध्यक्ष

अयोध्या की तर्ज पर पुनौरा धाम में बनेगा मंदिर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने सीतामढ़ी जिले में देवी सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम में मां जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण और पुनर्विकास के लिए गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक ट्रस्ट का गठन किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर की तर्ज पर पुनौरा धाम में भी भव्य मंदिर बनाया जाएगा। विधि विभाग द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में श्री जानकी जन्म भूमि पुनौरा धाम मंदिर न्यास समितिह नामक ट्रस्ट का गठन किया गया है। यह ट्रस्ट तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। राज्य के मुख्य सचिव ट्रस्ट के अध्यक्ष होंगे, जबकि विकास आयुक्त उपाध्यक्ष होंगे तथा सीतामढ़ी के जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) क्रमशः सचिव और कोषाध्यक्ष होंगे। इसके अलावा ट्रस्ट के पांच अन्य सदस्य होंगे, जिनमें पुनौरा धाम के महंथ, मठ, पर्यटन, पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास तीनों विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव सदस्य होंगे तथा तिरहुत प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त भी सदस्य होंगे। ट्रस्ट के बैंक खाते का संचालन सचिव और कोषाध्यक्ष करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले रविवार ( को जानकी मंदिर के अंतिम डिजाइन का अनावरण किया था। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए सीएम ने कहा था कि मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि पुनौरा धाम, सीतामढ़ी के समग्र विकास के लिए डिजाइन जिसमें भव्य मंदिर और अन्य संरचनाओं का निर्माण शामिल है, अब पूरा हो गया है, जिसे मैं आपके साथ साझा कर रहा हूं।



### छत्तीसगढ़ में छह लाख की ईनामी दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 2 महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। शव के साथ मौके से एक इंसास राइफल, 8 राउंड और एक मैगजीन, एक देशी निर्मित .315 बोर राइफल, 4 राउंड, .303 रायफल के 15 राउंड सहित विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले अन्य नक्सली कैडरों का पता लगाने के लिए आस-पास के जंगलों में तलाशी अभियान जारी है। नारायणपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सीमा 5 लाख की इनामी, ग्राम जगरगुंडा, जिला सुकमा एवं दूसरी लिंगे उर्फ.रांझू, पार्टी मेंबर , कुटुल एलओएस, इनामी एक लाख, निवासी ग्राम कायेडूराड, जगरगुंडा, जिला सुकमा के रूप में शिनाख्त की गई है।

# त्योहार में प्रवासी बिहारियों के लिए चलेंगी 299 बसें

▸▸ छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में लोग दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बंगाल से घर आते हैं : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन में तीन गुणा बढ़ोतरी के बाद सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहारवासियों को एक और सौगात दी है। सरकार ने पर्व-त्योहारों के दौरान घर लौटने वाले प्रवासी बिहारियों की सुविधा के लिए 299 बस चलाने का निर्णय किया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा है कि बिहार के लोग विभिन्न पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से घर आते हैं। पर्व-त्योहारों के अवसर पर बिहार आने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बिहार आने वाले लोगों की यात्रा को सुगम बनाने तथा उनकी सहूलियत के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर राज्य सरकार 299 एसी एवं नॉन एसी बसों का परिचालन कराने जा रही है। सीएम ने लिखा कि राज्य सरकार 75 वातानुकूलित और 74 डीलक्स बसों की खरीद पर 105.82 करोड़ रुपये खर्च करेगी। साथ ही लोक निजी भागीदारी के अंतर्गत भी 150 अतिरिक्त एसी बसों का परिचालन कराया जाएगा। राज्य सरकार छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर केंद्र सरकार से भी और अधिक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करेगी।



### तेज प्रताप लगायेंगे जनता दरबार

**पटना।** परिवार और पार्टी के लिए समस्या बन चुके तेज प्रताप यादव जनता दरबार लगायेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर की। उन्होंने कहा कि आपके बीच, आपकी आवाज बनने के लिए तत्पर हैं। आइए साथ मिलकर रचें बिहार का नया अध्याय। 30 जून से 26 एम स्ट्रेड रोड पर समस्या सुनेंगे।अभी तक जनता दरबार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगाते रहे हैं। तेज प्रताप का जनता दरबार अगर आयोजित होता है तो बिहार में सत्ता से इतर यह पहला प्रयोग होगा। इंटरनेट मीडिया पर तेज प्रताप की गतिविधियों का आकलन कर रहे राजीव कुमार का कहना है कि उनके पोस्ट लगभग नियमित हैं, लेकिन उनमें कोई स्थिरता नहीं। वे वस्तुतः अफरा-तफरी की स्थिति में निर्णय ले रहे और उसकी सार्वजनिक घोषणा भी कर रहे। पिछले दिनों ऐसी ही एक घोषणा ने लालू परिवार की किरकिरी कराई थी। तब तेज प्रताप ने एक्स पर अपने 12 वर्ष पुराने रिलेशनशिप को सार्वजनिक किया था। उसके बाद लालू ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

# नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1000 और निफ्टी 304 अंक उछला

▸▸ सेंसेक्स 1.21 प्रतिशत छलांग लगाकर 83,756 और निफ्टी 1.21 फीसदी तेजी के साथ 25,549 अंक पर पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83,755.87 अंक पर पहुंचा। निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप



0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई।

### निवेशकों को 3.44 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 457.45 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को मार्केट कैपिटलाइजेशन 454.01 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 3.44 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स

मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.62, बजाज फाइनेंस 2.50, भारती एयरटेल 2.48, अदानी पोर्ट्स 2.46, इटरनल 2.45, एचडीएफसी बैंक 2.16, बजाज फिनसर्व 2.09, एनटीपीसी 1.92, रिलायंस 1.90, अल्ट्रासिमको 1.80, एक्सिस बैंक 1.78, टाटा मोटर्स 1.28, एलटी 1.17, टाइटन 1.14, बीईएल 1.06, आईसीआईसीआई बैंक 1.03, पावरग्रिड 1.02, आईटीसी 0.96, कोटक बैंक 0.48, एशियन पेंट 0.31 और एचसीएल टेक 0.17 प्रतिशत शामिल रही।

ट्रेंट 0.40, एसबीआई 0.39, टेक महिंद्रा 0.39, मारुति 0.36, टीसीएस 0.12, सन फार्मा 0.07 और इंफोसिस के शेयर 0.03 प्रतिशत नुकसान में रहे।